आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:19 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

वर्ष 3, अंक 66, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



स्थिर नहीं है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान 16

भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन 15

## एक नजर

### संपत्तियों के ध्वस्तीकरण मामले में नई याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को देश के विभिन्न राज्यों में संपत्तियों के कथित ध्वस्तीकरण से संबंधित किसी नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं थी, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि उसने हाल में उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है, जिसमें यह दलील दी गई है कि कई राज्यों में अपराध के आरोपी व्यक्तियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। पीठ ने कहा इस पर पहले ही फैसला हो चुका है।

### उद्धव अस्पताल में भर्ती एंजियोग्राफी की संभावना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को जांच के लिए यहां रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाकरे को हृदय रोग है और उनकी हृदय धमनियों में रुकावटों की पहचान के लिए परीक्षण किए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ठाकरे की एंजियोग्राफी होने की संभावना है।

### इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरौली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुताबिक वरुण राजा मुचाकी उर्फ उंगा (27) एवं रोशनी विजया वाचामी (24) ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें कहा गया कि उंगा भामरागढ़ एल ओ एस का कमांडर था, और वाचामी भामरागढ़ एल ओ एस की सदस्य थी। पुलिस के अनुसार, उंगा के नाम पर 15 अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 10 मुठभेड़ के हैं और उस पर आठ लाख रुपये का इनाम है। वाचामी के नाम पर 23 मामले दर्ज हैं, जिनमें 13 मुठभेड़ के हैं और उस पर दो लाख रुपये का इनाम है। पुलिस ने बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति के अनुसार दम्पती को 11.5 लाख रुपये मिलेंगे।

# बहराइच हिंसा: दुकानों-अस्पताल में आगजनी

## पुलिस ने किया लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग, आंसू गैस के गोले दागे, पूरे जिले में बंद की गईं इंटरनेट सेवाएं

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व गृह सचिव ने संभाला मोर्चा, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी भेजी

**अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल में युवक रामगोपाल मिश्रा की हत्या के बाद सोमवार सुबह एकबार फिर बहराइच में हिंसा भड़क उठी। लाठी-डंडों से लैस लोगों ने तोड़फोड़ करते हुए बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी। पीएसी के साथ डीएम, एसपी और छह जिलों के पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर तक बवाल होता रहा।

हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए हवाई फायरिंग की, कई बार आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इस दौरान 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी मुख्यालय से चार वरिष्ठ आईपीएस, दो एएसपी, छह डिप्टी एसपी, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई। बहराइच के महसी तहसील स्थित महराजगंज कस्बे में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई थी। इससे विसर्जन यात्रा में शामिल रामगोपाल मिश्रा (22) को दूसरे संप्रदाय के लोगों ने घर में खींच कर रॉड से पिटाई की। चाकू और फिर कनपटी पर असलहा सटाकर गोली मार दी। उसे बचाने गए राजन समेत 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे पोस्टमार्टम के बाद रामगोपाल का शव घर पहुंचा तो भीड़ शव लेकर महसी तहसील पहुंची और सड़क जामकर प्रदर्शन करने लगी। करीब दो हजार लोग कस्बे और कबड़ियनपुरवा में घुस गए और तोड़फोड़ करने लगे। बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी गई।



घटना के बाद रेहुवा गांव में भीड़ जमा हो गई, शव के आने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

**मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले का गंभीरता से लिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर नाराजगी जताई। वहीं, पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन से तलब की है।

**दो घंटे तक फोर्स के साथ किया मार्च :** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह महाराजगंज बाजार पहुंचे। पूरे क्षेत्र में दो घंटे बिताने के बाद वह रमपुरवा के लिए रवाना हुए। वहां से जिला मुख्यालय जाएंगे।

### 30 उपद्रवी हिरासत में

रविवार शाम से शुरू हुए हिंसा में अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली व अन्य अज्ञात पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कप्तान का कहना है कि 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। वीडियो फुटेज से पहचान की जा रही है।



### पिस्टल लेकर सड़क पर उतरे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

हिंसा बेकाबू होता देख मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता को मौके पर भेजा गया। दोपहर में महसी के रमपुरवा चौकी पर भीड़ ने एडीजी के सामने ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग की तो उपद्रवी भागे।

### बिना असलहा मिले एसपी, मिली फटकार

हिंसा के दौरान एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी मौके पर मौजूद थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने देखा कि उनके पास असलहा नहीं है। इस पर उन्होंने सबके सामने उन्हें फटकार लगाई। कहा, इतनी बड़ी वारदात के दौरान बिना असलहे के पहुंचे, इस तरह का रवैया ठीक नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- इंडिगो की दो और एयर इंडिया की एक उड़ान को धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई से उड़ान भरने वाली वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया। अधिकारियों के अनुसार एअर इंडिया की उड़ान के अलावा इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाली दो उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमानों को उड़ान भरने से पहले ही धमकियां मिल गईं और संबंधित विमानों को सोमवार सुबह सुरक्षा जांच के लिए अलग स्थान पर ले जाया गया।

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा 14 अक्टूबर को मुंबई से जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान संख्या एआई-119 को विशेष सुरक्षा चेतावनी मिली और सरकार की सुरक्षा नियामक समिति के निर्देश पर विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली भेज दिया गया।

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब, पटाखों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्री ने कहा- 1 जनवरी 2025 तक लागू रहेंगे आदेश

दिल्ली सरकार ने यहां सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पटाखों से हवा की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेफार्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा। हाल के वर्षों में सर्दियों में दिल्ली को अत्यधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ा है।

### सख्ती से लागू करें प्रतिबंध

दिल्ली पुलिस को पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को सौंपनी होगी। यह पहल दिल्ली में वायु गुणवत्ता को सुधारने की दीर्घकालिक अवधि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## चिराग पासवान को दी जाएगी जेड श्रेणी की सुरक्षा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री एवं हाजीपुर से सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान का सुरक्षा कवर बढ़ाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने पासवान को जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब पासवान की सुरक्षा में 33 सुरक्षा कर्मी तैनात होंगे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 33 जवान 24 घंटे उनकी सुरक्षा में रहेंगे।

## डंपर-ट्राला के बीच पिस गई कार, पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार बीटेक छात्र-छात्राओं और कार चालक की जान गई
- पनकी थानाक्षेत्र में भौंती पुल ढाल पर कॉलेज जाते वक्त हुआ दर्दनाक हादसा

**अमृत विचार।** कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर भौंती पुल की ढाल के पास सोमवार सुबह 8.47 बजे एक खड़े डंपर में पीछे से ऑल्टो कार घुस गई। कार के पीछे आ रहा सरिया लदा ट्राला भी कार से टकरा गया। जिससे कार डंपर और ट्राला के बीच में फंसकर पिस गई। इससे कार सवार पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं और कार चालक की मौत हो गई। ट्रक चालक और डंपर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

हादसे के बाद हाईवे पर करीब 20 किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कार की बॉडी काट-काटकर शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मृतकों के घर कोहराम मचा है। पुलिस ने बताया कि चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां निवासी 54 वर्षीय विजय साहू प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) के छात्र-छात्राओं को कॉलेज लाने और ले जाने का काम करते थे। सोमवार सुबह 8 बजे वह केडीए कालोनी सनिगवां रोड निवासी उदय भारती इंटर कॉलेज के संचालक राजेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह (बीटेक फोर्थ ईयर), सनिगवां के चंद्रनगर निवासी सीआरपीएफ में एसआई रमेश चंद्र के 21 वर्षीय पुत्र सतीश सिंह (बीटेक थर्ड ईयर), सनिगवां रोड निवासी फार्मासिस्ट शिवशंकर पटेल की 18 वर्षीय पुत्री आयुषी पटेल (बीटेक फर्स्ट ईयर) और सनिगवां के चंद्र नगर निवासी टीएसआई भरत कुमार त्रिपाठी की 21 वर्षीय पुत्री गरिमा त्रिपाठी (बीटेक सेकेंड ईयर) को कार से कॉलेज छोड़ने जा रहा था।



क्षतिग्रस्त वाहन।

> हादसे में दो छात्र, दो छात्राओं और कार चालक की मौत हुई है। डंपर और ट्राला चालक फरार हैं। मृतकों के परिजनों से तहरीर मांगी गई है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दोनों चालकों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।
>
> – **राजेश कुमार सिंह**, डीसीपी पश्चिम

## कनाडा से उच्चायुक्त और राजनयिकों को बुलाया

नई दिल्ली, एजेंसी

**निज्जर मामला**

- हत्या में भारतीय अधिकारियों को जांच में किया था शामिल
- भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर जताई आपत्ति

भारत ने सोमवार को कनाडा से अपने उच्चायुक्त और निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से इन अधिकारियों को जोड़ने के कनाडा के प्रयासों के जवाब में भारत ने यह कार्रवाई की है।

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रभारी राजदूत को तलब करने के कुछ ही देर बाद फैसले की घोषणा की। उसने कहा कनाडा के प्रभारी राजदूत को सोमवार शाम सचिव (पूर्व) ने तलब किया। उन्हें सूचित किया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा इस बात पर जोर दिया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

## जौहर विवि की भूमि लीज रद करने के खिलाफ याचिका रद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सपा नेता आजम खान की अध्यक्षता वाले न्यास द्वारा संचालित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि लीज रद करने को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि लीज रद्द किये जाने के खिलाफ मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की याचिका खारिज कर दी थी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : शूटर की तलाश में उज्जैन और खंडवा में छापे

भोपाल, एजेंसी

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में तलाश सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

सिद्दीकी की हत्या के एक दिन बाद मुंबई पुलिस की एक टीम रविवार को मध्य प्रदेश पहुंची। यह टीम फरार शूटर शिव कुमार गौतम का पता लगाने के लिए मध्य प्रदेश में है। बाबा सिद्दिकी हत्याकांड में पुलिस ने अब तक तीन संदिग्धों-हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) और पुणे निवासी सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध हैंडलर मोहम्मद जिशान अख्तर भी मामले में वांछित है। उज्जैन और खंडवा प्रसिद्ध महाकाल और ओंकारेश्वर मंदिरों के लिए प्रसिद्ध हैं, जहां हर दिन हजारों श्रद्धालु आते हैं।

### बहराइच के फरार संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर लिखा, यार तेरा गैंगस्टर है जानी

**लखनऊ।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में उत्तर प्रदेश के फरार संदिग्ध शिव कुमार गौतम ने शान दिखाने के मकसद से खुद को गैंगस्टर बताते हुए सोशल मीडिया पर हाल में ही पोस्ट करना शुरू किया था। गौतम ने 24 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा था, यार तेरा गैंगस्टर है जानी। फोटो में दिख रहा है कि वह मोटरसाइकिल पर सवार है। पोस्ट के बैकग्राउंड में एक हरियाणवी गाना बज रहा है। गौतम उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के गंडारा गांव का रहने वाला है। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कहा कि गांव में उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह महाराष्ट्र के पुणे शहर में कबाड़ की एक दुकान पर काम करता है। 8 जुलाई को गौतम ने एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, शरीफ बाप है... हम नहीं।

## विधायक को थप्पड़ मारने वाले भाजपा से निष्कासित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह समेत चार लोगों पर था आरोप

**अमृत विचारः** विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारे जाने के मामले में भाजपा प्रदेश संगठन ने सोमवार को भाजपा नेता अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत चारों लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया।

बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक डेलीगेट के चुनाव के दौरान पर्चा छीने जाने को लेकर बैंक की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेत्री पुष्पा सिंह के पति भाजपा नेता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह की सदर विधायक योगेश वर्मा से तीखी तकरार हो गई थी। गुस्साये अवधेश सिंह ने सदर कोतवाल अंबर सिंह के सामने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया और उनके समर्थकों ने मारपीट की थी। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 10 अक्टूबर को प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव व ज्योति शुक्ला को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा था। सोमवार को प्रदेश संगठन ने चारों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने चारों लोगों के पार्टी से निष्कासन की पुष्टि की है।

## छात्रा से गैंगरेप, मृत समझकर फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- खेत में खून से लथपथ मिली किशोरी, दुपट्टे से बंधे मिले हाथ-पैर
- चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, आरोपियों की धरपकड़ के लिए 3 टीमें गठित

**अमृत विचार :** चिनहट में सोमवार तड़के 8वीं की छात्रा से आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों ने उसी के दुपट्टे से हाथ-पैर बांध कर गला कस दिया। आरोपी पीड़िता को मृत समझकर खेत में फेंककर आरोपी भाग निकले। घर न पहुंचने पर भाई तलाश करते हुए खेत पर पहुंचा, जहां बहन की हालत देख वह चौक गया। साथियों की मदद से किसी तरह उसके हाथ-पैर खोले और गोद में उठाकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं।

थाना क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीया किशोरी कक्षा 8 की छात्रा है। बहन ने बताया कि मायके से कुछ दूरी पर वह रहती है। सुबह करीब 3:30 बजे पीड़िता उसके पास पहुंची और नित्यक्रिया जाने की बात कहकर घर से निकल गई। करीब 7 बजे तक वापस नहीं लौटी तो घर के सभी लोगों ने तलाश शुरू की। तभी गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें जानकारी दी कि खेत में बेसुध हालत में वह पड़ी है। खबर मिलते ही भाई भागकर खेत पर पहुंचा, देखा तो बहन के हाथ-पैर बंधे हैं और गले में दुपट्टा कसा है। कपड़ों पर खून के निशान थे। इस पर भाई उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचा। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंची। परिजन ने गांव के तीन लोगों पर आरोप लगाया है। डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि सर्विलांस समेत अन्य टीम की मदद ली जा रही है। जिन पर आरोप है, उनके खिलाफ तथ्य तलाशे जा रहे हैं। ताकि सही कार्रवाई की जा सके।

## तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार

- राष्ट्रो के बीच समृद्धि में अंतर पर किया रिसर्च

**स्टॉकहोम।** राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल दिया गया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। कानून के खराब शासन वाले समाज और आबादी का शोषण करने वाली संस्थाएं वृद्धि या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं। ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं और रॉबिन्सन शिकॉगो विवि में शोध करते हैं।

## अब बिल्डर नहीं वसूल सकेंगे मनमाना बिजली बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा
- नहीं सुधार हुआ तो कट जाएगा सिंगल प्वांइट कनेक्शन

**अमृत विचार।** आवासीय भवनों में मनमाने ढंग से बिजली बिल वसूलने पर संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी अगर बिल्डर की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो सिंगल प्वांइट पर दिया गया बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और आवासीय उपभोक्ता अपने नाम से कनेक्शन ले सकेंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ आदेश में बिजली निगमों को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश के तहत सिंगल पॉइंट कनेक्शन में पहली बार गलती पाये जाने पर बिल्डर पर पांच हजार जुर्माना, दूसरी गलती पर 10 हजार व तीसरी बार गलती पर 15 हजार जुर्माना लगाया जाएगा। आयोग के निर्देश के तहत बिजली कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल बनाएंगी, जिसमें बिल्डर को सभी उपभोक्ताओं का बिजली बिल संबंधी डाटा प्रदर्शित करना होगा। सभी बिल्डरों को अपना ऑडिटेड अकाउंट भी रखना होगा। इस बीच, सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उपभोक्ता हित में बिजली दर तय करने के लिए आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि नियामक आयोग को शिकायतें मिल रहरी थीं कि कुछ बिल्डर सिंगल प्वांइट कनेक्शन लेकर आवासीय उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूल कर रहे हैं। निर्धारित फिक्स चार्ज 110 रुपये व एनर्जी चार्ज सात रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा वसूली की जा रही है।

### आवासीय समिति मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर नहीं काट सकतीं कनेक्शन

नियामक आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि कोई भी बिल्डर या आवासीय वेलफेयर समिति फ्रेंचाइजी के रूप में काम करेगी। वह मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर किसी भी उपभोक्ता का बिजली का कनेक्शन नहीं काट सकेंगी। ऐसे बिल्डर या फ्रेंचाइजी आवासीय समिति जनरेटर व डीजी सेट होने पर इसका अलग से बिजली बिल उपभोक्ताओं से वसूल सकेंगी। उपभोक्ताओं को मेंटेनेंस चार्ज का भी बिल अलग से अदा करना होगा।

# हैदरगंज पहुंचा जंगली जानवर , छह लोगों किया घायल

## मिल्कीपुर में 12 दिन से कांबिंग करती रही वन विभाग की टीम, 35 किमी दूर तक पहुंच गया आतंक

हैदरगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** जंगली जानवर को दबोचने के लिए वन विभाग की टीम 12 दिन से कांबिंग करती रही। जंगली जानवर अब हैरिंग्टनगंज से 35 किमी दूर हैदरगंज इलाके में पहुंच गया है। यहां पहुंचे जंगली जानवर ने रविवार रात थाना क्षेत्र के करीब चार ग्राम पंचायत में 6 किलोमीटर दूरी तय करते हुए आधा दर्जन से अधिक मजरों में छह लोगों को अपना शिकार बनाया है। सभी घायलों ने अपना इलाज सीएससी रमवाकला एवं सुल्तानपुर जिला अस्पताल और अयोध्या जिला अस्पताल में करवाया है। इसे लेकर अब हैदरगंज इलाके में जंगली जानवर की दहशत फैल गई है। वन विभाग की टीम हिंसक जानवर के खोजबीन में जुट गई है।



घायल सचिन।



घायल शिव सिंह।



घायल मेवालाल यादव।



घायल अनीता।

थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर प्रताप पूरे मनोहर गांव में रविवार शाम को सात बजे हिंसक जानवर ने 62 वर्षीय शोभावती पत्नी रामचंद्र दूबे को जांघ और हाथ में काट घायल कर दिया। उसके बाद अनीता यादव पत्नी संजय यादव के पैर में काट लिया। ग्रामीणों के खदेड़ने पर हिंसक जानवर द्वार पर बैठी गुड़िया पुत्री कृष्ण कुमार पांडे को काटना चाहा, लेकिन उनकी साड़ी उसके मुंह में आने से वह बच गई। इसके बाद दूसरे ग्राम पंचायत पचगवां मजरे डडंवा गांव के 60 वर्षीय मेवालाल यादव के पैर में काट लिया। करीब एक किलोमीटर दूर पहुंच कर राजकुमारी के हाथ में काटा। इसके अलावा शिव सिंह पुत्र राम अभिलेख के पैर में तथा उसी गांव के ही शौच से लौट कर घर वापस आ रहे 28 वर्षीय सचिन यादव पुत्र राम जी यादव के पैर में काटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों के दौड़ाने के बाद वह लगभग 2 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बेला रामबाग मजरे दामोदरपुर में बलदेव की पत्नी के हाथ में काट लिया। उसके बाद इसी गांव में 38 वर्षीय मंसाराम यादव पुत्र रामभगन के हाथ में काटकर उन्हें घायल कर दिया। जब ग्रामीणों ने यहां से दौड़ाया तो श्रीपाल पुत्र खोनही पर हमला कर दिया। घायलों ने बताया कि हिंसक जानवर लंबा था और उसका मुंह भी बड़ा था। वन दरोगा रजनीश कुमार तिवारी ने बताया कि जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पहरा और पिंजड़ा लगाने के साथ कांबिंग की जा रही है। संभवता पागल सियार है जो एक दूसरे को काटते हुए गांव से पूरब दिशा की तरफ जा रहा है।



मिल्कीपुर के प्रभावित इलाके रेवारी में गश्त करती वन विभाग की टीम।

### 12 दिनों से गश्त कर रहीं टीमें, हाथ नहीं लगा जंगली जानवर

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर व बीकापुर की तहसीलों में जंगली जानवर का खौफ बरकरार है। पिछले 12 दिनों से आदमखोर जंगली जानवर को वन विभाग की चार टीम सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद भी नहीं ढूंढ पाई है। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि वन विभाग की टीमें में लगातार गश्त कर रही हैं। सर्च ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक कहीं भी किसी हिंसक जानवर का ठिकाना नहीं मिल पाया है। मिल्कीपुर तहसील के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में पिछले पखवाड़े से ही जंगली जानवर का खौफ बना हुआ है। लगभग 12 दिन पूर्व अचानक रात में जगह-जगह भेड़िया आने की गुहार मचने लगी, उसी रात अगल-बगल के आधे दर्जन गांवों में हिंसक जानवर ने तकरीबन 15 से अधिक लोगों पर हमला करके घायल कर दिया था। उसके बाद कई पालतू जानवरों को भी अपना निशाना बनाया। गणेशपुर में हिंसक जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया गया लेकिन अभी तक कोई भी जानवर नहीं फंसा है। ग्राम हरीरामपुर के राकेश कुमार ने बताया कि शाम होते ही घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर दिए जाते हैं। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के बगल ही बीकापुर के असकरनपुर गांव में दो दिन पहले सात साल के बच्चे को भी हिंसक जानवर ने जख्मी कर चुका है। फॉरेस्टर सुनील कुमार दुबे ने बताया कि हम लोग दिन रात गश्त कर रहे हैं। अभी तक किसी हिंसक जानवर का सुराग नहीं लगा है।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से अधेड़ घायल, मुकदमा दर्ज

**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र में रामपथ पर रविवार की रात एक बाइक ने अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल अधेड़ के बेटे नगर कोतवाली के साहबगंज निवासी सनी सिद्दीकी का कहना है कि रोज की तरह उनके पिता मो. तौसीफ (45) पुत्र मो. शकील निवासी साहबगंज मां और बहन के साथ खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए शिकायत पुलिस को दी है।

### सुरक्षा गार्ड को स्टूल से हमलाकर किया घायल

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के उसरू मोहल्ले में रविवार की रात एक सुरक्षा गार्ड को दो युवकों ने स्टूल से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डॉ. धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि घायल लालजी गुप्ता (36) पुत्र रूपचंद निवासी टिकैतनगर थाना टिकैतनगर जिला बाराबंकी उनके घर पर सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात था। देर रात दो युवक आए और किसी तरुण नामक युवक के बारे में पूछा, उसने जानकारी न होने की बात कहीं तो युवकों ने स्टूल से सिर पर वार कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया।

# परिवारवाद और जमींदारी को बढ़ाने वाले लोगों की जमात है इंडी गठबंधन : विजय कुमार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** धार्मिक यात्रा पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा अयोध्या पहुंचे। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न किया, जिसके बाद हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सनातन की संतानों का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल अयोध्या है जहां विराजमान श्रीराम सभी के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री के द्वारा नए मंदिर का उद्घाटन किया गया और आज पूरे भारत के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। इसलिए इस धरती को नमन करने और मर्यादा का जो अध्याय शुरू हुआ है वह आगे बढ़े यही कामना के लिए रामलला के दरबार में आए हैं। हरियाणा में भाजपा की जीत पर कहा कि यह जीत हनुमान जी के आशीर्वाद से संभव हुई है।



हनुमान गढ़ी में दर्शन-पूजन करते बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा।

वहीं विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब ऐसे विचारधारा के लोग कमजोर पड़ रहे हैं क्योंकि अब उनके समापन का समय आ चुका है। विधानसभा का चुनाव अपने समय पर होगा।

वहीं इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह इंडी गठबंधन के लोग परिवारवाद और जमीदारी को बढ़ाने वाले लोगों की जमात हैं। यह जनता की गाढी कमाई को लूटकर भ्रष्टाचार की अकूत संपत्ति को बचाने के लिए गठबंधन को तैयार किया है, लेकिन भाजपा के हनुमान से इंडी गठबंधन डर गया है, उसकी लंका जलना तय है कोई रोक नहीं पाएगा। बिहार को लेकर कहा कि मर्यादा संस्कृति, संस्कार और विरासत देश के महान सम्मान और स्वाभिमान को बढ़ाता है जिसकी शुरुआत अब बिहार में होगी।

## धर्मांतरण के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**मसौधा अयोध्या। अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के सिड़िहिर नरसिंहपुर मजरे मझौलिया गांव में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ईसाई धर्म से जुड़े तमाम प्रचार प्रसार सामग्री, पुस्तकों सहित ढोल मंजीरा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी पूरा कलंदर देवेंद्र सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सिड़िहिर नरसिंहपुर मजरे मझौलिया गांव के निकट तालाब के पास से जूनियर निवासी ग्राम पूरे बसावन खां थाना जगदीशपुर अमेठी, रामयश निवासी ग्राम मझौलिया सिडहिर नरसिंहपुर थाना पूरा कलंदर और एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ईसाई धर्म से संबंधित दर्जनों पुस्तकें और ईसाई ग्रंथ,प्रचार प्रसार से सम्बन्धित पुस्तकें व मोबाइल फोन सहित अन्य कई वस्तुएं बरामद की गई हैं।

▶▶ **पुस्तकों समेत कई सामग्रियां हुईं बरामद**

# जातीय मंदिरों को भी बनाया जाएगा दीपोत्सव का हिस्सा

अयोध्या कार्यालय

▶▶ **ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने जातीय मंदिरों के संतों के साथ की बैठक**

**अमृत विचार:** दीपोत्सव में इस बार 37 जातीय मंदिर भी रोशन होंगे। मंदिरों के व्यवस्थापकों व स्वामियों के साथ सोमवार को कारसेवकपुरम में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बैठक की। बताया गया कि जातीय मंदिर को हर बार दीपोत्सव का हिस्सा नहीं बनाया जाता था। साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में भी साधु-संतों की जो सूची बनती थी उसमें से जातीय मंदिर नदारद रहते थे। चंपत राय ने बताया कि इस बार दीपोत्सव में अन्य मठ-मंदिरों की तरह ही जातीय मंदिरों में भी रूई, तेल, बाती व दीये की व्यवस्था कराई जाएगी।



चंपत राय
ट्रस्ट महासचिव

बैठक में अचानक प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही भी पहुंचे और जातीय मंदिरों के महंतों व व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। बैठक में महंत वैदेही बल्लभ शरण, महंत जयराम दास, महंत सीताराम दास, राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, गजेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। इसके पूर्व विभिन्न जतीय मंदिरों के संत महंतों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मुलाक़ात कर अयोध्या के विकास की धारा में जोड़ने के लिए आश्वासन दिया था। महंत वैदेही बल्लभ शरण ने बताया कि सभी समाज के संतों के सम्मान के लिए बुलाया गया था। कहा कि हर वर्ष अलग अलग संतों के साथ संघ और राम मंदिर मुलकात करता है। इसलिए यह एक औपचारिक मुलाक़ात थी।

## विदेशी श्रद्धालु को फर्जी शयन आरती पास मामले में अब दर्ज हुई रिपोर्ट

**अयोध्या,अमृत विचार :** एक सप्ताह पूर्व विदेशी श्रद्धालु को रकम लेकर फर्जी शयन आरती पास उपलब्ध कराए जाने के मामले में पुलिस ने अब रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई है। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के शहर ऑकलैंड से अपनी बेटी के साथ 7 अक्टूबर को राम जन्मभूमि में दर्शन करने आए एक दंपत्ति को प्रति व्यक्ति 1200 रुपये लेकर शयन आरती का पास उपलब्ध कराया था। जांच में पास फर्जी मिला था। उस समय दंपति ने बताया था कि वह लखनऊ-गोरखपुर हाइवे स्थित एक नामी होटल में रुके हैं और वहां पर उन्होंने होटल के एक कर्मी से रामलला की शयन आरती देखने की इच्छा को प्रकट की थी। जिसके बाद एक व्यक्ति ने 1200 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से भुगतान करने पर पास बनवा देने का दावा किया था। जिसके बाद उन्होंने पत्नी, बेटी व चालक के शयन आरती पास के लिए 4800 रुपए देकर यह पास हासिल किया था। मामला विदेशी श्रद्धालु से जुदा होने के चलते भीतरखाने हलचल मच गई थी, लेकिन कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी गई थी। क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष तिवारी ने ट्रस्ट की ओर से शिकायत मिलने के बाद आरजेबी पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




# विपक्ष के झूठ का हो गया भंडाफोड़ : संजय राय

अयोध्या कार्यालय

▶▶ **भाजपा की सक्रिय सदस्यता कार्यशाला में बोले प्रदेश महामंत्री**

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि विपक्ष के झूठ का भंडाफोड़ हो गया। संविधान और आरक्षण को लेकर फैलाया गया भ्रम अब जनता जान चुकी है। हरियाणा का चुनाव परिणाम इसका उदाहरण है। वह सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

बताया कि पचास की संख्या में सामान्य सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। उन्हें नमो एप पर सौ रुपये की रसीद के साथ दूसरी कार्रवाई पूरी करनी होगी। उन्होंने सदस्यता के बारे में जानकारी देने के साथ ही समीक्षा की। साथ राजनीतिक रूप से मौजूद कार्यकर्ताओं को वैचारिकरूप से मजबूत करने की कोशिश की। कहा कि जम्मू कश्मीर में भाजपा को 25 फीसदी वोट ज्यादा मिले। यह पहले से कहीं ज्यादा है। हरियाणा में तीसरी बार सरकार बनी।दो बार सरकार रहने के बाद भी भाजपा को ज्यादा सीटें मिली। साफ है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता अब भी बरकार है। भाजपा के प्रति लोगों में विश्वास है।

बैठक में एमएलसी अवनीश पटेल, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सदस्यता सत्यापन अधिकारी ओम मिश्र, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, महामंत्री राघवेंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रत्याशी तय करना हाईकमान का काम: पटेल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्य नारायण पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग यहां काम कर रहे हैं। प्रत्याशी तय करना पार्टी हाईकमान का काम है। वह यहां मिल्कीपुर में प्रस्तावित संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर सवाल उठाए। कहा कि भाजपा सरकार सभी मामलों पर विफल हुई है।

प्रस्तावित सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक और पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान बचाने की बात की है। संविधान को सुरक्षित रखना और उसका पालन करना कांग्रेस पार्टी का धर्म है। उन्होंने बैठक में प्रस्तावित सम्मेलन में आने वाले लोगों की संख्या, अब तक की गई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन से सपा प्रत्याशी घोषित होने किए जाने पर कहा कि कांग्रेस काम कर रही है, निर्णय लेना हाई कमान का कार्य होता है। कांग्रेस का बूथ से लेकर सेक्टर और जोन के साथ ही दूसरे पदाधिकारी जुटे हुए हैं। बहराइच के बवाल को लेकर कहा कि दंगा होना जिला प्रशासन व सरकार की असफलता है। सभी मामलों पर देश व प्रदेश की सरकार फेल हो चुकी है। राजधर्म का मतलब यह है कि हमारी प्रजा स्वतंत्र रहे, आनंदित रहे, संविधान और कानून का पालन हो। यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी होती है। कानून और नियम की परिधि में जो आए उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 16 अक्टूबर को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन का आयोजन करेगी। बैठक में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, प्रदेश महामंत्री मनौज गौतम, जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, राजेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य लोग थे।



पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्य नारायण पटेल।

▶▶ **सम्मेलन की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव**

## चोरों ने पार किए आभूषण व नकदी

**तारुन, अयोध्या।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऊँचगांव में बीती रात घर के पीछे से नकब लगाकर अज्ञात चोर दस हजार रुपये नकदी सहित लाखों रुपये के कीमती सोने चांदी के आभूषण उठा ले गये। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। थाना क्षेत्र के ऊँचगाव निवासी पीड़ित जितेन्द्र यादव ने बताया कि उनके पक्के मकान के पीछे की दीवाल में रविवार की रात में नकब लगाकर अज्ञात चोर बॉक्स व अलमारी में रखा दस हजार रुपये नकदी, सोने चांदी के जेवरात अंगूठी, करधन, मंगलसूत्र, आदि के अलावा बर्तन चुरा ले गये। इसकी जानकारी सोमवार को सुबह हुई। बॉक्स व बैग मकान के पीछे बिखरे मिले। उन्होंने बताया कि रविवार को दिन व देर शाम एक व्यक्ति मकान के आगे पीछे घूम रहा था। जिस पर उन्होंने चोरी करने की आशंका में मुकामी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। थानाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही हैं।

## सार-संक्षेप




सोहावल सीएचसी पर सीएमओ को संबोधित ज्ञापन सौंपती स्वास्थ्य कार्यकत्रियां।

### ऑनलाइन हाजिरी देने से स्वास्थ्य कार्यकत्रियों का इनकार

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** शासन द्वारा जारी स्वास्थ कार्यकत्रियों की ऑनलाइन हाजिरी को लेकर विरोध के स्वर सुनाई देने लगे है। इसे अव्यवहारिक और परेशानी दायक बता कर विरोध जताते हुए सोमवार को स्वास्थ विभाग की कार्यकत्रियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सीएचसी प्रभारी पीसी भारती को सौंपा है। इनमें 23 से ज्यादा महिला स्वास्थ्य कर्मियों में आशा बहुएं भी शामिल रही जिनका आरोप है कि शासन से जारी निर्देश में एएनएम के साथ यूपी के एसके पोर्टल पर दो फोटो एक सीएचसी के अन्दर की एक सीएचसी की बाहर की आन लाइन हाजिरी देते हुए रोज अपलोड करना है जो हो पाना संभव नही है। इन कार्यकत्रियों को ज्यादातर समय फील्ड में कार्य करना पड़ता है। शासनादेश और ऑनलाइन अटेंडेंस कि यह व्यवस्था कार्यकत्रियों को संकट और परेशानी में डालने वाला है इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रेमचंद भारती ने बताया कार्यकत्रियों का ज्ञापन मिला है विचार और निर्णय के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है।

### महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर आयोजित हुई प्रतियोगिता



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं अग्रवाल समाज की महिलाएं। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अग्रोहा नरेश महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत मारवाड़ी अग्रवाल सभा की ओर से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मारवाड़ी भवन वजीरगंज में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ सभा के अध्यक्ष महेश कुमार अग्रवाल, सचिव नील कमल अग्रवाल, संरक्षक मक्खन लाल अग्रवाल व भागीरथ मल पचेरीवाला ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान सजन कुमार अग्रवाल, पीयूष सिंघल, आनंद बंका, अनूप सिंघल, नील कमल अग्रवाल, गौतम अग्रवाल, डॉक्टर अलका सिंघल, सुमन पचेरीवाला, सुधा बंका,अर्चना अग्रवाल, कल्पना खंडेलवाल आदि मौजूद रहीं। महेश अग्रवाल ने बताया कि जयंती समारोह के तहत मुख्य कार्यक्रम गुरुवार 17 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुछ और प्रतियोगिताएं व विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

### पुलिस की तत्परता से बची गोवंश की जान

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना अंतर्गत सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र के बड़ागांव रेलवे क्रासिंग के बगल के बाग में वध के लिए बांधे गए गोवंश की सूचना सत्तीचौरा चौकी प्रभारी एसएन सिंह को मिली। उन्होंने बाग की घेराबंदी कर कराई। इसके बाद पेड़ से बंधे बैल को मुक्त कराया। अंधेरे का लाभ उठाते हुए संलिप्त युवक मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार गोवंश का मुंह रस्सी से बांधा गया था। चौकी इंचार्ज सती चौरा सिंह ने बताया कि उक्त जानवर को मुक्त कराकर पास में इकट्ठा जानवरों के झुंड में छोड़ दिया गया है, इसको किसने बांधा था यह जानकारी नहीं मिल पाई है।

# नेता प्रतिपक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र



**नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने मिल्कीपुर का किया दौरा**

मिल्कीपुर में बैठक में मौजूद नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव।

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर में उपचुनाव को देखते हुए नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद व मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी लाल बिहारी यादव ने क्षेत्र में दौरा कर जीत का मंत्र दिया।

विधानसभा मिल्कीपुर की ग्राम सभा मवई खुर्द पहुंचकर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली। बैठक में मवई खुर्द सहित कई ग्राम सभाओं से आए सपा कार्यकर्ताओं ने सेन परिवार के उपचुनाव में दूरी बनाए रखने से संबंधित बात कही तो नेता प्रतिपक्ष ने तुरंत दूरभाष से पूर्व मंत्री आनंद सेन से वार्ता की। वार्ता के बाद कार्यकर्ताओं को बताया कि शीघ्र ही सभी उपचुनाव में एक साथ दिखाई देंगे। मवई खुर्द में कार्यकर्ता बैठक के बाद हैरिंग्टनगंज क्षेत्र स्थित एक विद्यालय में प्रबुद्ध एवं शिक्षक वर्ग के सम्मेलन को संबोधित किया। कहा कि यह चुनाव आप प्रत्याशी के लिए नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए लड़ रहे हैं। मतभेदों को भूलकर मिल्कीपुर सीट जीतने की तैयारी करें। उन्होंने मतदाता सूची पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। प्रबुद्ध सम्मेलन के दौरान डॉ अवधेश यादव, छोटे लाल यादव, राम चरन यादव, राम यज्ञ, संतराम, राम केवल, डॉ संजीत यादव, शिवराम यादव सहित पार्टी के दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आय की सीमा बढ़ने के बाद भी शादी अनुदान के आवेदन में कमी

**अयोध्या, अमृत विचार:** अन्य पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के तहत लाभार्थी के आय की सीमा को बढ़ा दिया गया, लेकिन अनुदान के लिए आवेदन पत्र कम आए। इसके पीछे प्रचार प्रसार न होने का कारण माना जा रहा है।

योजना में कुल ऑनलाइन आवेदनों की संख्या 410 है जबकि जिले के लिए लक्ष्य 844 है। आवेदनों की संख्या लक्ष्य का आधी है। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने इसको लेकर समीक्षा की। तहसील और विकासखंडवार ऑनलाइन आवेदन की स्थिति विकासखंड अमानीगंज, मिल्कीपुर, मसौधा, बीकापुर, सोहावल, पूरा बाजार और तहसील बीकापुर, सोहावल और मिल्कीपुर में योजना का प्रचार-प्रसार नहीं किया जा रहा है।इसलिए योजना के तहत आवेदन कम हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने इसके लिए निर्देश दिया है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, ग्राम पंचायत अधिकारी, पंचायत सहायक एवं लेखपाल के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। सप्ताह के भीतर ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर चिह्नांकित अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी की पात्रता की दशा में कम से कम दो पात्र आवेदको से आनलाइन आवेदन कराया जाए।

# मसौधा और फैजाबाद समिति के सभी डायरेक्टर निर्विरोध चुने गए

अयोध्या कार्यालय

▶▶ **गनौली में 10 निर्विरोध, एक पद के लिए होगा मतदान, नामांकन पत्र वापसी के बाद चुनाव की तस्वीर साफ**

**अमृत विचार:** नामांकन पत्रों की वापसी के बाद जिले की फैजाबाद और मसौधा गन्ना समिति के सभी डायरेक्टर निर्विरोध चुने लिए गए। गनौली समिति के 11 में से 10 डायरेक्टर निर्विरोध चुने गए। एक पद के लिए मतदान कराया जाएगा।

सोमवार को समिति के प्रबंध समिति के डायरेक्टर पद के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की वापसी थी। प्रत्येक समिति में कई पदों के लिए मतदान की नौबत बन गई थी लेकिन चैयरमैन पद के दावेदारों ने मशक्कत की। कई प्रत्याशियों के नामांकन पत्र की वापसी कराई।इसके बाद पूरे चुनाव की तस्वीर बदल गई। मसौधा समिति के सचिव तुलसी राम यादव के मुताबिक सभी 11 पदों पर डायरेक्टरों का निर्वाचन निर्विरोध हो गया। फैजाबाद समिति के सचिव अशोक वर्मा ने बताया कि समिति के सभी 11 पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ था। इसलिए सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध रहा। गनौली के सचिव अनिल कुमार ने बताया कि 11 में से 10 पदों पर निर्वाचन निर्विरोध हो गया। केवल एक पद के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान 16 अक्टूबर को होगा।

### डायरेक्टर पद के लिए दो भाई आमने-सामने

सहकारी गन्ना विकास समिति के एक मात्र अख्तियारपुर वार्ड से डायरेक्टर पद के लिए वोट डाले जाएंगे। सचिव अनिल कुमार ने बताया कि यहां से चुनाव लड़ रहे चार में से एक प्रत्याशी ने सोमवार को अपना नाम वापस ले लिया। अब तीन प्रत्याशी डॉ. मुस्लिम, असलम और अमृत लाल चुनाव मैदान में हैं। डॉ. मुस्लिम और असलम दोनों भाई प्रत्याशी हैं।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555


## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है।

31.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम

- शिक्षाविद ओंकारनाथ सिंह की पुण्य तिथि पर मड़ना में श्रद्धांजलि सभा प्रात: 11:00 बजे से।
- दीपोत्सव की तैयारी को लेकर मंडलायुक्त की बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में प्रात: 11:00 बजे से।
- समाजवादी पार्टी की युवजन सभा की बैठक गुलाबबाड़ी कार्यालय पर अपराह्न 01:00 बजे से।
- बोर्ड परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण को लेकर डीआईओएस कार्यालय में समीक्षा बैठक अपराह्न 02:00 बजे से।

# ठप हुई जनरल सर्जरी, ओपीडी में भी चिकित्सक की कुर्सी खाली

**एक थे छुट्टी पर दूसरे भी गए, मरीज परेशान, आर्थो सर्जन ने की रस्म अदायगी**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार को फिर से जनरल सर्जरी ठप पड़ गई। सर्जरी के चिकित्सकों के न रहने के कारण ओपीडी भी प्रभावित हुई। हालांकि अस्पताल प्रशासन की ओर से ओपीडी में ऑर्थो सर्जन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन वह बीच-बीच में कुर्सी से गायब हो जा रहे थे। ऑपरेशन ठप होने और ओपीडी में चिकित्सक के समय पर न बैठे होने से दूर-दराज से आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



ओपीडी में खाली पड़ी चिकित्सक की कुर्सी।



ओटी के बाहर चिकित्सक के इंतजार में बैठे मरीज। अमृत विचार

जिला अस्पताल में रोजाना पांच से छह जनरल सर्जरी होती है। इधर, 15 दिन से एक चिकित्सक होने के कारण जनरल सर्जरी प्रभावित हो रही थी। ऑपरेशन की संख्या भी घट गई थी। क्योंकि सर्जन डॉ. बीपी सिंह 15 दिन की छुट्टी पर चल रहे हैं। दूसरे चिकित्सक डॉ. एके सिन्हा ही ओपीडी और ओटी संभाल रहे थे। इसके अलावा राउंड भी कर रहे थे। अब पता चल रहा है कि डॉ. एके सिन्हा भी छुट्टी पर चले गए हैं। इसलिए ओपीडी संभालने की जिम्मेदारी पूर्व सीएमएस व आर्थो रोग विशेषज्ञ डॉ. सीबीएन त्रिपाठी को दी गई थी। वह सुबह ओपीडी में गए, लेकिन बीच-बीच में कुर्सी से गायब हो जाते थे। इस दौरान मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### डॉ. ए. अहमद खान के जाने के बाद से बढ़ी परेशानी

जिला अस्पताल में कार्यरत रहे डॉ. ए. अहमद खान की कुछ दिन पहले संविदा समाप्त हो गई थी। उसके बाद उन्हें अस्पताल छोड़ना पड़ा। सीएमएस के अनुसार उनके खिलाफ आईजीआरएस पोर्टल पर लगातार शिकायतें आ रही थीं। इसलिए अस्पताल प्रशासन की तरफ से उनकी संविदा बढ़ाने के लिए पैरवी नहीं की गई थी। उनके जाने के बाद अब सिर्फ दो सर्जन ही रह गए हैं। उनमें एक चिकित्सक पहले से ही छुट्टी पर हैं। दूसरे एके सिन्हा भी छुट्टी पर चले गए हैं।

### डेंटल लैब के निर्माण को अस्पताल में तोड़ा गया कक्ष

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में डेंटल लैब के निर्माण की कवायद शुरू हो गई है। सबसे पहले तोड़-फोड़ की शुरुआत एआरटी सेंटर से हुई है। यहां ओपीडी संभाल रहे वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. आरपी राय अब डेंटल ओटी में मरीजों को देखेंगे। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि अस्पताल में 400 स्क्वायर फीट में डेंटल लैब का निर्माण प्रस्तावित है। उसके निर्माण का काम शुरू हो गया है।

> हमारे पास सर्जन चिकित्सकों की कमी है। शासन को भी अवगत कराया गया है। डॉ. सिन्हा के छुट्टी पर जाने के कारण सोमवार को ओपीडी देखने का जिम्मा आर्थो सर्जन डॉ. सीबीएन त्रिपाठी को दिया गया था। **- डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस, जिला चिकित्सालय**

# राम की पैड़ी पर पहुंचे आठ लाख दीये राजधानी के कारीगर सजाएंगे रामपथ

**150 के करीब आदिवासी भी प्रज्ज्वलित करेंगे दीये, रामायण के प्रसंगों पर निकलेंगी 18 झांकियां**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव होगा, जिसकी भव्यता मंदिर से लेकर सरयू के तट तक दिखाई देगी। मुख्य रूप से 30 अक्टूबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। राम की पैड़ी सहित अन्य 55 घाटों पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 28 लाख से अधिक दीप बिछाए जाएंगे। दीपों को प्रज्ज्वलित करने के लिए अवध विश्वविद्यालय के 30 हजार वालंटियर के साथ झारखंड के 150 आदिवासी भी शामिल होंगे।

अयोध्या के जयसिंहपुर गांव के रहने वाले कुम्हार के साथ सोहावल क्षेत्र सहित कुम्हार के बस्तियों से दीए जुटाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। 24 घंटे में आठ लाख से अधिक दीये राम की पैड़ी के पास बने स्टोर रूम में पहुंचा दिए गए हैं। कुम्हार राकेश कुमार बताते हैं कि इस बार हम लोगों को 10 लाख दीये देने का आर्डर मिला है। स्टोर प्रभारी अतुल भारती ने कहा कि दीयों को लाने के लिए आठ वाहनों को लगाया गया है।

दीपोत्सव में अयोध्या के धर्मपथ और राम पथ को लाइटों से जगमग किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ताज रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी को लाइटिंग की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। 50 से अधिक इलेक्ट्रीशियन राम कथा पार्क के पास कैम्प कर लाइटों को तैयार करने का कार्य कर रहे हैं। इलेक्ट्रीशियन अरविंद कुमार बताते हैं कि रामपथ और धर्मपथ के साथ लगभग 2 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में भव्य लाइटिंग की व्यवस्था के लिए तैयारी की जा रही है। डेकोरेटिव वाल, इलेक्ट्रिक गेट और आर्टिफिशियल इलेक्ट्रिक लाइटों से पिलर को तैयार किया जा रहा है। 25 अक्टूबर तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



राम की पैड़ी के पास स्थित स्टोर रूम में रखे गए दीये। अमृत विचार



राम कथा पार्क के पास लाइटों को तैयार करते इलेक्ट्रीशियन। अमृत विचार

### सूचना की 11 व पर्यटन विभाग की रहेंगी 7 झांकियां

दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए अयोध्या के साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग का मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं, जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएगी। यह झांकियां 30 अक्टूबर को रामपथ पर सुबह 9 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलकर राम कथा पार्क तक जाएंगी। झांकियों नारद मोह, पुत्रयेष्टि यज्ञ, राम जन्म, दशरथ कैकई संवाद, राम वन गमन, केवट प्रसंग, राम विवाह प्रसंग, धनुष यज्ञ, अशोक वाटिका, ताड़का वध, लक्ष्मण मूर्छित, रावण सीता का हरण, राम-रावण युद्ध, लंका विजय, राम का राज्याभिषेक शामिल रहेगी। पर्यटन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि दीपोत्सव में विभिन्न प्रकार की झांकियां का भी आयोजन किया जाएगा। सूचना और पर्यटन विभाग के द्वारा झांकियों को तैयार करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### स्वयंसेवकों को मिलेगी एक लीटर वाली सरसों के तेल की बोतल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आठवें दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर सोमवार को कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में 37 इंटर कॉलेजों के प्राचार्य व प्रतिनिधियों को पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नोडल समन्वयक प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि घाटों पर 28 लाख दीए सजाये जायेंगे। विवि परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इंटर कॉलेज, 40 एनजीओ के 30 हजार स्वयंसेवक लगाये जायेंगे। सभी घाटों के मैपिंग का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। 20 अक्टूबर तक मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्राचार्य एवं प्रतिनिधियों को बताया कि राम की पैड़ी के सभी घाटों पर 16 गुणे 16 ब्लाक में 30 एमएल दीये में 30 एमएल सरसों को इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए स्वयंसेवकों को एक लीटर का बोतल दिया जाएगा। 29 अक्टूबर से घाटो पर लगे दीयों की गणना होगी। 30 को घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डालना व प्रज्ज्वलन करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे। प्रशिक्षण में इण्टर कालेज के नोडल डॉ बंसत कुमार, इंजीनियर अंकित श्रीवास्तव सहित इण्टर कालेजों के प्राचार्यो एव प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रिकाबगंज चौकी प्रभारी समेत चार हुए रिलीव

अयोध्या कार्यालय

**युवक की बेरहमी से पिटाई के मामले में हुई कार्रवाई, नए चौकी प्रभारी समेत तीन की तैनाती**

**अमृत विचार :** विवाद के बाद रिकाबगंज पुलिस चौकी पर लाकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई के मामले में निलंबन के बाद रिकाबगंज चौकी प्रभारी समेत चार को पुलिस लाइन के लिए रिलीव कर दिया गया। एसएसपी ने उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह को नया चौकी प्रभारी बनाया है, जबकि मुख्य आरक्षी कृष्ण कुमार और आरक्षी कन्हैया कुमार को चौकी पर तैनात किया है।

शुक्रवार की रात अपनी पत्नी और बच्चे के साथ रिकाबगंज से चौक की ओर जा रहे तेली टोला निवासी नमन सोनी (27) पुत्र अनिल सोनी को रूट डायवर्जन के चलते चौक की ओर जाने से रोके जाने पर विवाद हुआ था। युवक ने पुलिस पर घसीटते हुए रिकाबगंज चौकी के पिछवाडे स्थित कमरे में ले जाकर गला दबा पानी के पाइप से पिटाई का आरोप लगाया था। वहीं पुलिस ने नमन पर अभद्रता और हाथापाई तथा वर्दी फाड़ने का आरोप लगाया था। मामले में पीड़ित युवक के पिता और नगर पालिका के पूर्व सभासद अनिल सोनी समेत अन्य की मांग तथा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में शामिल होने निकले पूर्व सांसद लल्लू सिंह की ओर से एसपी सिटी और सीओ सिटी से नाराजगी जताए जाने को लेकर एसएसपी से मुलाकात कर चौकी प्रभारी प्रवीण मिश्रा, उपनिरीक्षक पंकज कनौजिया के अलावा सिपाही अभय सिंह व राहुल कुमार को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया है। निलंबित पुलिस कर्मियों को रिलीव किए जाने के बाद नई तैनाती की है।

> उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह को रिकाबगंज का नया चौकी प्रभारी बनाया गया है, वहीं चौकी पर एक-एक मुख्य आरक्षी व आरक्षी को तैनाती दी गई है। निलंबित कर्मियों को पुलिस लाइन के लिए रिलीव कर दिया गया है। **- शैलेन्द्र सिंह, सीओ सिटी**

### दीपोत्सव को लेकर तैयारी बैठक आज



**अयोध्या, अमृत विचार :** दीपोत्सव मेला की तैयारी को लेकर आयुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में 15 अक्टूबर को 11 बजे आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में बैठक होगी। बैठक में दीपोत्सव मेला की व्यवस्था से जुड़े अफसर मौजूद रहेंगे। कहा गया है कि परिक्रमा/कार्तिक पूर्णिमा मेला के लिए जिन विभागो ने कार्ययोजना उपलब्ध नहीं कराई हैं। वह कार्ययोजना की प्रति के साथ बैठक में आएंगे। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (नगर)/ मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने दी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

**बड़ागांव अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना अंतर्गत सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 स्थित बरई खुर्द के पास पिलखावा गांव निवासी 19 वर्षीय ई-रिक्शा चालक लवकुश पासी सोमवार दोपहर मुबारकगंज से भेलसर जा रहा था, इसी बीच एक अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रही ई-रिक्शा पर कोई सवारी नहीं थी और टक्कर की चपेट में चालक आ गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि घायल ई-रिक्शा चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया था। जहां उसकी मौत हो गई।

### डेंगू के तीन और मरीज मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में सोमवार को डेंगू के तीन नए मरीज सामने आए हैं। नगर क्षेत्र में दो व पूराबाजार में एक केस मिला है। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक अब तक 219 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें 195 ठीक हो चुके हैं, जबकि 24 का इलाज चल रहा है।



## सार-संक्षेप

### दोहरे शतक की तरफ बढ़ रहा डेंगू, जिला अस्पताल चौकन्ना

**अयोध्या, अमृत विचार :** डेंगू जिले में दोहरा शतक लगाने जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी ज्यादा नगर क्षेत्र में मरीज मिल रहे हैं। कारण बारिश के बाद बजबजाती नालियां हैं। इसे देखते हुए जिला अस्पताल प्रशासन भी चौकन्ना हो गया है और लगातार फॉगिंग करा रहा है। जिला अस्पताल में सबसे बड़ा गंदगी का कारण सीएमएस आवास के पीछे का भटा हुआ नाला है। उस गंदगी को लेकर कई बार नगर निगम को भी सूचना दी गई है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि अस्पताल प्रशासन एहतियातन फॉगिंग करा रहा है, ताकि अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को संक्रामक बीमारियों से निजात मिल सके। अधीक्षक डॉ विपिन वर्मा ने बताया कि अस्पताल में समय-समय पर फॉगिंग कराई जा रही है। 220 बेड वाले अस्पताल के परिसर के कोने-कोने में सफाई कराई जा रही है।

### पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने लगाया विशेष सदस्यता शिविर



मुमताज नगर में भाजपा की सदस्यता दिलाते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने रानीबाजार मंडल और मुमताज नगर में विशेष सदस्यता कैम्प लगाया। सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। शिविर में पूर्व सांसद ने कहा कि देश का भविष्य भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों से ही सुरक्षित है। सरकार की नीतियों में अंतिम व्यक्ति के उत्थान की भावना निहित है। विपक्ष से फैलाए गए भ्रम और उनके झूठ का पर्दाफाश हो गया है। कार्यक्रम में रानी बाजार मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह, शिव शंकर मौर्य, चन्द्रशेखर तिवारी, अम्बिका दूबे, सत्य प्रकाश साहू, रवि कुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, उमेश, अन्तिमा, गिरजा देवी, सतीश यादव, जितेन्द्र यादव सहित सैकड़ों लोग थे।

### वीरगाथा प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी हुए पुरस्कृत



पीडी पांडेय इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्राएं। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** माध्यमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को अपने देश के वीर सपूतों के बारे में जानकारी देने के लिए चलाए जा रहे वीर गाथा प्रोजेक्ट के तहत निबंध व पेंटिंग की प्रतियोगिता के आयोजन के क्रम में सोमवार को पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा निबंध तथा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यालय के शिक्षक रमेश पाठक, राजकुमार कारूष व संदीप चक्रवर्ती के निर्देशन में हुई प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेजल शर्मा, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से आस्था तिवारी व रिचा तथा तृतीय स्थान श्रद्धा ने प्राप्त किया। पेंटिंग में प्रथम स्थान अंशिका, द्वितीय स्थान आस्था तिवारी ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

### प्रधान संघ ने सीडीओ को सौंपा ज्ञापन



सीडीओ को ज्ञापन सौंपते प्रधान संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** मनरेगा में ब्लॉकों से स्वीकृत और ग्राम पंचायतों से कराए गए पक्के कार्यों के सामग्री मद के लंबित बिल फीड कराए जाने को लेकर प्रधान संघ ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। फीडिंग न होने पर ब्लाकों पर धरना दिए जाने की चेतावनी भी दी है। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधान संघ अयोध्या के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह ने अपने पदाधिकारियों व प्रधानों के साथ सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। वार्ता की। कहा कि सभी मुद्दों को शीघ्र हल कराने का आश्वासन मिला है। जिलाध्यक्ष सिंह ने बताया कि जिले के सभी प्रधान अपनी मांगों को लेकर लामबंद है। ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर सिंह, मोहम्मद नईम, अनुराग सिंह, पिंटू यादव, कक्कू सिंह, विशाल, ओम प्रकाश, जयभान सिंह सहित अन्य लोग थे।

# दुर्गा प्रतिमा के गले से 10 हजार रुपये के नोटों की माला चोरी

कुमारगंज, अयोध्या

**शर्मनाक**

**सिधारी बाजार में नव दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में हुई वारदात**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सिधारी बाजार में नवदुर्गा पूजा समिति पंडाल में रविवार रात चोरों ने मां दुर्गा की प्रतिमा के गले से करीब दस हजार रुपए की नोटों की माला चोरी कर ली।

खण्डासा पुलिस चौकी क्षेत्र के सिधारी बाजार स्थित हनुमानगढ़ी के पास नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई थी। रविवार रात करीब 1:30 बजे तक बाजारवासी समिति के सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। सुबह जब लोगों ने पंडाल का पर्दा खोला तो प्रतिमा को देखकर दंग रह गए। पुलिस कमेटी के सदस्यों से पूछताछ करते हुए हनुमान मंदिर समेत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने घटना की निंदा की। चौकी प्रभारी प्रशांत शर्मा ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा रखने वाले कमेटी को पहले ही अवगत कराया गया था कि उनके वॉलिंटियर रात में निगरानी करेंगे, लेकिन वॉलंटियर सो गए थे।

# पत्नी की पिटाई से युवक घायल, भर्ती

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक की उसकी पत्नी ने पिटाई की। घायल युवक को एंबुलेंस से लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर कोतवाली के गिरिजानगर कालोनी निवासी मनोज गुप्ता (35) पुत्र स्व. राम गजन को उसकी मां गौरा देवी ने रविवार की देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल मनोज का कहना है कि एक साल पूर्व उसका विवाह सुल्तानपुर जिले के सरैया निवासी मीना गुप्ता के साथ हुआ था। उसका आरोप है कि रविवार की रात पत्नी ने मां और बहन को कमरे में बंद कर दिया तथा कमरा बंदकर उसका गला दबा उसे बेहोश कर दिया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। 112 पर शियकत करने पर जान बची।

# चार दशक पूर्व मृत व्यक्ति की जमीन का करा दिया बैनामा

अयोध्या कार्यालय

**अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के मऊ यदुवंशपुर स्थित एक जमीन का फर्जीवाड़ा कर बैनामा करने के लिए एक शख्स ने खुद को जमीन मालिक बता बैनामा कर दिया। मामले की जानकारी परिवार को लगी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस और अधिकारियों से कार्रवाई के लिए फरियाद के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। एसीजेएम प्रथम की अदालत ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है, जिसको लेकर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात में जुट गई है।

पीड़ित पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरावां निवासी बुजुर्ग कौशलेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि उनके और भरतराज सिंह के बाबा बजरंगी ग्राम मऊयदुबंशपुर स्थित भूमि गाटा संख्या 1204 क्षेत्रफल 0.0760 हेक्टेयर के संक्रमणीय भूमिधर थे। बाबा बजरंगी की चार दशक पूर्व मौत हो चुकी है। इस बात की जानकारी कैंट थाने के मऊयदुवंशपुर निवासी बजरंगी कनौजिया को थी। फर्जीवाड़ा के तहत उसने बाबा की जगह स्वयं की फोटो लगाकर सोहावल तहसील में रजिस्ट्रार के समक्ष 22 जनवरी 2022 को विजय कुमार पुत्र राम उजागिर के नाम बैनामा कर दिया। मिलीभगत के चलते बतौर गवाह जितेन्द्र कुमार पुत्र हंसराज व अमित कुमार पुत्र ब्रहम सिंह ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर और विक्रेता की पहचान की है। उनका कहना है कि मामले की जानकारी के बाद उन्होंने कैंट पुलिस और एसएसपी को शिकायत देकर बजरंगी कनौजिया पुत्र राम खेलावन, विजय कुमार पुत्र राम उजागिर, जितेन्द्र कुमार पुत्र हंसराज व अमित कुमार पुत्र ब्रहम सिंह निवासीगण ग्राम मऊयदुबंशपुर थाना कैंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ऐसा न होने पर अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। कैंट थाने के प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

**तैयारी** — अयोध्या से नया राजनीतिक संदेश देने के प्रयास में भाजपा, मंथन में कई आनुषांगिक संगठन भी शामिल

# मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा उतारेगी खांटी सांगठनिक प्रत्याशी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी, अयोध्या से नए परिवेश में नया राजनीतिक संदेश देने के प्रयास में है। यह संदेश मिल्कीपुर से दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए मिल्कीपुर उपचुनाव में पार्टी खांटी सांगठनिक प्रत्याशी उतारना चाहती है। इसको लेकर संघ, भाजपा सहित आनुषांगिक संगठन गंभीर मंथन में हैं। एक-एक दावेदार की पूरी कुंडली खंगाली जा रही है।

भाजपा, मिल्कीपुर उपचुनाव के जरिए दो संदेश देना चाहती है। एक तो वह लोकसभा चुनाव की हार को इत्तेफाकिया साबित करना चाहती है दूसरा भाजपा के राजनीति को नई दिशा से जुड़ा है। भाजपा अब संगठन के लोगों पर ही दांव लगाएगी। यह भविष्य के लिए बड़ा संकेत हो सकता है। यह दोनों संदेश ही मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव से दिए जाने की तैयारी है। उच्चपदस्थ सांगठनिक सूत्रों की मानें तो अंदरखाने में इन दोनों बिंदुओं पर खास फोकस है।

मिल्कीपुर विधानसभा सीट अनसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। कैडर का प्रत्याशी आने से साल 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संगठन से प्रत्याशी तय किए जाने का संकेत निकलेगा। कार्यकर्ताओं को सहेजने में सुविधा होगी। टिकट की दौड़ में तो कई नेता है। इनमें पूर्व विधायकों से लेकर जिपं सदस्य, संगठन के पदाधिकारी और अतीत में दूसरे दलों से आए नेता तक शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश में कई राउंड की चर्चा के बाद मामला दिल्ली दरबार तक पहुंच गया है। यहां संघ, भाजपा के साथ ही आनुषांगिक संगठन भी मंथन में शामिल हैं। मिल्कीपुर के प्रत्याशी को लेकर गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगया जा सकता है कि पार्टी के एक राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी ने अयोध्या में संगठन से जुड़े जनप्रतिनिधियों को लेकर टिप्पणी कर दी। मतलब संगठन से प्रत्याशी दिए जाने से है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो दावेदारों की पूरी पृष्ठभूमि तलाशी जा रही है। इसके लिए आनुषांगिक संगठन से कई दावेदारों को लेकर अपनी विंग के जरिए जानकारी ली गई। संघ की पृष्ठभूमि आईटीसी, ओटीसी के साथ संगठन व भाजपा से जुड़े होने की अवधि, दल बदल करने के साथ ही अन्य बिंदु शामिल रहे। संगठन ऐसा प्रत्याशी लाना चाहती है भले ही उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो लेकिन कैडर का हो। भले ही चुनाव संगठन को ही लड़ना पड़े।

सूत्र बताते हैं कि प्रत्याशी की सूची में से अन्य के साथ एक ऐसे नाम पर फोकस है। जो राजनीति में आने के बाद सपा-बसपा की आंधी के दौरान भी पार्टी छोड़कर नहीं गया, जबकि उसे तमाम तरह के प्रलोभन दिए गए। वह संगठन का पदाधिकारी भी है। राजनीति में क्षण-प्रतिक्षण बदलाव के मद्देनजर नाम का खुलासा उचित नहीं है, लेकिन इस पर सहमति बनाने की कोशिश है। दिल्ली के तार अयोध्या के आनुषांगिक संगठनों से सीधे जुड़े हैं। सोमवार को भी इसको लेकर दिल्ली में चर्चा हुई। अगले कुछ ही दिन में प्रत्याशी की घोषणा होने की उम्मीद है।

### सपा ने तय कर दिया है प्रत्याशी

मिल्कीपुर में चुनावी घमासाम तेज है। सपा ने प्रत्याशी तय कर दिया है। कांग्रेस कदमताल करके ताकत दिखा रही है। बसपा मजबूत प्रत्याशी देना चाहती है। ऐसे में भाजपा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के पहले ऐसा प्रत्याशी घोषित करना चाहती है जिस पर आर्थिक न सही सामाजिक रूप से लोगों की निगाह टिके। विवाद से परे हो। जिला संगठन के पदाधिकारी प्रत्याशी चयन को लेकर इसे हाईकमान की बात कहते हैं। जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय कहते हैं कि संगठन जिसे भी प्रत्याशी बनाएगा। पार्टी यहां उसको पूरी तन्मयता से लड़ाएगी।

## सार-संक्षेप


यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की बैठक के बाद यूनियन के पदाधिकारी।

### 22 सूत्री मांगों को पूरा कराने को शुरू होगा आंदोलन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन अयोध्या क्षेत्र की बैठक यूनियन भवन क्षेत्रीय कार्यशाला मसौधा हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष माशूक अली की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि 17 अक्टूबर को सभी शाखाएं 22 सूत्रीय मांग पत्र के समाधान के लिए शाखा स्तर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एवं प्रशासनिक शाखा क्षेत्रीय प्रबंधक एवं क्षेत्रीय कार्यशाला सेवा प्रबंधन के माध्यम से ज्ञापन देंगे। 24 अक्टूबर को क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय अयोध्या धाम बस स्टेशन पर सभी शाखा के अध्यक्ष मंत्री सदस्य एकत्रित होकर ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक के माध्यम से प्रबंध निदेशक को भेजा जाएगा। मांगें न मानी गई तो आंदोलन किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडे हरिकांत द्विवेदी क्षेत्रीय संयुक्त मंत्री जय करन यादव क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष, गणेश दत्त पांडे व अनिल वर्मा आदि थे।

### भैरवधाम की राजगद्दी में उतारी गई राम दरबार की आरती

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** श्री चंद्रदेव आदर्श राम लीला भैरवधाम की राजगद्दी रंगमंच पर हुई। भगवान राम, मां सीता का राज्याभिषेक गुरु वशिष्ठ ने किया। राम दरबार में अनुज लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान के स्वरूप की आरती उतारी गई। दरबार में सुग्रीव, अंगद, जामवंत के स्वरूप भी विराजमान रहे। रामायणनी विश्वनाथ तिवारी ने भजन श्री राम की स्तुति की। अतिशाबाजी के साथ भोग प्रसाद लगाया गया। समिति के निर्देशक अभय वैश्य ने बताया इस वर्ष राम लीला को एलईडी के उपयोग ने आकर्षक बना दिया।

### युवकों ने ट्रक चालक और खलासी को पीटा

**हैदरगढ़, बाराबंकी। अमृत विचार :** ट्रक थोड़ा आगे बढ़ाकर खड़ी करने के विवाद में ठेला लगाए युवकों ने चालक व खलासी पर हमला बोल दिया। पिटाई से जख्मी पीड़ितों को पुलिस ने भर्ती कराया वहीं आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस को दी गई तहरीर में शामली जिले के मीरजंग निवासी आशु व शानू ने बताया कि रविवार मध्यरात्रि के बाद नींद ज्यादा आने के कारण वह लोग हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर ट्रक खड़ी कर सो गए। बताया कि पास में एक चाय का ठेला लगाने वाले व फास्ट टैग रिचार्ज करने वाले युवकों ने ट्रक आगे बढ़ाने को कहा, ड्राइवर व खलासी ज्यादा नींद में होने के कारण उठ न सके। इसी बात को लेकर वहां मौजूद ठेला चालक व फास्ट टैग कर्मी ने मिलकर पहले विवाद किया फिर ईट से ट्रक की खिड़की तोड़ने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि जब वह नीचे उतरे तो छोटी सरिया से उसके सिर पर हमला बोल दिया, जिससे वह दोनों घायल हो गए। हमले से बचने के लिए डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया।

### चोरी की मोटरसाइकिल समेत एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सतरिख पुलिस टीम ने बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अनूप कुमार वर्मा उर्फ अन्नू पुत्र स्व . राजकुमार वर्मा निवासी छुलियापुरवा मजरे इचौलिया थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से मुकदमें से सम्बन्धित चोरी की एक मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स यूपी 32 एमवाई 9028 बरामद की गयी।

### पुलिस ने अपहृता को सकुशल किया बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना बदोसराय पुलिस टीम ने आज 14 अक्टूबर को दर्ज हुए मामले को लेकर भारतीय न्याय संहिता से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया। बरामद अपहृता को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में आरोपी फिलहाल फरार चल रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### युवती अगवा, संदिग्ध हाल में छात्र लापता

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र से लापता युवती का अभी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा एक छात्र संदिग्ध हाल में लापता हो गया है। छात्र के मामले में भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है और दोनों की तलाश में जुट गई है। बताया गया कि कक्षा आठ का छात्र राजवीर निषाद पुत्र राजेश निषाद यहां कैंट थाना क्षेत्र में अपने ननिहाल बेगमगंज गढ़ैया में रहकर पढ़ाई का रहा था। रविवार की शाम वह लगभग साढ़े 6 बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से निकला था और फिर वापस लौटकर नहीं आया। उसके मामा सुरेंद्र निषाद पुत्र जमुना प्रसाद निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश करवाने के लिए सोमवार को पुलिस में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर सहादतगंज निवासी एक शख्स ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 अक्टूबर को 7 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री घर से लापता हो गई। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पुत्री को पड़ोसी जनपद गोंडा के नबाबगंज थाना क्षेत्र स्थित तुलसीपुर मांझा निवासी रंजीत अपने मित्र अयोध्या कोतवाली के आशापुर निवासी अभिषेक मौर्या और एक अन्य अज्ञात की मदद से शादी का वास्ता देकर बहला–फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी रंजीत उसके पड़ोसी मोनू पराठा वाले के यहां काम करता था और उसके घर आता–जाता था। रविवार की शाम मामले में कैंट पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कराई जा रही है।

### महिला आयोग की उपाध्यक्ष सुनेंगी लोगों की समस्याएं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने को लकेर इस माह के तृतीय बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 16 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 :30 बजे महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई करेंगी। इसके बाद महिला बंदी गृह, बालिका/महिला गृह व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण भी करेंगी।

# सड़क के घटिया निर्माण में फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

## 2.76 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है भेलसर-रुदौली मार्ग का निर्माण

रुदौली अयोध्या

**अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र की भेलसर-रुदौली-इन्हौना मार्ग पर मरम्मत और नवीनीकरण के कार्य में लापरवाही के चलते लोक निर्माण विभाग ने फर्म के खिलाफ धोखाधड़ी और शासकीय क्षति की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लोक निर्माण विभाग की ओर से भेलसर-रुदौली-इन्हौना मार्ग पर मरम्मत और नवीनीकरण के कार्य का ठेका संतोष तिवारी प्रो एसोसिएट बिल्डर्स एवं ट्रेडर्स, 906 सिविल लाइन रघुकुल विद्यापीठ



▶▶ हिदायत के बाद नहीं सुधरा रवैया सड़क की उखड़ने लगी गिट्टी

के बगल गोंडा को दिया गया था। फर्म की ओर से 16 मार्च को मार्ग के मरम्मत और नवीनीकरण शुरू कराया गया था। लोक निर्माण विभाग के खंड चार के सहायक अभियंता विकल्प कनौजिया का आरोप है कि सड़क निर्माण में तारकोल की मात्रा और गुणवत्ता में कमी पाई गई। नवीनीकरण कार्य में लेपित सतह में सीआरसी कराने के लिए ठेकेदार को कहा गया,लेकिन ठेकेदार ने कार्यस्थल पर न तो लेपिन में सुधार किया और न ही तारकोल की सीआरसी ही उपलब्ध कराई, जिसके चलते विभाग की ओर से लेपन कार्य निरस्त करने के लिए पत्राचार किया, लेकिन ठेकेदार ने जबरिया लेपन कार्य करा दिया। विभाग के मानक के अनुरूप कार्य न होने के कार्यस्थल पर लेपित सतह उखड़ गई और गिट्टी निकलने लगी। विभाग का आरोप है कि निविदा शर्तों को नजरअंदाज कर धोखाधड़ी की गई और शासकीय क्षति की गई। रुदौली कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि सहायक अभियंता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

उधर क्षेत्र के खैरनपुर निवासी संजय अग्रवाल का कहना है कि लगभग एक माह पहले भेलसर चौराहे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक लेपन किया गया था। लेपन के बाद से ही गिट्टी उखड़ने लगी। दूसरे दिन ठेकेदार ने सड़क पर झाड़ लगवा कर फिर से गिट्टी डाली, वह भी उखड़ने लगी।

# देवा मेला परिसर में फैली गंदगी, लगने लगे झूले

संवाददाता, देवा (बाराबंकी)

**अमृत विचार :** सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता कुर्बान अली शाह उर्फ दादा मियां की याद में लगने वाले दस दिवसीय मेले दुकानदारों और झूलों का आना शुरू हो गया है लेकिन मेला परिसर की साफ सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है जगह जगह टूटी नालियां तैयारियों को मुंह चिढ़ा रही हैं।

यह दस दिवसीय देवा मेला 18 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। मेला परिसर में काफी हद तक दुकानदार आ चुके हैं। मनोरंजन गली में भी झूला और सर्कस लगने शुरू हो गए हैं लेकिन मेला परिसर में सफाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है। परिसर की टूटी नालियों की मरम्मत तक नहीं कराई गई है। गधा और खच्चर बाजार जानवरों की आमद से गुलजार है लेकिन यहां पर भी अव्यवस्थाओं की भरमार है। व्यापारी अंधेरे में अपनी रातें गुजार रहे हैं। लाइट तक की व्यवस्था बाजार परिसर के अंदर नहीं हो सकी है। मेला परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से लगने वाली इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्ण हो गया है और इस दिशा में लोग निर्माण विभाग द्वारा संतोषजनक कार्य होता देखा जा रहा है। मनोरंजन गली में खड़ंजे की मरम्मत नहीं हो सकी है। समीक्षा बैठक के दौरान हॉकी मैदान के किनारे बड़ी नालियों पर पत्थर रखने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए थे लेकिन इसके बाद भी अभी तक पूरी नाली ढकी नहीं जा सकी है। एडीएम अरुण कुमार ने बताया परिसर की साफ-सफाई को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया गया है।

# फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण बुलाने पर भी पत्नी के मायके से न आना बताया जा रहा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रिक्शला निवासी देवानंद 25 पुत्र बैजनाथ ने रविवार की देर रात बंद कमरे में दुपट्टे को फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह जब घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। मृतक के भाई सुशील कुमार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की पता चला कि मृतक की पत्नी कई दिन पहले अपने मायके चली गई थी। देवानंद ने कई बार बुलाया पर वह नहीं आई। इससे वह काफी नाराज भी चल रहा था। उसी अवसाद के चलते देवानंद ने आत्महत्या का निर्णय लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि पत्नी के मायके से आने के कारण युवक ने फांसी लगाई है, शव पीएम भेजा गया है।

# भव्यता के साथ निकली भरत मिलाप शोभा यात्रा

भेलसर अयोध्या

**अमृत विचार :** रुदौली में विगत 3 अक्टूबर से आयोजित की जा रही रामलीला में विजयदशमी के दिन रावण के पुतला दहन के बाद भव्य मेला लगा जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने घरों पर दीपक जलाए और मिठाइयां बांटी।

भरत मिलाप शोभा यात्रा नव्यता और भव्यता के साथ रामलीला रंगमंच से निकली। नगर के कोठी कटरा नवाब बाजार से होती हुई टेढ़ी बाजार मंगल बाजार पहुंची। वहां से नयागंज होते हुए पुनः रंगमंच पहुंची जहां पर भरत से उनका हृदयस्पर्शी मिलाप हुआ। नगर के हनुमान किला तिराहे पर विधायक रामचंद्र यादव ने आरती उतारी और पुष्पवर्षा की। निर्देशक कमलेश मिश्र ने बताया भगवान विष्णु के सभी नौ अवतारों मत्स्य अवतार, कच्छप अवतार, वामन अवतार, वाराह अवतार, नृसिंह अवतार, परशुराम अवतार, राम अवतार, कृष्ण अवतार, बुद्ध अवतार को झांकियों के माध्यम से दर्शाया गया।


शोभायात्रा में रथ पर विराजमान राम–लक्ष्मण और सीता बने कलाकार।

### शोभा यात्रा में लोक कला की विविधता हुई मुखरित

श्री रामलीला समिति ख्वाजाहाल की भरत मिलाप की यात्रा में विभिन्न लोक कलाओं की प्रस्तुतियों ने न सिर्फ यात्रा को भव्यता प्रदान की बल्कि विभिन्न लोक नृत्य कलाओं की विविधता मुखरित हुई। समिति के अनुराग अग्रवाल ने बताया उत्तर प्रदेश के फरुवाही नाच, झारखंड के घोड़ा नाच, गुजरात के डांडिया, पंजाब के भांगड़ा नृत्य की टोलियों ने अपनी अपनी मनोहर प्रस्तुतियां दीं। समाजसेवी डॉ निहाल रज़ा ने राम के रथ पर पुष्प वर्षा की व प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम व कोतवाल संजय मौर्य शोभायात्रा में सम्मिलित रहे। यात्रा को सफल बनाने में विष्णु अग्रवाल, आलोक गर्ग पिंकू, आलोक गर्ग, राजेश बंसल, मनीष चौरसिया, लालजी आदि ने योगदान दिया।

# श्रीराम लौटे अयोध्या, भरत की 14 वर्ष की प्रतीक्षा पूरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** 14 वर्ष के वनवास के बाद प्रभु राम के मिलन के साथ ही भरत की प्रतीक्षा समाप्त हुई। जैसे ही प्रभु श्रीराम के चरण भरत के आश्रम के बाहर पड़े भरत सहित उनके आगमन व दर्शन की प्रतीक्षा को आतुर अयोध्या वासियों की आंखें खुशी से भर आईं। अपने प्राण त्यागने की प्रतिज्ञा आतुर भरत तुरंत श्रीराम के दर्शन को दौड़े और उनके चरणों में नतमस्तक हो गए।


भरत मिलाप के अवसर पर चौक घंटाघर पर मौजूद समितियों के पदाधिकारी। अमृत विचार

श्रीराम ने भरत को अपने गले से लगा लिया। समस्त ऋषि- मुनि, देवता, गंधर्व सहित समस्त अयोध्या वासी श्रीराम की जयकार करने लगे। भरत मिलाप के मंचन का यह दृश्य अयोध्या की विभिन्न रामलीला में भरत मिलाप के कार्यक्रमों में सम्पन्न हुआ। नगर के चौक टकसाल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भरत मिलाप का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर मंत्री घनश्याम अग्रवाल, विष्णु कुमार, सचिन अग्रवाल, सूरज नारायण अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, संजय रस्तोगी, दिलीप यादव,अशोक सिंह की देखरेख में और चौक कोठापार्चा की रामलीला के अध्यक्ष सिद्धार्थ महान उपाध्यक्ष, आशीष महेंद्रा, महामंत्री राम जी सोनी और धनंजय कौशल की देखरेख में भरत मिलाप हुआ। वहीं साहबगंज रामलीला के अध्यक्ष नीरज पाठक के नेतृत्व में, रामलीला फतेहगंज में प्रेमनाथ राय,नीरज सिंघल,अजय जायसवाल,अरुण बंसल, अशोक गुप्त आदि की देखरेख में हुए भरत मिलाप हुआ। रामलीला कमेटी हैदरगंज के अध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव तथा शंकरगढ़ की रामलीला के मंचन में अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सहित पदाधिकारी सहयोग में लगे रहे। चौक टकसाल की रामलीला के भरत मिलाप के बाद निकली भगवान राम की शोभायात्रा का जगह-जगह आरती कर स्वागत किया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

पत्रांक: 496/न0पा0परि0सुल0/2024–25 दिनांक: 14 अक्टूबर 2024

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा 15वे वित्त आयोग के टाइड मद के अर्न्तगत पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु ''पी0वी0सी0 एवं स्पेशल (ISI–मार्का)'' क्रय किये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक– 15/10/2024 से दिनांक– 26/10/2024 दोपहर 12:00 बजे तक ई–निविदा के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपराहन 3:30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा बेबसाइट etender.up.nic.in से डाउनलोड/ अपलोड तथा शर्तो की जानकारी की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुलतानपुर

### इस्माइलपुर में नकदी और जेवर ले गए चोर

**सुबेहा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में चोरों की दहशत और चोरी की घटनाओं पर लगाम लगा पाने में सुबेहा पुलिस नाकाम साबित हो रही है। रविवार की रात थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में इरफान के घर में छत के रास्ते से चोर दाखिल हुए। घर मे रखी 10 हजार नकद, 27 हजार के कीमत की सोने की अंगूठी और बच्चों के पायल सहित कई अन्य सामान चोर चुरा ले गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी सुबेहा पुलिस को दी, पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

# कसा शिकंजा : टाइम सिटी ग्रुप पर ठगी के दो और केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** धन दोगुना कर वापस करने व न दे पाने की दशा में प्लाट देने का लालच देकर निवेशकों की गाढ़ी कमाई डकारने वाली टाइम सिटी के कारनामों में और बढ़ोत्तरी हुई है। देवा कोतवाली में फर्म के खिलाफ दो और मामले दर्ज हुए, जो धोखाधड़ी के सबसे बड़े मामले की नींव रख रहे। टाइम सिटी ग्रुप के जिम्मेदारों ने सिर्फ देवा क्षेत्र से करीब ढाई करोड़ रुपये विभिन्न जमा स्कीमों के नाम पर बटोरे हैं। वहीं आरबीआई से लाइसेंस की बात भी झूठी निकली है।

पहला मुकदमा महाराजगंज जिले के बसहिया बुजुर्ग के रहने वाले दयानन्द पटेल ने देवा कोतवाली में दर्ज कराया। कहा गया है कि टाइमसिटी कंसोर्टियम ऑफ कारपोरेट जिसका कार्यालय रायल अवध ग्राम व पोस्ट बबुरी गांव निकट गान्धीनगर पुल कोतवाली देवा में है।

विभिन्न फर्मों के चेयरमैन पंकज कुमार पाठक पुत्र सभापत्ति पाठक निवासी विभव खंड गोमती नगर लखनऊ आदि के कहने पर वर्ष 2017 से 2023 में उनकी इन्वेस्टमेन्ट योजना में अपना और अपने परिचितों का 95 लाख रुपया जमा कराया। यह विश्वास दिलाया गया कि जमा रुपया मैच्योरिटी का समय आने पर ब्याज सहित भुगतान हो जाएगा या धन से दोगुनी कीमत की जमीन का बैनामा उसके पक्ष में कर दिया जायेगा। उसने जब संचालित कम्पनियों के बारे में जानकारी की तो पता चला कि फर्जी कम्पनियां बनाकर रुपया हड़प लिया गया। दूसरा मुकदमा कुशीनगर जिले के बसहिया उर्फ कप्तानगंज के वार्ड संख्या चार के रहने वाले सुब्बन सिंह ने दर्ज कराया। कहा गया कि उसने भी विभिन्न जमा योजनाओं में अपना व परिचितों का करीब एक करोड़ पैंतालिस लाख रुपया जमा कराया था। पीड़ित का कहना है कि उसने अथक परिश्रम की जमा पूंजी कंपनी के हवाले कर दी अब वह पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है और उसके पास आजीविका चलाने के लिए कुछ भी शेष नहीं है। क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। जानकारी करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।


भरतकुंड महोत्सव को लेकर आयोजित तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# भारतीय लोक व संस्कृति को समर्पित होगा भरतकुंड महोत्सव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भरतकुंड महोत्सव को लेकर भरत इंटर कॉलेज में भरतकुंड महोत्सव न्यास, मांडवी मंच फाउंडेशन की एक बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि इस बार का महोत्सव भारतीय लोक संस्कृति को समर्पित होगा। आगामी 7 से 13 नवंबर 2024 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

सचिव अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय ने महोत्सव की थीम और सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस बार महोत्सव पूर्ण रूप से भारतीय लोकपर्व व संस्कृति को समर्पित होगा। जिसमें छठ पूजा पर्व, उत्तरायण पर्व, लोहड़ी पर्व, बिहू पर्व, ओणम पर्व, दशहरा पर्व और चेटीचंद पर्व मनाएं जाएंगे। इस बार के प्रमुख कार्यक्रमों में 11000 मातृ शक्तियों द्वारा दुरदुरिया पूजन, भरत सरोवर के घाटों पर छठ पूजा का आयोजन होगा।

अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय ने बताया कि महोत्सव में प्रति वर्ष विभिन्न श्रेणियों कला, संस्कृति, साहित्य, नारी सशक्तिकरण, समाज सेवा, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में दिए जाने वाले प्रतिष्ठित सम्मान नंदीग्राम रत्न, संगीत के क्षेत्र में प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पंडित गौरी शंकर दास गवैया अवार्ड एवं पद्म भूषण बेगम अख्तर अवार्ड, अच्छे कार्य करने वाले संस्था के एक पुरुष सदस्य को महा योगीराज सम्मान तथा एक महिला सदस्य को माता मांडवी शक्ति सम्मान प्रदान किया जाएगा। छठ पूजा प्रभारी रीता ने पूजा की तैयारी के संबंध में, अंशिका सिंह ने गरबा महा रास के संबंध में, दुरदुरिया प्रभारी प्रियंका, दशहरा पर्व प्रभारी बृजमोहन ने रावण दहन की तैयारी की जानकारी दी। भाजपा नेता गिरीश पांडे डिप्पुल, बीकापुर के अध्यक्ष राकेश पांडे, शैलेंद्र पांडे मोनू, सतीश, योगेश, संतोष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केसी पांडेय आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय बाल संरक्षण अधिकारी/ जिला प्रोबेशन अधिकारी अयोध्या

पत्रांक 2150/जि0प्रो0अधि0/विज्ञापन/2024–25 दिनांक 14.10.2024

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति अयोध्या के आदेश से एक नवजात शिशु (बालिका) को राजकीय विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण जनपद अयोध्या में दिनांक 10.10.2024 को संरक्षित करायी गयी थी। यदि उक्त नवजात शिशु (बालिका) का कोई जैविक माता–पिता/विधिक रिश्तेदार, हो जो नियमानुसार उनके सम्बन्ध में विधिक दावेदारी रखता हो तो वो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 15 दिन के अन्दर उचित साक्ष्य व अभिलेख सहित उक्त नवजात शिशु (बालिका) के सम्बन्ध में अपना दावा जिला बाल संरक्षण अधिकारी / बाल कल्याण समिति, अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा की स्थिति में यह मानते हुये कि उक्त नवजात शिशु (बालिका) से सम्बन्धित कोई जैविक माता–पिता/विधिक रिश्तेदार नहीं है, तत्कम में ही नियमानुसार दत्तक ग्रहण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा इस सम्बन्ध में किसी विवाद के लिये महिला कल्याण विभाग अयोध्या / बाल कल्याण समिति, अयोध्या उत्तरदायी नही होगें। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र0 सं0 | बच्चें का नाम | आयु | बच्चो से सम्बन्धित विवरण | माता पिता व पता | संस्था में प्रवेश तिथि व माध्यम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवजात शिशु बालिका | लगभग 05 दिवस | रंग–गेहूंआ चेहरा–गोल लम्बाई–43 सेमी0 वजन–02 कि0 ग्रा0 | अज्ञात | 10.10.2024 बाल कल्याण समिति अयोध्या |  |

जिला बाल संरक्षण अधिकारी / जिला प्रोबेशन अधिकारी, अयोध्या

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

I Santosh Kumar S/o Surya Narayan, Address- Khasra no 155 , Badshah kheda, Alamnagar, Lucknow 226017 , wants to inform publicly that by mistake my daughters name in Adhar Card mentioned as Ruby Trivedi where as her true name is Vedanshi Trivedi according DOB certificate .

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0–270863 पर मेरे नाम के साथ पिता का नाम भगवती प्रसाद शुक्ला लिखा है, जो कि गलत है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम भगवत प्रसाद शुक्ल होना अनिवार्य है। **चन्द्रकान्त शुक्ल पुत्र भगवत प्रसाद शुक्ल नि0 – ग्राम पूरे काली तिवारी मजरे उमरी प0 व तह0 सलोन जिला– रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे प्रथम सेमेस्टर की बी.एस.सी. की मार्कशीट फरवरी 2022 व द्वितीय सेमेस्टर जुलाई 2022 की मार्कशीट कहीं खो गई है। जिसका अनुक्रमांक 2121290492 है। **सौरभ वर्मा पुत्र श्री परमानन्द निवासी – केन्द्रीय विद्यालय के पास लखेपड़ाबाग, बढ़ेल, परगना व तहसील– बाराबंकी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे नाम जारी एलआईसी पॉलिसी बान्ड में मुकेश कुमार पुत्र राजाराम लिखा है, जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में मुकेश राजाराम कर्मवीर लिखा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। **मुकेश राजाराम कर्मवारी, ग्रा0पो0– सोतवाखेड़ा, जि0– रायबरेली, मो0– 7041623475**

**सूचना**

प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की प्रथम बैठक ब्लॉक टोडरपुर की न्याय पंचायत सुंदरपुर अमरौली के ग्राम कमालपुर में 18 अक्टूबर को मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की प्रथम संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जायेगा।

प्रार्थी– रज्जन कश्यप, मो0: 9598461370

**आवश्यकता है**

शहजादे सिंह महाविद्यालय, अतरौली–भरावन, हरदोई के बी.टी.सी. विभाग में विभागाध्यक्ष/प्राचार्य –1, सभी विषय के प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन व योग्यता एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार के मानकानुसार। 30/10/2024 तक आवेदन करें। साक्षात्कार– 11/11/2024 को सुबह 10 बजे महाविद्यालय परिसर में होगा।

प्रबन्धक मो0 : 9918126001

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बड़ा लड़का मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी का चाल–चलन व व्यवहार ठीक नहीं रहता है, वे आये दिन मुझे गाली देना, मारपीट करना, खाना–पीना न देना व अभद्र व्यवहार करता है। जिससे मेरी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। इस कारण मैंने अपने लड़के मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी के कृत्यों से क्षुब्ध होकर उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से 16.07.2024 से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सराकोर नहीं होगा। **राम विलास पुत्र पूर्वीदीन ग्राम महावीर खेड़ा, पो0– महरानीगंज, थाना– खीरो, जिला– रायबरेली।**

## एक नजर

### सामुदायिक हाल का विधायक ने किया उद्घाटन

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। आलापुर तहसील परिसर में वादकारियों और अधिवक्ताओं के लिए अंबेडकर सामुदायिक हाल का निर्माण कार्य और ग्राम पंचायत अन्नापुर में जेपी सिंह के घर से दिवाकर यादव के घर तक रबड़मोल्ड इंटरलॉकिंग कार्य मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत कराया गया। इसका उद्घाटन सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विधायक त्रिभुवन दत्त ने फीता काटकर किया। इस दौरान अवर अभियंता अरुण कुमार मौर्य, सदस्य जिला पंचायत अजीत यादव, विधान सभा अध्यक्ष रवींद्र यादव, सपा नेता अजय गौतम एडवोकेट, कृष्ण कुमार पाण्डेय, मीडिया प्रभारी आलापुर बांकेलाल गौतम, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुनीत दिवेदी, अधिवक्ता हृदय राम, महामंत्री नरेंद्र यादव, अधिवक्ता हरीलाल गौतम, रामअचल यादव, रामकेर, शेषनाथ सिंह, अजीत यादव, सुनील यादव, पूर्व प्रधान संजय शर्मा, ठेकेदार सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे।

### युवक के साथ मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दूध देने गए युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के आशापुर गांव का है। पीड़ित फूलचंद ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि वह कुकुरभारी चौराहे पर कतवारु की दुकान पर दूध देने गया था। दुकान के अंदर दूध दे कर बाहर निकला और साइकिल पर बैठना चाहा तभी गांव निवासी विपक्षी आशु सिंह जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी और लाठी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे सिर फट गया। गिरने पर लाठी, लात-घूसों से पीटा। जब लोगों को आता देखा तो जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

### कृषि यंत्रों के लिए 23 तक आवेदन करें किसान

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। किसानों के लिए कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने का बड़ा मौका है। इस बार कृषि विभाग ने व्यक्तिगत किसानों के लिए 50 प्रतिशत और कृषि उत्पादक संगठनों एफपीओ को 40 प्रतिशत तक अनुदान देने की योजना चलाई है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों को जल्द से जल्द आवेदन करने की सलाह दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है।

# बीडीसी सदस्य की गिरफ्तारी से नाराज सपा सांसद ने दिया धरना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



अंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में धरने पर बैठे सांसद लालजी वर्मा व साथ में पूर्व एमएलसी हीरालाल वर्मा व कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद के महरुआ थाने की पुलिस ने हीड़ी पकड़िया के क्षेत्र पंचायत सदस्य को रात में गिरफ्तार कर लिया। इससे नाराज सपा के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद लालजी वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ कलक्ट्रेट के पास स्थित आंबेडकर प्रतिमा के प्रांगण में एक दिवसीय धरना दिया।

सांसद ने कहा कि प्रशासन कटेहरी उपचुनाव को देखते हुए बीडीसी सदस्य को जबरदस्ती जेल भेजना चाहता है। हालांकि देर शाम प्रशासन ने सपा सांसद की मांगों को मान लिया है। उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला ने धरना स्थल पर पहुंचकर सपा सांसद लाल जी वर्मा से से बातचीत कर मामले को सुलझा दिया है। उन्होंने मुकदमा वापस लेने और गिरफ्तार बीडीसी को जल्द से जल्द रिहा करने का आश्वासन दिया है।

सपा सांसद ने बताया कि महरुआ थाना क्षेत्र के हीड़ी पकड़िया गांव में एक कार्यक्रम था, जिसमें कुछ लोगों ने बीडीसी सदस्य राजेश गुप्ता के घर के सामने गाड़ी खड़ी कर दी थी। इससे उनके घर में आने-जाने में लोगों को परेशानी हो रही थी, जिसे हटाने के लिए बीडीसी राजेश गुप्ता ने फोन कर कहा कि जीप हटा लीजिए। इसे लेकर भाजपा के स्थानीय नेताओं की शिकायत पर पुलिस बीडीसी सदस्य को महरुआ थाने ले गई।

उन्होंने कहा कि भाजपा के एक कद्दावर नेता के इशारे पर पुलिस राजेश गुप्ता को थाने ले गई और कहां रखा है, कुछ पता नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने रात में एसपी डॉ. कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय और सीओ सुरेश मिश्रा के पास फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन कटेहरी उपचुनाव को लेकर उनके कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहा है, जिसे लेकर वह धरना दे रहे है। सांसद लालजी वर्मा ने कहा कि उनकी मांग है कि महरुआ थानाध्यक्ष को हटाया जाए और राजेश गुप्ता को रिहा किया जाए। धरने में पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, मुजीब अहमद सोनू, सूरज, बादशाह खान, लासू यादव, रमेश यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीड़ित ने लगाया आरोप

वहीं मामले में पीड़ित हृदयराम पटवा पुत्र स्व. हीरालाल निवासी ग्राम हीड़ी पकड़िया थाना महरुआ ने आरोप लगाया कि बीते रविवार शाम को गांव के ही निवासी राजेश गुप्ता स्व. डीग्री प्रसाद गुप्ता, राम बरन विश्वकर्मा पुत्र स्व. मतई, हरिद्वार विश्वकर्मा पुत्र राम बरन विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा पुत्र रामबरन हृदय राम को फोन से बुलाया की आप अपनी गाड़ी हटा लो। जब गाड़ी हटाने आए तो हृदय राम विपक्षी एक साथ होकर गाली-गलौज देकर लात व घूसा, डंडा से मारने लगे। उन्होंने कहा कि गुहार पर संगीता बीच-बचाव करने दौड़ी तो उसे भी मारने लगे। हृदय राम का कहना है कि औरत के शरीर में काफी चोट आयी हुई है। हालांकि गुहार लगाने पर गांव के लोगों को आते देखकर जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग गए।

# हटाए गए थानाध्यक्ष, एसपी ने सिपाही को किया लाइन हाजिर

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जहांगीरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि और ईओ के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के लिए पैसे की मांग और आरोपियों को लॉकअप में न रखकर बाहर बैठाकर आवभगत करने के आरोपों के बाद जहां थानाध्यक्ष को हटा दिया गया है। वहीं एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

जहांगीरगंज थानाध्यक्ष रहे इंस्पेक्टर अक्षय कुमार को जनसुनवाई सेल भेज दिया गया है। उनके स्थान पर कटका थानाध्यक्ष अजय प्रताप यादव को जहांगीरगंज की कमान सौंपी गई है। जनसुनवाई सेल में तैनात सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार को कटका का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं जहांगीरगंज थाने के सिपाही पवन चतुर्वेदी को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने लाइन हाजिर कर दिया गया है। शनिवार को नगर पंचायत जहांगीरगंज के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील मौर्य और ईओ के बीच कार्यालय में विवाद हुआ था। ईओ ने 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे दिन ईओ ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनसे मुकदमा दर्ज करने के लिए पैसे की डिमांड की थी। साथ गिरफ्तार दोनों आरोपियों की थाने में आवभगत की गयी थी। ईओ के इन आरोपों के बाद एसओ और सिपाही पर गाज गिरी है।

# अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से अधिवक्ता की मौत

## अकबरपुर-महरुआ मार्ग पर हुआ हादसा, साथी घायल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



जिला अस्पताल में सड़क हादसे में घायल अधिवक्ता का किया जा रहा इलाज।

अमृत विचार। जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को हुए सडक़ हादसे में दो अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों अधिवक्ताओं को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर एक अधिवक्ता को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अकबरपुर-महरुआ मार्ग पर कसेरुआ के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दो अधिवक्ताओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक अधिवक्ता की मौत हो गई। वहीं दूसरे अधिकवक्ता का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। तेजापुर निवासी अधिवक्ता गंगाराम (40) और ओमप्रकाश सुबह जिला न्यायालय जा रहे थे। जैसे ही वह कसेरुआ के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल गंगाराम की की मौत हो गयी। वहीं घायल ओम प्रकाश का इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना पर कई अधिवक्ता जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे गए थे। बार एसोसिएशन के सचिव विशाल कुमार सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचकर घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ को सूचना दी। इसके बाद क्षेत्राधिकारी नगर व पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल पहुंचकर कर घटना के बारे में जानकारी हासिल की।

अकबरपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीबी सिंह ने बताया कि अधिवक्ता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल ओम प्रकाश का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जारी है।

# खेल हमें संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं : एमएलसी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



विजयी खिलाड़ियों के साथ मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व साथ में डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालीपुर में आयोजित माध्यमिक विद्यालयों की तीन दिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सोमवार को मुख्य अतिथि एमएलसी हरिओम पांडे ने उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि खेल हमें अंतिम समय तक संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। एमएलसी ने कहा कि प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। जिससे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकें। आज खेलों में भारत का भविष्य सुनहरा है। तमाम अच्छे खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों से भी निकलकर एशियन खेल और ओलंपिक तक का सफर तय कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि एमएलसी हरिओम पांडे ने प्रतियोगिता का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इसके बाद ध्वज फहराया गया, गुब्बारे और कबूतर छोड़कर प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज किया गया। जनपद के 10 जोन से आए 700 से अधिक एथलीटों ने मार्च पास्ट के माध्यम से मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसी दौरान सभी 10 जोन के ध्वजवाहकों को अच्छे खेल के लिए शपथ दिलाई गई। पिछले बार के चैंपियन आजाद ने ट्रैक का एक चक्कर लगाया। मुख्य अतिथि के समक्ष 800 मीटर सीनियर बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि का जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बुके देकर व बैज लगाकर स्वागत किया। जिला क्रीड़ा सचिव अजीत सिंह ने बताया कि दूसरे दिन मंगलवार को लंबी कूद, गोला फेंक और लंबी दूरी की दौड़ प्रतियोगिता कराई जाएगी। समारोह का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी ने किया। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम ओझा ने अतिथियों का आभार जताया।

प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रकाश यादव, अमरनाथ सिंह, प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी, डॉ. तारा वर्मा, विद्या देवी, प्रमिला वर्मा, अंजना वर्मा, अशोक कुमार निगम, अजय कुमार श्रीवास्तव, कप्तान सिंह, उमेश पांडे, नीलम यादव, सुशील सिंह, मनोज यादव, व्यायाम शिक्षक वीरेश कुमार, ओमवीर वर्मा, जयप्रकाश मौर्य, विपिन चौधरी, प्रबुद्ध सिंह, मोहम्मद हसन, विजय पाल गौड़, ज्ञानेंद्र वर्मा, अरविंद चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### 800 मीटर सीनियर वर्ग में पवन व शालिनी रहे अव्वल

800 मीटर सीनियर बालक वर्ग में नेवादा के पवन कुमार प्रथम, राजेसुल्तानपुर के अर्जुन द्वितीय और अकबरपुर के रितिक रोशन तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 800 मीटर जूनियर बालक वर्ग में कटेहरी क्षेत्र के सूरज प्रथम, अकबरपुर के मानस द्वितीय और जोन के सचिन तृतीय स्थान पर रहे। 600 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग की दौड़ में अकबरपुर के आजाद प्रथम, अकबरपुर के हिमांशु द्वितीय और नाऊसांडा के अनुराग पाल तृतीय स्थान पर रहे। 800 मी सीनियर बालिका वर्ग में अकबरपुर की शालिनी प्रथम, अकबरपुर के ही मोहिनी द्वितीय और नेवादा की श्रुति अग्रहरि तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में नेवादा की ओजस्वी राज प्रथम, कटेहरी की कुमकुम द्वितीय और टांडा की प्रतिज्ञा तृतीय स्थान पर रहीं। 600 मीटर सब जूनियर बालिका वर्ग की दौड़ में कटेहरी की अंजलि बेसिक विभाग प्रथम, दूसरे स्थान पर नेवादा की अंजू द्वितीय और तीसरे स्थान पर अकबरपुर की विट्टू रहीं। बाद में 100 मीटर सीनियर बालक, जूनियर बालक, सब जूनियर बालक और बालिका वर्ग की हीट रेस कराई गई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

गणपति एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। न्यू लाइट एकेडमी इंटर कालेज सिकंदरपुर के बैंड के द्वारा शानदार गीत प्रस्तुत किया गया। मिश्रीलाल इंटर कॉलेज टांडा, चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पूरनपुर, मोतीलाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालीपुर, राजकीय हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना और डांस प्रतियोगिता का आकर्षण का केंद्र बन गया।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर पर छापेमारी से आक्रोश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। महरुआ थाना क्षेत्र में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह सिपाही के घर पर पुलिस की छापेमारी से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रीय नेताओं से लेकर लोगों सोशल मीडिया पर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। लोगों का कहना है कि दुख की इस घड़ी में पूर्व ब्लॉक प्रमुख को परेशान किया जा रहा है।

बता दें कि पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय सिंह सिपाही के बाबा की चार दिन पहले इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई थी। जिनका क्रियाकर्म पैतृक आवास पर होना है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय सिपाही का आवास पहले ही प्रशासन ने सील कर रखा है। ऐसे में छापेमारी से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। अजय सिंह सिपाही की गिनती प्रदेश के बाहुबलियों में होती है। करीब आठ साल पहले कटेहरी से ब्लॉक प्रमुख चुने जाने के बाद अजय सिंह सिपाही की आपराधिक गतिविधि शून्य हो गई। अजय सिपाही पूरी तरीके से राजनीतिक रंग में रंग गए हैं। करीब दो साल पहले अजय सिंह सिपाही का पैतृक आवास सील कर दिया गया था। यहां पर आवास उनके भाई और अन्य परिवार ने बनाया है। चार दिन पहले बाबा का शव लेकर पूर्व प्रमुख घर पहुंचे और अपने बाबा का अंतिम संस्कार किया और क्रिया कर्म पैतृक आवास से करने का निर्णय लिया। लेकिन पूर्व प्रमुख का आरोप है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में उन्हें कुछ कद्दावर नेता जान-बूझकर परेशान करने में लगे हुए हैं। वहीं अजय सिपाही के घर पुलिस की छापेमारी से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है पूर्व ब्लॉक प्रमुख का राजनीतिक इशारे पर उत्पीड़न किया जा रहा है।

# बकायेदारों के खिलाफ जारी होगी आरसी

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। विद्युत वितरण खंड अकबरपुर से जुड़े बकायेदार 450 बिजली उपभोक्ताओं को अब आरसी जारी की जाएगी। इन उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग का चार करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है, इसकी वसूली के लिए विभाग ने कई बार नोटिस दी, इसके बाद भी उपभोक्ता बिजली का बिल जमा नहीं कर रहे हैं।

विद्युत विभाग 10 हजार से लेकर एक लाख रुपए तक बिजली बिल जमा न करने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर अब आरसी जारी कर कार्रवाई करेगा। ऐसे उपभोक्ताओं का कनेक्शन भी काटा गया, लेकिन इसके बाद भी बिल जमा करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई।

इस संबंध में अधिशासी अभियंता अकबरपुर संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरसी जारी कर बकाये की वसूली की जाएगी।

# हीरक जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित

टांडा, अंबेडकरनगर




कवि सम्मेलन का उद्घाटन करते एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय। अमृत विचार

अमृत विचार। एनटीपीसी टांडा विद्युतगृह के आवासीय परिसर स्थित सरगम सभागार में राजभाषा हिंदी के हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का उद्घाटन एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन और अनुरक्षण नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक प्रचालन अभय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन में छह नामचीन कवियों ने काव्यपाठ किया। कवि सम्मेलन में हास्य कवि शम्भु शिखर, अभय निर्भीक हास्य कवि, सुरेश अवस्थी हास्य कवि, संचालक राजेश अग्रवाल हास्य कवि, डॉ. अवधेश तिवारी और निवेदिता शर्मा ने कविता और गीत प्रस्तुत किए, जिसे श्रोताओं ने मन से सराहा। एनटीपीसी टांडा के राजभाषा अनुभाग और सप्तरंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मनोरंजन और राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसी क्रम में हीरक जयंती पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों और आवासीय परिसर में रहने वाले निवासियों ने भाग लिया।

### कांग्रेस का संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन आज

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। कांग्रेस ने 15 अक्तूबर को कटेहरी में आयोजित संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन की तैयारिया लगभग पूरी कर ली हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चंद यादव ने तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी की नीयत ठीक नहीं है। वह देश की आत्मा मतलब संविधान को बदलना चाहती थी लेकिन जनता ने सबक सिखाया। अभी भी सजग रहने की जरूरत है। कहा कि कटेहरी के लोग उपचुनाव में भी बीजेपी को सबक सिखाएंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी ने बताया कि प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी कैलाश चौहान, सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी, केके यादव, राम जनम दूबे, राजपत पटेल सुरेन्द्र यादव मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मेले के बाद धूमधाम से होगा मूर्ति का विसर्जन



मां दुर्गा के पंडाल में लगी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत देवरिया बाजार में जय मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित मां भगवती की मूर्ति पर भक्तों की भीड़ लगी रहती है, जिसके चलते मूर्ति का विसर्जन मेले के बाद किया जाएगा। बता दें कि क्षेत्र में लगभग सभी चौराहों और बाजारों से दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित की जा चुकी हैं, लेकिन देवरिया बाजार में स्थित दुर्गा मूर्ति का विसर्जन 17 तारीख को किया जाएगा। जय मां दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामचन्द्र चौरसिया, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, ग्राम प्रधान दिलीप चौरसिया ने बताया कि मंगलवार को देवरिया बाजार में मेले का आयोजन किया गया है। मेले के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन 17 तारीख को धूमधाम से किया जाएगा। इस दौरान पूजा पंडाल में महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रहती है। भजन कीर्तन, देवी गीत से दुर्गा पंडाल का माहौल भक्ति मय बना हुआ है। समिति के सदस्य जितेंद्र श्रीवास्तव, दीपक मद्धेशिया, संजय शर्मा, अजीत गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, रामतीर्थ निषाद, शिवकुमार सोनी, शिवदयाल सोनी, ईश्वरदत्त चौबे, अशोक अग्रहरि, राकेश प्रजापति, रामदरस पांडे, अरुण गुप्ता, रामदरस माली और बाजार वासियों के सहयोग से मां भगवती की श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चन भक्तिमय माहौल में लगातार चल रहा है।

### मुशायरे का किया गया आयोजन

टांडा, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। अजीमुश्शान मुशायरा टांडा स्थित सकरावल, दलाल टोला में रविवार की रात में मुहीउद्दीन कादरी के संयोजन व डॉ. दस्तगीर अंसारी की अध्यक्षता एवं कमर जीलानी के संचालन में आयोजन हुआ। मुशायरे में सितारे उर्दू अवार्ड से सम्मानित मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मुशायरों से राष्ट्रीय एकता को बल मिलता है और आपसी रिश्तों की डोर मजबूत होती है। उर्दू जुबान की मिठास ने हिंदुस्तान की गंगा जमुनी तहजीब में मिठास घोल रखी है। डॉ. दस्तगीर अंसारी टांडवी ने कहा कि उर्दू ने हमेशा अमन और शांति का पैगाम दिया है। नई नस्ल के शायरों ने सामाजिक बुराइयों पर बेहतरीन शायरी की है। इंसाफ टांडवी ने कहा कि उर्दू इंकलाबी जुबान है। मुशायरे के संयोजक मुहीउद्दीन कादरी ने आए हुए मेहमानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### कॉलेज के एमडी से मांगी 70 लाख की रंगदारी, मुकदमा दर्ज

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद के एक शैक्षिक संस्थान के एमडी से माफिया ने 70 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है। माफिया के फोन काल के बाद हडक़ंप मच गया है। एमडी ने अकबरपुर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि अयोध्या के एक माफिया ने उनसे 70 लाख का रंगदारी मांगी है। एमडी की शिकायत पर पुलिस ने माफिया और उसके गुर्गे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के तमसा मार्ग पर स्थित डॉ. अशोक कुमार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिनव वर्मा ने अकबरपुर थाने में तहरीर देकर बताया है कि चार अक्टूबर को उनके पास नितिन नामक व्यक्ति ने फोन किया। इसके बाद माफिया दिलीप को फोन पकड़ा दिया, उसने आकर मिलने को कहा। जब ऐसा नहीं किया तो सात अक्टूबर को बिना नंबर की गाड़ी भेजकर रेकी शुरू कर दी। अलग-अलग माध्यम से धमकी देने लगा। फोन पर भी कहा कि उसके बिजनेस में या तो 70 लाख रुपए का निवेश कर दो या 60 लाख रुपए नकद पहुंचा दो। माफिया की धमकी और रंगदारी मांगने की लिखित शिकायत के बाद अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने दिलीप और उसके गुर्गे नितिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल बिरेद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जरूरी साक्ष्य इकट्ठा किए जा रहे है।

## लापरवाही

### भियांव खास में जर्जर हो चुकी सड़क के किनारे टूटी व बजबजाती नालियां बयां कर रही हैं हालात

# साफ-सफाई व्यवस्था पर पलीता लगा रहे हैं जिम्मेदार

जलालपुर, अंबेडकरनगर



लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी बजबजाती नाली।

अमृत विचार। सरकार जहां स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक कर रही है, वहीं इस अभियान को जिम्मेदारों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है। यह हाल है भियांव ब्लॉक के भियांव खास का है। जबकि यह एक धार्मिक स्थल है। पड़ताल की गई तो वहां तमाम अव्यवस्थाएं दिखाई पड़ीं। भियांव खास में पहुंचने पर जर्जर हो चुकी सड़क के किनारे की टूटी हुई बजबजाती नालियां हालात को बयां कर रही हैं। इसके साथ ही जलकल मिशन द्वारा लगाई गई पाइपलाइन के महीनों पहले फट जाने से बर्बाद हो रहा शुद्ध पेयजल जल संरक्षण की प्रयासों को मुंह चिढ़ा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान और कार्यकारी संस्था से कई बार शिकायत करने के बावजूद लगातार पानी बर्बाद हो रहा है और हालात जस-के-तस बने हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन की समस्या भी विकराल रूप लेती दिखाई दे रही है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जगह-जगह कूड़े का अंबार दिखाई पड़ा। मानसून की समाप्ति के उपरांत मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसके बावजूद इनसे बचने के सरकारी प्रयास सिर्फ कागजों में ही नजर आ रहे हैं। चिकित्सा जागरूकता अभियान का समन्वय कर रहे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी और नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी साफ-सफाई व्यवस्था के लिए नोडल बनाए गए हैं। उनके जरिए ही क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था कर लोगों को संचारी रोगों से बचने को जागरूक किया जा रहा है।

### स्वच्छता अभियान की उड़ रहीं धज्जियां



यासिर हयात



राजेन्द्र कुमार

गांव निवासी यासिर हयात ने बताया कि यह एक धार्मिक स्थल होने की वजह से तमाम दर्शनार्थी प्रतिदिन आया जाया करते हैं, लेकिन यहां साफ-सफाई की व्यवस्था पूर्ण रूप से फेल है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र कुमार ने बताया कि यहां बजबजाती हुई नालियां और गंदगी स्वच्छता अभियान की धजियां उड़ा रही हैं, लेकिन इस पर अधिकारी और ग्राम प्रधान द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# मारपीट के मामले में 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज

टांडा, अंबेडकरनगर। स्थानीय कोतवाली के मोहल्ला छज्जापुर मे नाई की दुकान पर बाल कटवा रहे युवक को मारने-पीटने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि मो. इमरान निवासी मोहल्ला छज्जापुर में नाई की दुकान पर बीते रविवार को दिन में बाल कटवा रहा था तथी तालिब उर्फ लल्लू आया तो इमरान ने उससे अपनी मां से हुई कहासुनी के बारे में पूछा। इस पर तालिब ने अपने पिता व घर वालों को बुला लिया। सभी ने आकर गालियां व धमकी देते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइकसवार घायल

**नवाबगंज:** रघुनाथपुर निवासी रजनीश पांडेय ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उनका चचेरा भाई रवि पांडेय रविवार को देर शाम मोटरसाइकिल पर सवार होकर नवाबगंज से अपने घर रघुनाथ पुर जा रहा था। पीछे से आ रही तेज रफ्तार मैजिक ने पहलवान बीर मंदिर के आगे पुलिया के पास जोरदार टक्कर मार दिया और सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### कोषागार में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र दे सकते हैं पेंशनर्स

**गोंडा:** मुख्य कोषाधिकारी ने कोषागार से पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त विभागों के पेंशन धारकों को सूचित किया है कि अब पेंशन धारकों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र किसी भी लोकवाणी केंद्र से कोषागार को ऑनलाइन भेजा जा सकता है। यदि कोई पेंशन धारक तकनीकी कारण के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र भेजने में असमर्थ हैं तो वे कोषागार में व्यक्तिगत रूप से अपनी वैधता की तिथि माह में उपस्थित होकर अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए पीपीओ, बैंक पासबुक आधार कार्ड तथा पैन कार्ड व मोबाइल नंबर साथ में लाना अनिवार्य है।

### घर से निकली युवती लापता

**धानेपुर:** ग्राम पंचायत राजापुर के एक मजरा के रहने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक 11 अक्टूबर की शाम साढ़े चार बजे उसकी 23 साल की लड़की नित्यक्रिया के लिए निकली थी लेकिन लौटकर वापस नहीं आई। जिस पर शिकायत की गई है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# मौसम बदलने से मेडिकल कॉलेज में जुकाम-बुखार के मरीजों की भरमार

## इलाज के लिए मारामारी, ओपीडी में लगी मरीजों व तीमारदारों की लंबी लाइन

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेज में लगातार सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। पर्चा काउंटर से लेकर दवा काउंटर तक भारी भीड़ रह रही है। मेडिकल कॉलेज के ओपीडी में सुबह से ही लंबी-लंबी लाइन लग जा रही है।

चिकित्सकों के मुताबिक मौसम बदल रहा है इसलिए मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। मेडिकल वार्ड पूरी तरीके से फुल हो चुका है। आधा अक्टूबर बीतने को है, मौसम में व्यापक बदलाव देखा जा रहा है। रात में मौसम थोड़ा ठंडा हो जा रहा है जबकि दिन में काफी गरम, उमस हो रही है। उमेश भरी गर्मी से लोग परेशान हैं साथ ही बीमारी भी हो रही है। शहर से लेकर गांव तक मौसम बदलाव के चलते बच्चे, बूढ़े, युवक सभी लोग बीमार हो रहे हैं। अधिकतर सर्दी जुकाम, बुखार के मरीज अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आ रहे हैं। क्षेत्रीय निदान केंद्र पर भी जांच के लिए मरीजों की लंबी-लंबी लाइन लग रही है। मौसम में गर्मी होने की वजह से सर्दी जुकाम अधिकतर लोगों को हो रहा है। पर्चा काउंटर पर सुबह से ही मरीजों की लाइन लग जा रही है। मेडिकल वार्ड में मरीज खचाखच भरे हैं। सोमवार को 1 हजार से अधिक मरीजों ने पर्चा कटवाते हुए अपना इलाज करवाया। अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम ,बुखार से पीड़ित मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आ रहे हैं। सुबह से ही डॉक्टर रूटीन के हिसाब से मरीजों का इलाज करने में जुटे रहे। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर राकेश तिवारी ने बताया कि इस समय मौसम में बदलाव हो रहा है। शहर से लेकर गांव तक के मरीज आ रहे हैं। अधिकतर मरीजों को सर्दी, जुकाम, बुखार की समस्या है। कुछ मरीजों को भर्ती भी कराया गया है। जल जनित बीमारियां इस समय फैल रही है। घरों के आसपास जलभराव न होने दें, ताकि घर में बीमारी प्रवेश न कर सके। उन्होंने बताया कि भर्ती मरीजों का इलाज हो रहा है।



अस्पताल में इलाज के लिए जुटी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

## सरकारी जमीन का चार बार सीमांकन फिर भी कब्जा बरकरार

**तरबगंज, अमृत विचारः** गौहानी गांव के मजरा गड़रियन पुरवा निवासी देवीदयाल व वीरेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री से की शिकायत में आरोप लगाया है कि गाटा सं.127 चकमार्ग है। गाटा सं.120 खाद गड्ढा है और गाटा सं.133 नाली की जमीन है जो दर्ज कागजात है। जिस पर गांव के रामकुमार पाल, जोखूपाल व बेचनादेवी ने दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर रखा है। रास्ते की जमीन पर सीमेंट का चद्दर रख लिया है। उसी तरफ हम लोगों का निकास है। मना करने पर गाली-गलौज देते हुए जानमाल की धमकी देते हैं जबकि पहले भी गांव के संजय यादव की शिकायत पर टीम गठित कर तीन बार पैमाइश हो चुकी है और सीमांकन कर खाली करवाया गया था। फिर भी अवैध कब्जा कर लेते हैं। जिससे गांव के लोग परेशान हैं व आवागमन बाधित है। इस प्रकरण पर राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार दूबे ने बताया कि जितनी बार शिकायत होगी उतनी बार मौके पर जाना पड़ेगा। अगर जमीन खाली है तो खाली लिखा जायेगा, कब्जा है तो कब्जा हटवाया जायेगा क्योकि शिकायत पर रिपोर्ट देनी पड़ती है।

## सार-संक्षेप

### राम-भरत का मिलाप देखकर भाव विभोर हुए दर्शक



वनवास के बाद राम के राजगद्दी का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** रामलीला का आयोजन रानी बाजार मे हो रहा है। रामलीला का मंचन मिथिलांचल के कलाकार कर रहे है। मंचन के अंतिम दिन भरत मिलाप और राजगद्दी लीला संपन्न हुई। वन से राम के आगमन की की जानकारी होते हैं पूरे अयोध्या में खुशी छा जाती है। अयोध्या के रहने वाले रास्तों पर दीपक जलाकर श्री राम का स्वागत करते हैं। पूरे राज्य में ढोल नगाड़े के साथ राम आगमन का इंतजार होता है। जैसे ही भरत को राम के आने की सूचना होती है। वह रोते हुए महल से बाहर की ओर दौड़ पड़ते हैं। राम को सामने पाकर भरत रोते हुए प्रभु श्री राम का अवलोकन करते हैं। श्री राम भी भारत को देखते ही उनको अपने सीने से लगा लेते हैं। राम भरत के मिलन को देखकर सभी के आंखों में आंसू आ जाते हैं। अयोध्या की पूरी परीक्षा राजा रामचंद्र की जय हो, की जयकार लगने लगती है। भरत बड़े ही सहज भाव से प्रभु श्री राम को महल के अंदर लाते हैं। पूरे राज्य में श्री राम को राजा बनाने की मुनादी करा दी जाती है। चारों तरफ हर्ष का वातावरण है। भरत राम के साथ लक्ष्मण व भाभी सीता को भी निहारत रहते हैं। राजमहल में खुशियां छा जाते हैं। राजमहल ढोल नगाड़े के साथ फूलों की वर्षा होने लगती। राजा रामचंद्र के अयोध्या का राजा बनने से प्रजा के साथ-साथ भी मंत्रीगण भी पुष्प की वर्षा करते हैं। ऋषि मुनि भी मुदित हो जाते हैं। पूरे नगर में हर्षोल्लास का वातावरण बन जाता है। प्रभु श्री राम के राजगद्दी मिलने की लीला के साथ मंचन का समापन हो जाता है। इस दौरान सभासद वैभव नारायण, लाल जी तिवारी पुरनचंद गुप्ता, राज नारायण राजू, गौरी शंकर, मंटू, अरविंद मिश्रा, ध्रुव कमलापुरी, विशाल, चंद्रप्रकाश, बबलू साहू, भोला मोदनवाल, संतोष मोदनवाल, समेत कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भरत मिलाप चौराहे पर पहुंच एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**गोंडा, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत भरत मिलाप चौराहे पर आयोजित होने वाली भरत मिलाप कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने आयोजकों से वार्ता कर त्योहार के संबंध में शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया गया। सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण रखतें हुए परंपरागत तरीके से त्योहारों को मनाने की अपील की। एसपी ने बताया कि भरत मिलाप कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल व आस-पास पर्याप्त संख्या में वर्दी व सादे वस्त्र में भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे है। एसपी ने बताया कि यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि भीड़भाड़ के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार डायवर्जन की भी व्यवस्था करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, नगर कोतवाल मनोज पाठक आयोजक आदि मौजूद रहे।

# शासन ने मक्का खरीद क्रय केंद्र को किया रद, अब जिले में नहीं होगी खरीद

- जिले में मक्का खरीदने के लिए बनाए गए थे दो केंद्र
- 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाना था मक्का

**गोंडा, अमृत विचारः** मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले 2024- 25 में मक्का खरीद केंद्र को कैंसिल कर दिया है गया है, अब जिले के किसानों का मक्का मूल्य समर्थन योजना के तहत नहीं खरीदा जाएगा। जिले में मक्का किसान की उपज खरीदने के लिए 1 अक्टूबर से केंद्र संचालित किए गए थे लेकिन अब उसको बंद कर दिया गया है। मार्केटिंग विभाग की ओर से मुख्यालय पर बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी तथा नवाबगंज मंडी में क्रय केंद्र स्थापित किए गए थे। खरीद की तैयारी जोरों से हो रही थी, दोनों क्रय केंद्र पर प्रभाती तैनात किए गए थे।

इस बार मक्का खरीदने के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत भाव में बढ़ोतरी की गई थी। विगत वर्ष 2090 प्रति क्विंटल से खरीद की गई थी लेकिन सरकार ने इस बार मूल्य समर्थन 135 रुपया बढ़ाते हुए 2225 रुपये के दर से खरीद करने का फैसला किया था। जिले में मक्का की खेती तरबगंज, परसपुर, नवाबगंज समेत कई स्थानों पर होती है। नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए केंद्र का प्रभारी मार्केटिंग इंस्पेक्टर राजकुमार चौधरी तथा नवाबगंज मंडी केंद्र प्रभारी मार्केटिंग इंस्पेक्टर निशांत त्रिपाठी को बनाया गया था। मक्का उत्पादन वाले क्षेत्र में जो मक्का खरीद के प्रभारी बनाए गए थे, उनको भी भ्रमणशील रहकर किसानों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया चुका था। क्रय केंद्र का संचालन हो रहा था दोनों केंद्र प्रभारी प्रतिदिन अपने केंद्र पर आकर बैठते थे। बताया जाता है कि कुछ किसान मक्का बेचने को लेकर नवीन गल्ला मंडी में आए भी थे, लेकिन कुछ दिन बाद केंद्र को ही बंद कर दिया गया।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि मक्का खरीद के लिये दो केंद्र भी खोले गए थे, लेकिन खरीद के पहले दिन कोई भी किसान केंद्रों पर नहीं आया था। मक्का खरीद सत्र के पहले दिन खरीद नहीं हो पाई थी। जिले में मक्का किसानों से उनकी उपज को खरीदने के लिए दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए थे। एक नवाबगंज मंडी, जबकि दूसरा बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी में था इस बार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से मक्का 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाना था लेकिन शासन में मक्का खरीद केंद्र को कैंसिल कर दिया है। इसलिए केंद्रों का संचालन बंद कर दिया गया।

## धर्म दर्शन

### पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक अग्निदेव

अपांभेषज सूक्त के देवता 'आपः' हैं। आपः का सामान्य अर्थ जल लिया जाता है। मनुस्मृति 1/8 के अनुसार ईश्वर ने 'अप्' तत्व को सर्वप्रथम रचा। आपः यदि जल है तो उसके पूर्व वायु और अग्नि की उत्पत्ति आवश्यक है, अन्यथा जल की संरचना संभव नहीं। इसलिए आपः का अर्थ जल भी है, किंतु कुछ विद्वानों ने उसे सृष्टि के मूलतत्व की क्रियाशील अवस्था माना है।

अखंड ब्रह्म के संकल्प से मूलतत्व का क्रियाशील स्वरूप सबसे पहले प्रकट होता है, उससे ही पदार्थ रचना प्रारंभ होती है। आधुनिक पदार्थ विज्ञानी भी ऐसे किसी तत्व के सतत प्रवाहित होने की परिकल्पना करते हैं। ऋषि कहते हैं, माताओं-बहनों की भांति यज्ञ से उत्पन्न पोषक धाराएं यज्ञकर्ताओं के लिए पेय (जल अथवा दूध) के साथ मधुर रस मिलाती हैं। सूर्य के संपर्क में आकर पवित्र हुआ वाष्पीकृत जल उसकी शक्ति के साथ पर्जन्य वर्षा के रूप में हमारे सत्कर्मों को बढ़ाए, यज्ञ को सफल बनाए। जीवनीशक्ति, रोगनाशक एवं पुष्टिकारक आदि दैवी गुणों से युक्त आपः तत्व हमारे अश्वों व गौओं को वेग एवं बल प्रदान करें। हम बल-वैभव से संपन्न हों। हे आपः! आप प्राणिमात्र को सुख देने वाले हैं। सुखोपभोग एवं संसार में रमण करते हुए, हमें उत्तम दृष्टि की प्राप्ति हेतु पुष्ट करें। अन्नादि उत्पन्न कर प्राणिमात्र को पोषण देने वाले हे दिव्य प्रवाह! हम आपका सान्निध्य पाना चाहते हैं। हमारी अधिकतम वृद्धि हो। व्याधि निवारक दिव्य गुण वाले जल का हम आवाहन करते हैं। वह हमें सुख-समृद्धि प्रदान करें। उस औषधिरूप जल की हम प्रार्थना करते हैं। दैवी गुणों से युक्त जल हमारे लिए हर प्रकार से कल्याणकारी एवं प्रसन्नता दायक हो। सोम का हमारे लिए उपदेश है कि दिव्य आपः हर प्रकार से औषधीय गुणों से युक्त है। उसमें कल्याणकारी अग्नि भी विद्यमान है। सूखे प्रांत (रेगिस्तान) का जल हमारे लिए कल्याणकारी हो, जलमय देश का जल हमें सुख प्रदान करे। हे अग्निदेव! हम आपकी वंदना करते हैं। हे ज्ञान स्वरूप अग्निदेव! आपका प्रकाशरूपी पराक्रम हम देखें। आप पथभ्रष्टों के मार्गदर्शक हैं। अपने प्रभाव से दुष्टों को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें। नदी जिस प्रकार झाग (गंदगी) को बहा देती है, उसी प्रकार यह 'हवि' पापचारियों को यहां से दूर बहा ले जाएं। प्रायश्चित की भावना से शरण में आए दुष्टों का स्वागत करें। हे मार्गदर्शक, ज्ञान के पुंज! आप अपने सद्गुणों से उसे वश में करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे प्रकाश पुंज आग्नेय! आप पथभ्रष्ट जनों की संतानों तक सुदूर गुफा में पहुंचकर अपने दिव्य प्रकाश से उन्हें सन्मार्ग दिखाएं, इस प्रकार आप सबके कष्टों को दूर करें। वैभव की कामना करने वाले इस पुरुष को आठों वसुदेवता, इंद्र, पूषा, वरुण, मित्र, अग्नि आदि देवता धारण कर अपना अनुग्रह प्रदान करें। आदित्य और अन्य सभी देवता इसको तेजस्विता प्रदान करें। हे देवताओं! सूर्य की तेजस्विता, अग्नि की प्रखरता, चंद्रमा की शीतलता एवं स्वर्ण की आभा मनुष्य के जीवन को ऊंचा उठाए। अपने संयम से इन शक्तियों को बढ़ाता हुआ वह मनुष्य आसुरी वृत्तियों का विनाश करें। इस प्रकार वह जीवन की सर्वोच्च स्थिति प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जिस श्रेष्ठ ज्ञान के बल पर इंद्र आदि देवता संपूर्ण सुखों का उपभोग करते हैं, उसी दिव्य ज्ञान से मनुष्य के जीवन को प्रकाशित करते हुए आप ऊंचा उठाएं। वह मनुष्य, देवतुल्य श्रेष्ठ जीवन जिएं। हे अग्निदेव! मैं इस साधक के यज्ञ, तेज, ऐश्वर्य एवं चित्त को स्वीकार करता हूं। आप इस साधक को श्रेष्ठ सुख-शांति प्रदान करें।

### भारतीय संस्कृति में ओंकार की महत्ता

हमारे प्राचीन भारत की पवित्र धरा पर अ+उ+म के संयोग से निर्मित "ओम" शब्द को भारतीय मूल के सभी प्राचीन धर्मों, हिन्दू, बौद्ध और जैन में अत्यंत पवित्र माना जाता है। किसी भी धार्मिक अनुष्ठान का पूर्व "ओम" से प्रारंभ कर उसका समापन "ओम् शांतिः शांतिः शांतिः" से किया जाता है। पौराणिक साहित्य में बहुधा 'ओम्' में सम्मिलित 'अ' को विष्णु,'ओ' को शिव एवं 'म' को ब्रह्मा कहा गया है। "आकारों विष्णु रुद्दिष्ट उकारस्तु महेश्वरः। मकारोच्यते ब्रह्मा प्रणवेन त्रयो मताः।।" इस प्रकार ओंकार प्रणव से तीनों का बोध होता है। अन्यत्र अ को ब्रह्मा, उ को विष्णु तथा म् को रुद्र का सूचक माना गया है। पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह भी विदित होता है कि "ॐ", ओम की तीन मात्राएं प्रकृति के सत्व, रज और तम की सूचक भी हैं। अकार, उ कार तथा म कार में अकार सतोगुण, उ कार रजोगुण तथा म कार तमोगुण का प्रतीक है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

नारद पुराण के पूर्वभाग, प्रथम पाठ के अनुसार, ब्रह्मा ने 'ऊंकार' के अवयव, उ कार एवं म कार को ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के दोहन से निकाला, जिसके पाठ से वेदाध्ययन का पुण्य प्राप्त होता है। सनातन धर्म की परंपरागत मान्यता के अनुसार "ॐ" के उच्चारण में संपूर्ण ब्रह्मांड का ही ज्ञान समाहित है। सात्विक भाव से इसके जाप से जापकर्ता के शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे मानसिक शांति मिलती है, तनाव से मुक्ति मिलती है, अनिद्रा की बीमारी से मुक्ति मिलती है और शारीरिक-मानसिक शक्ति का विकास होता है। संस्कृत में ओम को प्रणव भी कहा जाता है, जिसका अर्थ गुनगुनाना होता है। "ॐ" के पर्यायवाची 'प्रणव' का अभिप्राय ही प्राण संचारी या प्राण का संचारक होता है। ईसापूर्व दूसरी सदी में हुए महान चिकित्मक, 'चरक संहिता' के प्रणेता,'योगसूत्र' के परमाचार्य पतंजलि के शब्दों में ओम के विषय में उल्लेख हैं,"तस्य वाचकः प्रणव;"। इसका शाब्दिक अर्थ है कि प्रणव वस्तुतः ईश्वर या "ॐ" है। स्मरणीय है कि ओम को ब्रह्मांड की ध्वनि या आवाज भी कहा गया है।

## वर्ग पहेली-222

**बाएं से दाएं**

1.1.पोला, रिक्त 2.जिसके भीतर कुछ भी न हो 3.निरर्थक, सारहीन 4.भावशून्य 5.शक्तिहीन, दुर्बल।

5.(पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7.1.प्रत्यक्ष ज्ञान 2.संवेदन 3.प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4.व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5.तज़ुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8.1.क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2.धारिता, ग्रहणशक्ति 3.हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4.अधिकार।

**ऊपर से नीचे**

2.मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3.1.बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2.कामधेनु।

4.1.कल्पना 2.कामदेव, मनोज 3.प्रेम।

6.सेतु, पुल।

7.1.हमला, आक्रमण 2.आघात, प्रहार 3.किसी बात या कार्य पर सख्त आपत्ति या आलोचना।




### वर्ग पहेली -221 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 शृ | गा | ल | | | 2 उ |
| | | | 3 सु | रू | प |
| | | | ले | | च |
| 4 मु | | | ख | | य |
| 5 सा | ध | 6 नि | क | | |
| हि | | ज़ा | | | |
| 7 ब | ढ़ | ई | | 8 ठो | सा |

## सुडोकू-135

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | 5 | | 4 |
| | 8 | 7 | | 1 | | 2 | | |
| 6 | | 3 | | 2 | 9 | | 1 | |
| | 7 | | | | | | 3 | |
| 3 | | | 9 | | 6 | | | 1 |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | 3 | | 4 | 6 | | 1 | | 9 |
| | | 1 | | 3 | | 6 | 7 | |
| 2 | | 8 | | | 1 | | 4 | |

### सुडोकू - 134 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 15 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 16 अक्टूबर 00.19 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22.08 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद

**मेष** — आज दांपत्य संबंधों में ताजगी रहेगी। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी। लेकिन एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। महिलाएं अपने साज-सज्जा पर काफी ध्यान देंगी।

**वृष** — आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। खोयी हुई वस्तु आपको आज वापस मिल सकती है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

**मिथुन** — आज अध्यात्मिक विषयों पर गूढ अध्ययन कर सकते हैं। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** — आज प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। कुल मिलाकर आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं, तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा। व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। मेहनत के बलबूते कई सारे कार्य एक साथ कर लेंगे।

**कन्या** — आज प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** — आज ऑफिस का काम समय पर पूर्ण हो जायेगा। ग्रह स्थिति आपके पक्ष में हो सकती है। दोस्तों के साथ समय बिताना पसन्द करेंगे। सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** — आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। यदि भीड़भाड़ वाले इलाकों में जा रहे हैं तो सावधानी अवश्य रखें। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी छवि में निखार आ सकता है।

**धनु** — आज घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग करें।

**मकर** — आज अपनी नकारात्मक आदतों पर नियंत्रण रखें। गरिष्ठ और तला-भुना भोजन कब्ज और माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। जॉब में तनाव बढ़ने की संभावना है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं।

**कुंभ** — आज यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं, तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। जीवनसाथी का सहयोग अपने कार्य को लेकर ऊर्जा प्रदान करेगा। आपके करियर में नया मोड़ आ सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा।

**मीन** — आज आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी उच्च अधिकारियों से असंतुष्ट हो सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
नजर के सामने — सुबह: 09.40
सिंह इज किंग — रात: 07.17

&pictures
खिलाड़ी — सुबह: 10.44
तिरंगा — रात: 07.30

Sony Pix
गूसबम्प्स — सुबह: 10.14
इट चैप्टर टू — रात: 09.00

Zee Cinema
भवानी जंक्शन — सुबह: 09.10
हैपी फिर भाग जाएगी — शाम: 06.00

Zee Action
मास — सुबह: 10.32
मक्खी — रात: 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम: 06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति-मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार- बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊं?
औरत- मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

## एक नजर

### नाबालिग को भगा ले गया युवक, केस दर्ज

**धानेपुर** : क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति के मुताबिक उसकी 14 वर्षीय मानसिक मंदित बहन को पड़ोसी गांव खेवंडापुर दूल्हापुर बनकट गांव निवासी लवकुश 12 अक्टूबर को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। आरोप है कि इससे पहले 28 अगस्त को भी आरोपी युवक उसकी बहन को भगा ले गया था। उस समय शिकायत की थी जिस पर पुलिस ने सुलह समझौता करा दिया था। आरोपी ने ग़लती दोबारा नहीं करने का वादा किया था लेकिन एक बार फिर आरोपी उसे भगा ले गया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# कबाड़ से बनी 'वेस्ट टू फ्लावर गैलरी' बनी आकर्षण का केंद्र

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के लिए एक अनूठी पहल की है। डीएम की पहल पर शहर के शहीद-ए-आज़म भगत सिंह इंटर कॉलेज की बाउंड्रीवॉल पर 'वेस्ट टू फ्लावर गैलरी' स्थापित की गई है। कबाड़ से बनाई गयी यह वेस्ट टू फ्लावर गैलरी लोगों में आकर्षण का केंद्र बनी है। इस गैलरी को तैयार करने में विकास भवन, कलेक्ट्रेट, जिलाधिकारी आवास से लेकर नगर पालिका के कार्यालय में पड़ी खराब कुर्सियों और टायरों का उपयोग किया गया है। लोग जिलाधिकारी के इस पहल की सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह पहल न केवल शहर को स्वच्छ और सुंदर बना रही है बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैला रही है। यदि हम सब मिलकर छोटे-छोटे कदम उठाएं तो बड़े बदलाव संभव हैं।

> कबाड़ या बेकार समझे जाने वाले सामानों में भी नई उपयोगिता और सुंदरता ढूंढी जा सकती है। 'वेस्ट टू फ्लावर गैलेरी' इसी सोच पर आधारित है कि कैसे हम पुराने सामानों को दोबारा उपयोग में लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता में अपना योगदान दे सकते हैं।
>
> **-नेहा शर्मा**, डीएम, गोंडा



इंटर कॉलेज की दीवार पर बनायी गयी वेस्ट टू फ्लावर गैलरी। अमृत विचार

### रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर बनी गैलरी

रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर आधारित इस गैलेरी में पुरानी कुर्सियों और टायरों को सजाकर पौधों के लिए उपयोग किया गया है। आकर्षक रंगों में रंगे गए टायर और सजी हुई कुर्सियां इस दीवार की सुंदरता को और बढ़ा रही हैं। साथ ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दे रही हैं। यह पहल न केवल स्वच्छता अभियान को मजबूती दे रही है, बल्कि लोगों को कबाड़ से भी सुंदरता और उपयोगिता का सृजन करने की प्रेरणा दे रही है। इस पहल को लेकर डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि कबाड़ या बेकार समझे जाने वाले सामानों में भी नई उपयोगिता और सुंदरता ढूंढी जा सकती है। 'वेस्ट टू फ्लावर गैलेरी' इसी सोच पर आधारित है कि कैसे हम पुराने सामानों को दोबारा उपयोग में लाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता में अपना योगदान दे सकते हैं। डीएम ने कहा कि इस पहल के माध्यम से यह संदेश देना है कि स्वच्छता केवल कचरा उठाने तक सीमित नहीं है, बल्कि कचरे को कम करना और उसका पुनः उपयोग करना भी जरूरी है।

### नपा में शामिल होने से 20 गुना बढ़ गई तालाब की नीलामी बोली

**करनैलगंज** : नगर पालिका परिषद करनैलगंज के सीमा विस्तार के बाद एक तालाब की नीलामी बोली दस वर्ष में 20 गुना अधिक हो गई। ग्राम पंचायत पिपरी के मजरा बदलेपुरवा और बरइन पुरवा के बीच गाटा संख्या 514/1.900 हे. करीब 20 बीघा से अधिक का लंबा चौड़ा तालाब है। नगर पालिका कार्यालय में जब बोली लगाई गई तो उसकी बोली 4 लाख के ऊपर पहुंच गई। अधिशाषी अधिकारी धनुषधारी सिंह ने बताया कि कुल 9 लोग बोली में शामिल हुए। समित कुमार के नाम से अंतिम बोली 4 लाख 5 हजार रुपये लगाई गई।

# हत्या कर बच्ची का शव दफनाया

## मड़हे में गड़ा मिला शव, पांच दिन से लापता थी बच्ची, मचा कोहराम

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के सकरौरा पश्चिमी मोहल्ले में एक बच्ची की हत्या कर उसका शव दफना दिया गया। सोमवार को उसका शव मोहल्ले के एक मड़हे में गड़ा हुआ पाया गया। बच्ची पांच दिन से लापता थी और पुलिस तथा परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। सोमवार को दुर्गंध उठने की शिकायत पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वह अवाक रह गयी। बच्ची का शव मिलने से उसके परिवार में कोहराम मचा है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। और घटना की जांच में जुट गयी है।



शहनुमा (फाइल फोटो)।

कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के सकरौरा पश्चिमी स्थित लोहिया पुल के पास छप्परनुमा मकान में रोशन अली का परिवार रहता है। रोशन अली ठेला चलाकर परिवार का पालन पोषण करते है। पांच दिन पूर्व बृहस्पतिवार को दिन में 11 बजे रोशन अली की 7 वर्षीय बेटी शहनुमा अपने घर के पास स्थित एक दुकान पर कुछ सामान लेने गई हुई थी। लेकिन काफी समय बाद वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्ची नहीं मिली तो रात में परिजन कोतवाली जाकर घटना की तहरीर दिया। जिसके बाद से पुलिस बच्ची की तलाश कर रही थी। लेकिन परिजनों व पुलिस के काफी खोजबीन के बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।



घटनास्थल पर जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

सोमवार की सुबह मोहल्ले में ही स्थित एक मड़हे से दुर्गंध उठता देख कुछ लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मड़हे के नीचे जमीन की खोदाई करायी तो नीचे मासूम शहनुमा का शव गड़ा हुआ था। यह देख पुलिस भी अवाक रह गयी। बताया जा रहा है कि बच्ची की हत्या कर उसका शव दफनाया गया है। जानकारी मिलते ही सैकड़ो की संख्या में लोग लोहिया पुल के पास घटना स्थल पर एकत्र हो गए। शव बरामद होने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल का जायजा लिया।

बच्ची के मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। बच्ची की मां रुबीना का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## दो युवकों की डूबने से हुई मौत के बाद अवाक हैं गांव के लोग

# फुटहिया गांव में पसरा मातमी सन्नाटा

फॉलोअप

**गोंडा, अमृत विचारः** विसर्जन के दौरान नदी में दो युवकों की डूबकर हुई मौत से फुटहिया गांव के लोग अवाक है। एक साथ दो दो युवकों की मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। रविवार से ही गांव के किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला है। रविवार को सत्यम और सोमवार को अमरजीत का शव मिलने के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। हर किसी की जुबां पर बस एक ही बात दिखी काश! लड़के बड़ों की बात मान लेते तो यह दर्दनाक हादसा नहीं होता।

छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे फुटहिया में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया था। दस दिनों तक गांव में श्रद्धा और उल्लास छाया था। शनिवार को मां की प्रतिमा के विसर्जन के लिए गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा में राकेश, सत्यम और अमरजीत भी थे। सभी लोग नाचते गाते शाम करीब 7.30 बजे मनवर नदी के पिपरही घाट पहुंचे तो अंधेरा हो चुका था। घाट पर लोग प्रतिमाओं को विसर्जित कर रहे थे। जब फुटहिया गांव के प्रतिमा विसर्जन की बारी आई तो राकेश, सत्यम और अमरजीत भी नदी में उतरने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि घाट पर अंधेरा होने के कारण नदी की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा था। इसी बीच राकेश, सत्यम और अमरजीत गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों की निगाह डूबते युवकों पर पड़ी तो अफरा तफरी मच गयी। स्थानीय गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए पानी में डूब रहे राकेश को तो सुरक्षित निकाल लिया लेकिन सत्यम और अमरजीत पानी के बहाव में खो गए और दोनों की डूबकर मौत हो गयी। एसडीआरएफ की टीम ने रविवार को सत्यम और सोमवार को अमरजीत का शव बरामद किया।



तलाश करते एसडीआरएफ के सदस्य। अमृत विचार

### पुलिस प्रशासन के रवैये से भी आहत हैं गांव के लोग

फुटहिया गांव के लोग पुलिस प्रशासन के रवैये से भी आहत हैं। ग्रामीण इस घटना के लिए स्थानीय प्रशासन को भी दोषी मानते है। ग्रामीणों का कहना था कि पिपरही घाट पर प्रतिमा विसर्जन के लिए किसी तरह की व्यवस्था नहीं थी। घाट पर अंधेरा छाया हुआ था। पुलिस बल भी घाट से नदारद था। आरोप है कि जब घटना की जानकारी एसओ छपिया को दी गयी और उनसे डूबे युवकों की तलाश कराने के लिए गुहार लगाई गयी तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि रात में तलाशी का काम नहीं हो सकता।

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबे अमरजीत का शव भी बरामद

**मसकनवा** : शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान मनवर नदी में डूबे दूसरे युवक अमरजीत का शव भी सोमवार को बरामद हो गया। एसडीआरएफ व पीएसी के गोताखोर 36 घंटे से शव की तलाश में जुटे थे। घटना में डूबे सत्यम का शव रविवार को ही मिल गया था लेकिन अमरजीत का पता नहीं चल सका था। अथक प्रयास के बाद गोताखोरों ने सोमवार को अमरजीत का शव ढूढ़ निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। छपिया थाना क्षेत्र के महुली खोरी फुटहिया गांव के अमरजीत गुप्ता, सत्यदेव उर्फ सत्यम विश्वकर्मा व राकेश कुमार शनिवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए मनवर नदी के पिपरही घाट गए थे। विसर्जन के दौरान तीनों नदी के गहरे पानी में चले गए थे और डूब गए थे। ग्रामीणों ने राकेश को तो जीवित बचा लिया था लेकिन सत्यम व अमरजीत पानी में बह गए थे। रविवार से ही पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। लापता युवकों की तलाश के लिए एसडीआरएफ व पीएसी के गोताखोर बुलाए गए थे। सोमवार की सुबह एक बार फिर से अमरजीत की तलाश शुरू की गयी। कुछ देर बाद पीएसी के गोताखोरों ने अमरजीत का शव भी बरामद कर लिया। एसओ छपिया कृष्ण गोपाल राय ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



# सक्रिय सदस्यता को लेकर कार्यशाला आयोजित

**गोंडा, अमृत विचारः** भाजपा की सक्रिय सदस्यता को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी एमएलसी विजय बहादुर पाठक, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष लखनऊ राम निवास यादव, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप एवं संचालन महामंत्री जसवंत लाल सोनकर ने किया।

पाठक ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। जिन कार्यकर्ताओं ने एक ही विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 50 सदस्य बनाये हैं, उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया जा सकता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक प्राथमिक सदस्य को नमो एप्प माइक्रो डोनेशन पोर्टल के माध्यम से शुल्क के रूप में 100 रुपये का भुगतान करने के बाद उसका स्क्रीन शॉट सक्रिय सदस्यता फार्म में संलग्न कर मण्डल अध्यक्ष के माध्यम से जिला समीक्षा समिति को भरा हुआ आवेदन पत्र और उसके द्वारा बनाये गए सदस्यों की सूची निर्धारित प्रारूप में जमा करनी होगी। सक्रिय सदस्यता फार्म भरकर मण्डल को एवं मण्डल से जिला पर जमा होगा। 5 नवम्बर 2024 को जिलाध्यक्ष को जिला समीक्षा समिति की अनुमति से सक्रिय सदस्यता सूची जिला कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित करनी होगी। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप पूर्व जिला अध्यक्ष लखनऊ रामनिवास यादव डॉ रंजन शर्मा दीपक अग्रवाल एवं राघवेन्द्र ओझा ने अपने विचार रखे। मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल सदस्यता टोली, मोर्चा के जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।



पदाधिकारियों को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप।

### सदस्यता अभियान में बनाए गए भाजपा के सदस्य

**गोंडा** : शेष चौरसिया पूर्व सभासद, कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगियों के साथ अभियान चला कर काफी संख्या में लोगों को भाजपा से जोड़कर सदस्यता दिलाई है। सदस्यता अभियान बड़गांव वार्ड नंबर 6 के अंतर्गत खैरा कॉलोनी, बड़गांव, मेडिकल कॉलोनी, एवं नई बस्ती में चलाकर 100 लोगों से अधिक को भारतीय जनता पार्टी में सदस्य बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के दौरान श्रीमती शांति देवी चौरसिया पूर्व सभासद, पूर्व उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सचिन चौरसिया, सेक्टर संयोजक बड़गांव रानी बाजार ज्ञानेंद्र पाठक, जज्जू चौरसिया, राकेश सिंह, गुल गुल सिंह, दुर्गेश चौरसिया, रिशु कनौजिया, चंद्रभान दुबे, चंद्रिका पासवान, राधेश्याम साहू, कैलाश चौरसिया जुग्गी लाल साहू, निर्मल तिवारी, मंटू चौरासिया, प्रशांत श्रीवास्तव, पप्पू साहू, रामू पासवान, विशाल शुक्ला, वीरू कनौजिया, निहाल वर्मा, रवि वर्मा, अरुण, मोहित रोहित, अकित वर्मा, आशीष ओझा, रिंकू साहू, विन्दे वर्मा, निखिल पाण्डेय अनुराग शुक्ला, महेंद्र साहू, सचिन जयसवाल, अदालती चौरसिया, रवि कांत श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, रवि नंदा, विक्की कश्यप, मनोज राय आदि लोग रहे।

### सरसों की वैज्ञानिक खेती विषयक प्रशिक्षण सम्पन्न

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार** : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में सरसो की वैज्ञानिक खेती विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने राई- सरसों की उन्नतशील प्रजातियां, भूमि एवं भूमि की तैयारी, बुवाई, खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरसों फसल की बुवाई का उपयुक्त समय अक्टूबर का प्रथम पखवाड़ा है। किसान सरसों की बुवाई अक्टूबर माह में करते हैं। राई- सरसों की उन्नतशील प्रजातियों में नरेंद्र 8501, आर एच 725, आर एच 749, सीएस 58, पंत पीली सरसों-1, आजाद महक, पूसा 0031 आदि मुख्य हैं। सरसों फसल की बुवाई में पंक्ति से पंक्ति की दूरी डेढ़ फुट तथा पौधे से पौधा की बीच की दूरी आधा फुट रखते हैं। डॉ. डी के श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने सरसों की फसल में कार्बनिक खादों के प्रयोग एवं महत्व की जानकारी दी। डॉ.अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने सरसों में बीज शोधन, बीज उपचार तथा फसल सुरक्षा प्रबंध की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने फसल में सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषकों अयोध्या प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, जगन्नाथ वर्मा, सूर्य प्रताप सिंह, शीला देवी, कन्हैया लाल यादव आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

# राशन कार्ड सत्यापन में 6 हजार यूनिट अपात्र, निरस्त

▸▸ अभी भी हो रहा सत्यापन, काफी संख्या में राशन कार्ड के नए आवेदन है लंबित

**गोंडा, अमृत विचारः** अपात्र राशन कार्ड सूची का सत्यापन शुरू हो गया है। अब तक नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सत्यापन में 6000 से अधिक राशन कार्ड की यूनिट अपात्र पाए गए हैं, जिनको राशन कार्ड से निरस्त किया गया है। निरस्त होने से नए आवेदकों के राशन कार्ड की चाहत पूरी होने की उम्मीद जगी है।



जिले में आयकर दाता, निराश्रित महिला तथा सरकारी केंद्र पर गेहूं बेचने वालों की संभावित अपात्रों की सूची शासन में चिन्हित कर जिले स्तर पर भेजा है। शासन की ओर से आदेश था कि इन सभी लोगों का सत्यापन कराया जाए और जो पात्र राशन कार्डधारक आवेदन है उनका राशन कार्ड जारी किया जाए। शासन के आदेश को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए नगर क्षेत्र के राशन कार्डधारकों के सत्यापन के लिए अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन की ओर से लगातार सत्यापन के प्रगति भी मांगी जा रही है। खाद्य आयुक्त कार्यालय लखनऊ लगातार जितने कार्ड का सत्यापन हो गया हो उसके बारे में जिला आपूर्ति अधिकारी से जानकारी ले रहा है।

जिलाधिकारी सत्यापन की स्थिति से रूबरू होने के लिए पूर्ति कार्यालय को निर्देशित कर रहे हैं। अब तक ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र से करीब 6000 से अधिक राशन कार्डो के यूनिट का सत्यापन हो गया है जिनको निरस्त भी कर दिया गया है। उसके बाद नए पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड जारी होगा। राशन कार्ड के लिए लगभग 20000 से अधिक लोगों ने आवेदन कर रखा है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि सत्यापन का कार्य हो रहा है। लगभग सूची के 6 हजार राशन कार्ड के यूनिट का सत्यापन हुआ। रिपोर्ट आ गई है। राशन कार्ड की यूनिट निरस्त भी कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि अपात्रों का नाम हटाने के बाद नया राशन कार्ड जारी किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### 800 मीटर दौड़ में नीरज सिंह, बालिका वर्ग में अंशु प्रथम



बेलसर के महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज के क्रीड़ा प्रतियोगिता में उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

**बेलसर** : बेलसर के महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज के क्रीड़ा प्रांगण में 70 वें एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। 800 मी सीनियर बालक दौड़ में डीएवी इंटर कॉलेज नवाबगंज के नीरज सिंह ने प्रथम स्थान, गांधी विद्यालय रेलवे कॉलोनी के रामू गुप्ता ने द्वितीय स्थान, जबकि गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज के रमन यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 800 मी बालिका सीनियर अंडर-19 दौड़ में अंशु साहू नगर पालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज ने प्रथम स्थान, ज्योति जनता इंटर कॉलेज कौड़िया ने द्वितीय स्थान तथा सीमा देवी सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगमगंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मी जूनियर बालक वर्ग में अखिलेश डीएवी इंटर कॉलेज नवाबगंज ने प्रथम स्थान, दीपक यादव श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज नवाबगंज ने द्वितीय स्थान, जबकि महाराजा देवी बख्श इंटर कॉलेज बेलसर के सोनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में 800 मी बालिका जूनियर वर्ग में भारतीय इंटर कॉलेज कटरा बाजार की काजल ने प्रथम स्थान, नगर पालिका नवाबगंज की कोमल यादव ने द्वितीय स्थान तथा सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगम की सपना निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह जबकि विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र रहे।

### साइबर सेल ने पीड़ित को वापस करायी धनराशि

**गोंडा** : कस्टमर केयर कॉल पर भरोसा कर उसके भेजे लिंक पर अपने क्रेडिट कार्ड का नंबर व ओटीपी शेयर करने की गलती ने एक युवक के बैंक अकाउंट को खाली कर दिया। परसनपुरवा के रहने वाले संजय तिवारी के मुताबिक उनके मोबाइल नंबर पर कस्टमर केयर नाम से एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का अधिकारी बताते हुए संजय से उनके क्रेडिट कार्ड का नंबर और मोबाइल पर भेजी गयी ओटीपी मांगी। संजय ने कस्टमर केयर की कॉल पर भरोसा कर फोन करने वाले जालसाज को अपना क्रेडिट कार्ड नंबर व ओटीपी शेयर कर दिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से 44726 रुपये निकल गए। कोतवाली पुलिस ने साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। साइबर हेल्प डेस्क ने तत्परता दिखाते हुए सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित कर उड़ाई गयी धनराशि को होल्ड कराया और फिर उसे पीड़ित के खाते में वापस कराया। एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल साझा करने से बचना चाहिए।

### सर्किट हाउस में कल होगी महिला जनसुनवाई

**गोंडा** : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ की सदस्या ऋतु शाही 16 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे सर्किट हाउस में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व महिला जनसुनवाई करेंगी। जनपद की ऐसी महिलायें जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा से पीड़ित हों, तो त्वरित न्याय एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने के लिए उक्त महिला जनसुनवाई में उपस्थित हों सकती हैं।

### पुलिस चौकी पर बैठक में शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील

**करनैलगंज** : दुर्गा विसर्जन के दौरान जिले में व पड़ोसी जिला बहराइच में भड़की हिंसा के मद्देनजर नगर पुलिस चौकी पर सोमवार को एक शांति कमेटी की बैठक बुलाई गई। एसडीएम भारत भार्गव ने कहा कि आप सभी नगरवासी पूरे इलाके में अमन व शांति बनाए रखते हुए गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने में प्रशासन की मदद करें। कोतवाल श्रीधर पाठक ने कहा कि सुरक्षा व शांति की जिम्मेदारी सभी नगर वासियों की भी है। इस मौके पर शमीम अहमद अच्छन, सरदार जोगिंदर सिंह जानी, सरदार हरजीत सिंह, कन्हैयालाल वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सराहनीय

### गरीबों व भटके लोगों के लिए फरिश्ता बने सिपाही अमित कुमार

# किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार ...जीना इसी का नाम है

करनैलगंज/ गोंडा, रमेश पांडेय

▸▸ ड्यूटी के साथ मजलूमों व बेसहारा लोगों की मदद कर सुधार रहे पुलिस की छवि

**अमृत विचार** : बॉलीवुड फिल्म 'जीना इसी का नाम है' के गाने की लाइनें 'किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार। किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार...जीना इसी का नाम है' जब सुनते हैं तो दूसरे की मदद करने का भाव आता है। हालांकि कोई किसी की मदद निस्वार्थ भाव से कर रहा हो यह बेहद कम ही देखने को मिलता है। इस तरह की मदद करने वाला अगर कोई पुलिस का जवान हो तो इस पर लोग कम ही भरोसा करेंगे, लेकिन इसे सच कर दिखाया है यूपी पुलिस के सिपाही अमित कुमार ने जो इस भाव को आत्मसात कर गरीबों व भूखे लोगों के लिये फरिश्ता बन गए हैं। वह अपनी ड्यूटी के साथ भूखे, गरीब व बेसहारा लोगों की मदद कर रहे हैं। उनके इस नेक कार्य की हर कोई प्रशंसा कर रहा है।

कोतवाली करनैलगंज के कस्बा पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही सिपाही अमित अक्सर सिविल ड्रेस में आम लोगों की तरह चौक बाजार, मंडी व ऐसे स्थान जहां दिहाड़ी मजदूरों का जमावड़ा होता है वहां घूमते रहते हैं और जरूरतमंदों को नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराते हैं। मानसिक तौर पर बीमार लोगों को खाना खिलाने तथा भटके हुए लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की उनकी कोशिश होती है।



मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को नाश्ता कराते व उससे बातचीत करते अमित।

> अक्सर पुलिस पर लोग ज्यादती करने का आरोप लगाते हैं लेकिन यह आरोप ठीक नहीं है। पुलिसकर्मी भी समाज का हिस्सा हैं। इसे सिपाही अमित कुमार के कार्यों से समझा जा सकता है। अमित जो कर रहे हैं वह पूरे विभाग के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। इस तरह के समाजिक कार्य के जरिए ही मित्र पुलिस की अवधारणा को सफल बनाया जा सकता है।
>
> **-उमेश्वर प्रभात सिंह,** क्षेत्राधिकारी, करनैलगंज

सिपाही अमित कुमार बताते हैं कि रात में गस्त के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप व चौक चौराहों पर बहुत से भूखे प्यासे निराश्रित लोग भटकते रहते हैं। हमने उनकी हालत देख कर मदद करने की ठान ली है। अब हर रोज जहां कहीं कोई भूखा प्यासा जरूरतमंद मिल जाता है। उसको खाना खिलाने सहित हर संभव मदद कर देते हैं जिससे मन को बहुत सुकून मिलता है। अपनी ड्यूटी के साथ लोगों की मदद करने का जो बीड़ा इस सिपाही ने उठाया है उसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक व कस्बा चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने सिपाही अमित कुमार की सराहना करते हुए उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं।

## बहराइच में बवाल

# तोड़फोड़ और आगजनी के बीच उपद्रवियों को खदेड़ती रही पुलिस

### पांच घंटे तक चला उपद्रव, चपेट में आए कई इलाके, जिले में हाई अलर्ट, प्रमुख स्थानों पर पुलिस तैनात

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच के महाराजगंज कस्बे में सोमवार की सुबह शुरू हुई हिंसा की चपेट में बेड़नापुर, भगवानपुर, रमपुरवा बाजार, गौरीशंकरपुरवा समेत कई इलाके आ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पांच घंटे तक उपद्रव किया। राहगीरों को भी नहीं बख्शा, उनकी पिटाई कर दी। उपद्रवी तोड़फोड़ और आगजनी करते रहे और पुलिस लाठी भांजकर उन्हें खदेड़ती रही। इस दौरान इलाकाई लोग घरों में कैद रहे।

महाराजगंज हिंसा के बाद पूरे बहराइच जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। प्रमुख स्थानों पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने अपील की है कि लोग संयम बरतें, कोई समस्या नहीं है। छोटी छोटी बात को लेकर कोई विवाद न करें। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि बाबागंज, नानपारा, रूपईडीहा, मोतीपुर में भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। फोर्स लगातार गश्त कर रही है। पीएसी भी तैनात की गई है।


महाराजगंज में उपद्रव के बाद पीएसी के साथ मार्च करती पुलिस।


महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा फूंकी गई बाइक।


महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा लगाई आग बुझाता दमकलकर्मी।


उपद्रव के दौरान आरोपी को दबोचते पुलिसकर्मी।


हिंसा पर नियंत्रण की रणनीति बनाती डीएम और एसपी।

## छत पर भगवा लहराने के 25 मिनट बाद हुई हत्या

**अमृत विचार, लखनऊ/बहराइच :** महसी तहसील इलाके के महाराजगंज बाजार में एक संप्रदाय से जुड़े व्यक्ति की छत पर धार्मिक झंडा लगा था। उसे रामगोपाल ने हटाया और भगवा झंडा लगा दिया। नारेबाजी भी की। स्थानीय लोगों के मुताबिक भगवा झंडा लगाने के 25 मिनट बाद ही रामगोपाल की हत्या कर दी गई। भगवा झंडा फहराने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस तरह के वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जांच करवाई जायेगी। इसके बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

### वीडियो हुआ वायरल जांच कर रही पुलिस


वायरल वीडियो की फुटेज।

### मौके से भाग गए एसडीएम, नहीं दी गाड़ी

रामगोपाल को अस्पताल ले जाने के लिए लोगों ने जब एसडीएम से गुहार लगाई तो वह भाग गए। बाइक से किसी तरह से रामगोपाल को अस्पताल ले जाना पड़ा। एसडीएम की इस हरकत से परिजन आक्रोशित हैं। चचेरे भाई ने बताया कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही से वारदात हुई। रामगोपाल को अस्पताल पहुंचाने के लिए एसडीएम से मदद मांगी गई तो उन्होंने अपनी गाड़ी देने से मना कर दिया। वहां से भाग गए। परिजन ने कहा कि अगर एसडीएम अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचा देते तो शायद जान बच जाती। सोमवार को जब एसडीएम गांव पहुंचे तो आक्रोशित लोगों ने खदेड़ दिया।

### महाराजगंज में डटे मंडल-प्रदेश स्तर के अधिकारी

महाराजगजं में ही जिले, मंडल और प्रदेश के अधिकारियों ने कैंप कर दिया है। सोमवार दोपहर तीन बजे तक बवाल चलता रहा। उपद्रव पर नियंत्रण के लिए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश, आईजी केएस प्रताप सिंह, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, डीएम मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम, सीओ महसी, बस्ती सीओ मौजूद रहे।

### एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने पुलिस लाइन में की बैठक

महाराजगंज कस्बे में जुए उपद्रव के संबंध में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता ने जिले और मंडल के अधिकारियों के साथ सोमवार शाम को पुलिस लाइन में बैठक शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर रामानंद कुशवाहा, जिले के पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

### हिंसा में 12 घायल, अधिक लोगों के चोटिल होने की आशंका

हिंसा में घायल हुए सुधाकर तिवारी (45), सत्यवान (40), अखिलेश वाजपेयी (55) विनोद मिश्रा (60), लाल विश्वकर्मा (55) समेत 12 से अधिक लोग घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनुमान जताया जा रहा है कि घायलों की संख्या इससे कहीं अधिक है। ज्यादातर का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बाबागंज में पुलिस ने जुलूस रोका, लोगों में नाराजगी

**अमृत विचार, बाबागंज :** बाबागंज में हिंदू समाज के लोगों द्वारा निकाले गए जुलूस को चौकी इंचार्ज और रूपईडीहा थाने की पुलिस ने रोक दिया। इससे लोगों में नाराजगी दिखी। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से किसी ने विरोध नहीं जताया।

### विधायक सुरेश्वर सिंह बोले, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलेगा

रामगोपाल मिश्रा के अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि जरूरत पड़ी तो आरोपियों के घरों पर बुलडोजर भी गरजेगा। अभी संयम रखने की जरूरत हैं। सरकार इस मामले में लगातार निगरानी कर रही है। जिसकी लापरवाही होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि रामगोपाल उनके बेटे जैसा था। परिवार के साथ भाजपा और वह स्वयं खड़े हैं।


महाराजगंज में घटना स्थल पर बहराइच के डीएम-एसपी से जानकारी लेते अमिताभ यश एडीजी लॉ एंड ऑर्डर और संजीव गुप्ता सचिव गृह। अमृत विचार

## तहसील मुख्यालय पर शव रखकर प्रदर्शन

### आरोपियों को फांसी और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की लोग कर रहे थे मांग | विधायक ने मुख्यमंत्री योगी से कराई बात, उनके आश्वासन पर दोपहर दो बजे हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** विसर्जन यात्रा के दौरान हुए बवाल के दौरान रेहुआ मंसूर गांव के रामगोपाल मिश्रा की मौत के बाद उसका शव लेकर परिजन और ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय महसी पर सुबह से दोपहर तक करीब पांच घंटे प्रदर्शन किया। वे आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने और उनके मकान पर बुल्डोजर चलाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय भाजपा विधायक द्वारा फोन पर कराई गई बातचीत में मुख्यमंत्री योगी के आश्वासन पर ही वे शांत हुए और दोपहर बाद दो बजे अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि बड़े भाई ने दी।

रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकलने के दौरान महसी के महाराजगंज बाजार में हुए बवाल के दौरान हुई मौत के बाद रविवार देर रात रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सुबह 7.30 बजे शव घर पहुंचा। इसके बाद हजारों की भीड़ शव लेकर तहसील मुख्यालय महसी पहुंच गई। यहां पर सभी ने शव रखकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को बुलवाने, आरोपियों के विरुद्ध बुलडोजर की कार्यवाई करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। दोपहर तक प्रदर्शन चलता रहा।

भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर वार्ता कर मांग के बारे में बताया। विधायक ने सभी मांग पूरी होने की बात परिवार के लोगों से कहीं। डीएम मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने भी परिवार के लोगों को आश्वासन दिया। इसके बाद शांत हुए ग्रामीण दोपहर 12.30 बजे शव लेकर गांव पहुंचे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर दो बजे शव का अंतिम संस्कार हुआ। बड़े भाई हरि मिलन मिश्रा ने शव को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान गांव के लोगों की काफी भीड़ रही। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मालूम हो कि मृतक राम गोपाल की शादी छह माह पूर्व ही हुई थी। पिता काफी बुजुर्ग हैं।

### उपद्रव के चलते बंद रहा बसों का संचालन

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के महसी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में उपद्रव के चलते बहराइच और सीतापुर जिले के बीच वाहनों का आवागमन बंद रहा। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश के आने और उपद्रवियों को पिस्टल लेकर खदेड़ने के बाद मामला शांत हुआ। लगभग चार बजे से बसों का आवागमन शुरू हो सका। इस दौरान यात्री परेशान रहे। बहराइच से सीतापुर जाने वाली बसों का संचालन भी दो समुदाय के बीच हुए विवाद के बीच फंस गया। पुलिस की सूचना पर बहराइच और अन्य क्षेत्रों से सीतापुर जाने वाली बसों को बेड़नापुर चौकी से पहले ही रोक किया गया। बवाल के चलते वाहनों को आगे नहीं बढ़ाया गया दो पहिया और इमरजेंसी सेवाएं ही सिर्फ चलती रही। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर के आने और पिस्टल लहराकर लोगों को खदेड़ने के बाद मामला शांत हुआ। दोपहर तीन बजे के बाद वाहनों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस दौरान बस में सवार यात्री काफी परेशान रहे। सभी को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## सड़क हादसों में मंडी इंस्पेक्टर समेत 4 की मौत

संवाददाता, बहराइच/कैसरगंज

**अमृत विचार।** जिले के कोतवाली देहात, मोतीपुर और कैसरगंज क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसों में मिहिपुरवा मंडी समिति के इंस्पेक्टर समेत चार लोगों की मौत हो गई। एक साथ दो मौत कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई। जबकि दो घायल हुए हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कैसरगंज थाना अंतर्गत जमल्दीपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे खम्भे से टकरा गई। जिसमें नरुद्दीन पुत्र फिरोज उम्र लगभग 18 वर्ष निवासी ग्राम कन्दैला थाना कैसरगंज की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दूसरा मो0 कादिर उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया गया जां इलाज के दौरान मौत हो गयी। नरुद्दीन व मो. कादिर निवासी ग्राम कन्दैला अपने घर से मोटरसाइकिल से कैसरगंज की ओर आ रहे थे कि जमल्दीपुर के निकट नेशनल हाइवे पर सडक के किनारे लगे एक खम्भे से टकरा गयी। जिसमे नुरूद्दीन की मौत हो गयी वही मो. कादिर की चिकित्सालय मे मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच की जा रही है। कोतवाली देहात के बहराइच गोंडा हाइवे मार्ग पर बीती रात श्यामता प्रसाद इंटर कालेज भदौली के पास अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मोतीपुर थाना क्षेत्र में अमेठी के तमोलीपुरवा निवासी सौरभ निगम उर्फ स्वदेश (40) पुत्र राजेश निगम मिहिपुरवा मंडी समिति में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। वह मुरावनपुरवा गांव के भारी वाहन में पीछे से जा घुसे। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर इसी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा निवासी बाइक सवार अमन (17) और अनूप (17) घायल हो गए। दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।


हादसे के बाद रोते-बिलखते परिवार के लोग।

## एम्बुलेंसकर्मियों की लापरवाही से प्रसूता की मौत

पयागपुर,बहराइच

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में एक महिला की प्रसव के बाद मौत हो गई। परिजनो ने एंबुलेंस कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़कागांव निवासी सलमान की पत्नी आपदा(25) को रविवार शाम प्रसव पीडा हुई,जिस पर परिवार के लोग उसे सीएचसी लेकर आये,जहां ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स नेहा व श्रद्धा द्वारा महिला की गम्भीर हालत देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।परिवार के सदस्य उसे ले जाने के लिये एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे तब तक आपदा ने एक पुत्री को जन्म दे दिया, पुत्री के जन्म के साथ ही आपदा की हालत नाजुक होती गई। देर से पहुँचे एंबुलेंस कर्मी ने केश ले जाने में असमर्थता प्रकट की जिससे कुछ ही घण्टों में प्रसूता ने दम तोड़ दिया।जिसको लेकर परिवार वालों ने सीएचसी पयागपुर में हंगामा खड़ा कर दिया, मृतका की सास तारा देवी का कहना है कि समय से एंबुलेंस की सहायता मिल गई होती तो बहू की जान बच सकती थी,उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों द्वारा केश न ले जाने की बात कहना समझ से परे है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 वाहिद से जब इस सम्बन्ध पर जानकारी चाही गई तो उन्होंने मरीज देखने के बाद बात करने को कहा। घटना से पारिवारिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।


महिला की मौत के बाद रोते-बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

### सार-संक्षेप

#### प्रभारी मंत्री व राज्य महिला आयोग के सदस्य का आगमन स्थगित

**बहराइच, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही का सोमवार को आगमन था। लेकिन अपरिहार्य कर्म से आगमन निरस्त कर दिया गया है। नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के सदस्य अंजू प्रजापति का आगमन बुधवार को प्रस्तावित था। यह आगमन भी निरस्त हो गया है।

#### कल आयोजित होगा किसान दिवस

**बहराइच,अमृत विचार।** किसने की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस की श्रृंखला में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादन संगठनों की समीक्षा बैठक होगी। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी लोग इसमें शामिल जरूर हों।

#### पूर्व विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष का निधन

**मोतीपुर, बहराइच,अमृत विचार।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा बाजार निवासी जयराम कुशवाहा बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधान सभा अध्यक्ष थे। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। भाई डॉक्टर हीरालाल कुशवाहा ने बताया कि जयराम कुशवाहा का इलाज लखनऊ से चल रहा था। दो दिन पूर्व तबियत खराब होने पर लखनऊ ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। जिस पर सोमवार को सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक की मौत

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार।** क्षेत्र के गुलाल गांव निवासी एक ग्रामीण की विसर्जन जुलूस में शामिल ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के गुलाल गांव निवासी कमलेश (30) रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस में शामिल था। वह एक ट्रैक्टर ट्राली पर बैठा था। ट्रैक्टर ट्राली पर जुलूस में जाते समय दूसरे ट्रैक्टर का झटका लगने से वह नीचे गिर गया। इसके बाद पड़ोस में चल रही ट्रैक्टर ने कमलेश को कुचल दिया। लाश कुछ दूरी पर घसीटता लेकर चला गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली नानपारा की पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जांच के बाद चालक की गिरफ्तारी की जायेगी।

आस्था | रविवार के दिन नहीं किया गया था विसर्जन, ड्रोन कैमरे से जुलूस पर रखी जा रहीं थी नजर

## जरवल रोड में गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन


जरवल रोड में विसर्जन के लिए ले जायी जाती दुर्गा प्रतिमा। अमृत विचार

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार।** जरवल रोड में स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन सोमवार को माता के गगनभेदी नारों के बीच, दर्जनों दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में घाघरा घाट नदी के तट पर किया गया।विसर्जन जुलूस में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ड्रोन कैमरे से जुलूस की निगरानी की जा रही थी।

जरवलरोड बाजार की धर्मार्थ दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में स्थापित भव्य दुर्गा प्रतिमा के साथ-साथ अन्य दर्जनों समितियों की प्रतिमाएं विसर्जन स्थल की ओर एकत्र होकर निकाली गईं। गाजे-बाजे की धुन पर थिरकते भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विसर्जन जुलूस के दौरान सैकड़ों वाहनों पर सजी प्रतिमाओं के साथ "जय माता दी" और "चलो बुलावा आया है" जैसे भजनों की धुन पर श्रद्धालु मस्ती में झूमते नजर आए। बाल हिन्द पूजा समिति, पुराना बस स्टॉप जरवलरोड, जय मां कोटहिन दुर्गा पूजा समिति अलीनगर, सहित अन्य प्रमुख समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी-अपनी प्रतिमाओं के साथ इस विशाल जुलूस में भाग लिया। इस अद्वितीय और उल्लासपूर्ण वातावरण ने पूरे जरवलरोड क्षेत्र को भक्तिमय रंग में रंग दिया, और देवी मां के विसर्जन के दौरान श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। घंटों तक चले विसर्जन जुलूस में भक्तों की अटूट आस्था और समर्पण साफ झलक रहा था। गाजे-बाजे की धुन, जयकारे, और अबीर-गुलाल से हजारों महिलाएं व पुरुष भक्ति में सराबोर भक्तों का उत्साह ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा वातावरण माता के चरणों में गुंजायमान हो गया हो। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भरत मिलाप के साथ रामलीला का समापन

पयागपुर,बहराइच

**अमृत विचार।** भरत मिलाप और राज तिलक समारोह के साथ तिरसठवें वर्ष के रामलीला समारोह का समापन हुआ।

श्री नवयुवक रामलीला समिति भूपगंज बाजार के तत्वाधान में दो अक्टूबर से प्रारंभ हुये रामलीला महोत्सव का समापन रविवार रात भरत मिलाप व राज तिलक समारोह के साथ सम्पन्न हुआ।

रामलीला रंगमंच पर व्यास गोविंद बिहारी शुक्ला द्वारा प्रस्तुत मानस की चौपाई"प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा"के साथ भगवान श्री राम का राज्याभिषेक हुआ।इस अवसर पर नगर क्षेत्र में निकली भव्य शोभायात्रा जिसमे विशालकाय रथ पर सवार श्रीराम,लक्ष्मण,माता सीता व हनुमान की झांकी नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर रामलीला परिसर पहुंची जहा भगवान श्रीराम और भरत का मिलाप हुआ,परिसर में मौजूद दर्शकों ने पुष्प वर्षा कर खुशियां मनाई।इस अवसर पर नगर क्षेत्र में दीपोत्सव का पर्व मनाया गया,लोगों ने अपने घरों पर दीपक जलाकर दीपावली मनाई।शोभायात्रा में थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय सहित पुलिस व पीएससी बल के तमाम जवान आयोजन को सफल बनाने में जुटे रहे।इस दौरान समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी,उपाध्यक्ष विनय मिश्रा, सन्तोष शुक्ला,महामंत्री रोहित शुक्ला,प्रबंधक पंकज कसेरा,संयोजक राहुल सोनी,पात्र निर्देशक राजकुमार वैश्य,उमेश तिवारी,चिंता राम आर्य सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


पयागपुर में भरत मिलाप का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाता है अमृत विचार : ब्रजेश पाठक

## उप मुख्यमंत्री ने राजधानी के 23 चिकित्सकों को अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड 2024 से किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उदासी से घिरे मरीजों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाले चिकित्सकों को हिन्दी दैनिक 'अमृत विचार' ने 'यूपी आईकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया। चिकित्सक सम्मान का यह आयोजन सोमवार को गोमती नगर स्थित होटल सागर सोना में किया गया। मौका था उन ख्यातिलब्ध चिकित्सकों को सम्मानित करने का जो मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अमृत विचार शुरू से ही जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाने के काम में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। एक तरफ यह समाचार पत्र सरकार तक




जनता की समस्याएं सरकार तक पहुंचाता है तो दूसरी तरफ यह सरकार की नीतियों को भी आमजन तक पहुंचाने की कोशिश शिद्दत के साथ कर रहा है। अमृत विचार पत्रकारिता को मिशन के अंदाज में करता दिखाई दे रहा है। लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने इस मौके पर कहा कि अक्सर अखबारों में देखने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा। जबकि इस बात को इस अंदाज में भी लिया जा सकता है कि बेड नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही उसे इलाज मिल गया। चिकित्सकों के बेहतर कार्य की प्रशंसा की जानी चाहिए। इस मौके पर अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है। लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। उन्होंने कहा कि यदि हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर सरकार ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी व समाचार पत्रों का बहुत भला होगा। इस मौके पर डॉ. विभोर महेन्द्रू, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. वीरेन्द्र यादव, डॉ. ब्रज भूषण वर्मा, डॉ. आर एन वर्मा, डॉ. अहिताश्मुल राशिद, डॉ. सुनील रावत, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. अजमत अली, डॉ. हिमाली झा, डॉ. जाहिद खान, डॉ. गौरव, डॉ. सुशील यादव,, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. गंगा राम यादव, डॉ. विक्रांत सिंह, डॉ. सुमित सामंत, डॉ. अनुराग दीक्षित, डॉ. संजीव अवस्थी, डॉ. सैय्यद नाजिम अली, समता बाफिला, डॉ. अजय कुमार सिंह, रोहित मेहरोत्रा, पंकज श्रीवास्तव, शरद सिंह, रिषभ श्रीवास्तव, अटल प्रताप सिंह, रिजवान अली, अमित श्रीवास्तव, वीर विक्रम चौहान, सचिन यादव, अमन गुप्ता, मुकेश शुक्ला और हर्षित श्रीवास्तव को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




लखनऊ के गोमतीनगर में आयोजित समारोह में अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड से सम्मानित चिकित्सकों के साथ विधायक नीरज बोरा। अमृत विचार



दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। साथ में हैं समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।



अमृत विचार अखबार पढ़ते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।



अमृत विचार यूपी कॉन 2024 समारोह में उपस्थित अतिथि।



उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।



डॉ. रिजवान को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

## बेड न हो तो स्ट्रेचर पर ही प्राण बचानें में जुट जाता है चिकित्सक : डॉ. नीरज बोरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि मैं पिछले 34 साल से सार्वजनिक जीवन में हूं लेकिन उससे भी पहले मैं चिकित्सक हूं। मुझे इस कार्यक्रम में निमंत्रित किया गया तो मेरे पहले से दूसरे कार्यक्रम लगे थे लेकिन मैं फिर भी यहां आया क्योंकि पहली बार किसी अखबार ने हमारे पेशे से जुड़े लोगों को सम्मानित करने का फैसला किया।

नीरज बोरा ने कहा कि चिकित्सक के परिश्रम को समझना बहुत जरूरी है। 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी के अस्पतालों में जितने मरीज आते हैं उतने बेड अस्पतालों के पास नहीं हैं। लेकिन इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं होती है। अक्सर स्ट्रेचर पर ही मरीजों का उपचार होते दर्शाया जाता है। अखबारों में पढ़ने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा, जबकि इस बात को सकारात्मक रूप से लिखा जाना चाहिए। बेड खाली नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर मरीज के प्राण बचाने में जुट जाता है और उसे तत्काल इलाज मिलना शुरू हो गया।

## हिंदी अखबारों पर ध्यान दे सरकार तो नए सोपान गढ़ेगी पत्रकारिता : शंभू दयाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने अमृत विचार की यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि पांच साल पहले बरेली से अमृत विचार ने अपना सफ़र शुरू किया था लेकिन कोरोना काल में जब दूसरे अखबारों में छंटनी चल रही थी, उस दौर में हम अच्छे लोगों को अपने साथ जोड़ रहे थे। अखबार ने तेजी से रफ़्तार पकड़ी। आज उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हमारे 6 एडीशन हैं और दोनों प्रदेशों में यह समाचारपत्र तेजी से आगे बढ़ते हुए अपने सकारात्मक विचारों को जनता तक पहुंचा रहा है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। इसलिए आज मैं उनसे यह भी कहना चाहता हूं कि अगर सरकार हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी और समाचार पत्रों का बहुत भला होगा। उन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की व्यस्ततम दिनचर्या से सभी को सीख लेने की सलाह भी दी। उनका समय प्रबंधन लोगों को प्रेरित करने वाला है।



समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। सभी फोटो :प्रमोद कुमार

# राम और भरत मिलाप देखकर भावुक हुए दर्शक

संवाददात,बलरामपुर

**अमृत विचार :** श्रीश्री 108 सत्य प्रचारिणी रामलीला समिति द्वारा नगर के रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला मंचन भरत मिलाप शोभायात्रा व राम राज्याभिषेक के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शनिवार को रामलीला मैदान से श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी व हनुमान जी सहित विभीषण, सुग्रीव, जामवंत, अंगद सहित राम जी की सेना की भव्य शोभायात्रा निकली गई, शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा रामलीला में जब प्रभु श्रीराम और भाई भरत का मिलाप होता है तो दोनों एक दूसरे को गले लगाकर फूट-फूट कर रोने लगते हैं। राजगद्दी पर आसीन हुए श्रीराम का राजतिलक कर राज्याभिषेक गुरु वशिष्ठ सहित कमेटी के सदस्यों द्वारा किया गया।



प्रभुश्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

उसके पश्चात सभी पदाधिकारियों ने चारों स्वरूप राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न एवं माता सीता और हनुमान जी आरती उतारी। रामलीला मंचन करने वाले सभी कलाकारों को पुरुस्कार व विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा उपाध्यक्ष डॉ तुलसीश दुबे कार्यवाहक महामंत्री राम प्यारे कश्यप कोषाध्यक्ष विजय कश्यप, प्रीत पाल सिंह, सुनील सिंह, रघुनाथ अग्रवाल, मंगल बाबू, राजा राम यादव, जयप्रकाश, वेद प्रकाश कारूष, अमित त्रिपाठी, भानु तिवारी सहित कलाकार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले में दोषी को आजीवन कारावास,50 हजार रुपये का जुर्माना

**बलरामपुर ,अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने एक व्यक्ति को जानलेवा हमले का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 50 हजार रुपये अर्थदंड भी अदा करने का आदेश दिया है। कोतवाली नगर के चुंगीनाका निवासिनी राना सिंह ने 13 मई 2017 को रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि विशाल गुप्ता ने मेजर चौराहे पर उसके बेटे आदित्य राज सिंह को गोली मार दी। पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर जांच शुरू की। विवेचक रवींद्र कुमार रमन ने जांच के बाद 21 जून 2017 को मोहल्ला पहलवारा निवासी विशाल गुप्ता के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सत्र परीक्षण के दौरान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नवीन कुमार तिवारी ने सात गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने विशाल गुप्ता को आदित्य राज पर जानलेवा हमला करने का दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषी को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। न्यायाधीश ने अर्थदंड में 25 हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में चोटिल आदित्यराज सिंह को देने का आदेश दिया है। विदित हो कि नौ अक्तूबर 2024 को अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने विशाल गुप्ता व अमित चौहान को हैप्पी सिंह व भरत सिंह पर जानलेवा हमला करने का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**बलरामपुर, अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के काली थान गांव के निकट एक युवक का शव तालाब में उतराता हुआ पाया गया है मिली जानकारी के अनुसार ग्राम काली थान निवासी रामस्वरूप (44) गत रविवार सुबह 10:00 बजे घर से खाना खाकर निकले थे।देर रात तक वह घर नहीं लौटे।श तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की।सोमवार सुबह उनका शव गांव के निकट एक तालाब में उतराता हुआ पाया गया है। नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मामले की छानबीन की जा रही है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

संवाददता, गौरा चौराहा

**बलरामपुर, अमृत विचार:** स्थानीय स्थान थाना क्षेत्र में सड़क के बीच बने गड्ढे के कारण अनियंत्रित हुई कंबाइन मशीन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम मथुरा बिलासपुर निवासी मुजाहिद (20) तथा पवन यादव (19 )सोमवार को बाइक से गौरा चौराहा से गांव की तरफ जा रहे थे। गौरा चौराहे से ही एक कंबाइन मशीन जैतापुर की तरफ जा रही थी। गांव के निकट स्टेट हाईवे के बीच बने गड्ढे की वजह से अचानक कंबाइन अनियंत्रित हो गई और बाइक को ठोकर मार दी। घटना में पवन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घायल मुजाहिद को इलाज के लिए बलरामपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। सड़क के बीच बने गड्ढे की खबर अमृत विचार ने करीब एक सप्ताह पूर्व प्रकाशित की थी। उसके बाद भी प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। इसी गड्ढे की वजह से सोमवार को एक युवक की जान चली गई और दूसरा घायल है। प्रभारी थानाध्यक्ष रमन वर्मा ने बताया मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## तीन माह बाद पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, लगी भीड़

संवाददाता, जरवा, बलरामपुर

**अमृत विचार:** सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के वन क्षेत्र तुलसीपुर अंतर्गत ग्राम हलौरा ग्राम में लगे पिंजरे में मादा तेंदुआ पिंजरे मे कैद हो गया। बीते 3 माह से तेंदुआ हलौरा, गनेशपुर, दुर्गापुर, भोजपुर, लैबुडवा, पुरैना, पिपरी, पिपरा दुर्गानगर सहित दर्जनों गांव में रात के अंधेरे में घूमता देखा जाता रहा था। क्षेत्र में तेंदुआ तीन माह से कई बकरी व आवारा कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है। ग्रामीणों ने कहा कि तेंदुए के पकड़े जाने से हम सभी ग्रामवासी काफी खुश हैं तथा वन विभाग से पिंजरा न



हवा गांव के पास पिंजरे में कैद तेंदुआ। अमृत विचार

हटाए जाने की मांग कर रहे हैं। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना क्षेत्र में फैल गई जिससे क्षेत्र के सैकड़ो लोग तेंदुए को देखने के लिए उमड़ पड़ी। लोगों को हटाने व तेंदुए को सुरक्षित रखने के लिए कोतवाली जरवा पुलिस बल व एसएसबी कोइलाबास चौकी के दर्जनों जवान आकर भीड़ को नियंत्रित करने लगे तब जाकर वन कर्मी तेंदुए को गांव से जनकपुर वन कार्यालय पर पहुचाया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि गांव वालों से तेंदुआ के पिजड़े में फसने की सूचना मिलते ही रेंजर अमरजीत प्रसाद समेत वनरक्षक चंद्रभान, शकील आदि वन कर्मियों सहित मौके पर पहुंचा। हलौरा से तेंदुए को सुरक्षित जनकपुर रेंज कार्यालय पर लाकर रखा गया है। पकड़ा गया तेंदुआ मादा है जिसकी उम्र लगभग 3 वर्ष है । डीएफओ एम सेम्मारन ने बताया कि तेंदुए का मेडिकल परीक्षण कराकर उसे सोहेलवा सेंचुरी में ही छोड़ा जाएगा।

बैठक | भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला

# सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बनी रणनीति

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचार :** सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत सोमवार को सक्रिय सदस्यता जिला कार्यशाला का आयोजन तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया।



भाजपा सदस्यता कार्यशाला में मौजूद जिला प्रभारी। अमृत विचार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें। बलरामपुर जिला सदस्यता अभियान में लक्ष्य के समीप है। भाजपा कार्यकर्ता एवं जिला पदाधिकारी जिले को नंबर वन बनाने के लिए पूरी ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ लग जाए। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान जिले में चलाया जा रहा है। पार्टी की ओर से दिया गया लक्ष्य पूरा करना सभी लोगों का कर्तव्य है। भाजपा की नीतियों पर जनता को विश्वास एवं भरोसा है। हरियाणा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत जनता ने देकर इंडी गठबंधन को जवाब देने का कार्य किया है। विपक्ष देश तोड़ने का कार्य कर रही है, जबकि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर कार्य कर रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष गोंडा सूर्य नारायण तिवारी ने कहा कि देश की जनता विकास करने वाले के साथ है। विपक्ष जाति के नाम पर लोगों को बांटने का कार्य कर रही है। विपक्ष का उद्देश्य बांटो और राज करो का है। इस अवसर पर तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, आद्या सिंह, जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, वरुण सिंह मोनू, रवि कुमार मिश्रा, बिंदु विश्वकर्मा, विधानसभा प्रभारी डॉ अजय सिंह पिंकू, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, शिव प्रसाद यादव, सुधीर श्रीवास्तव, जिला मीडिया संयोजक अवधेश कुमार पाण्डेय, अंशुमान शुक्ला, मनोज, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, शिवकुमार वाल्मीकि एवं संदीप उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रोजगार मेला कल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मीता गुप्ता जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उददेश्य से आगामी 16 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर के दीप नारायण सिंह डिग्री कॉलेज तुलसीपुर बलरामपुर मे एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई निजी क्षेत्र की कम्पनियां प्रतिभाग कर रहीं है। इस रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट स्नातक, परास्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमाधारी जैसी विभिन्न योग्यताधारी अभ्यर्थियों का चयन वेतनमान 15000 से 22500 तक के लिए किया जायेगा। देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 10 प्रतिष्ठित कम्पनियां बेरोजगार अभ्यर्थियों के चयन हेतु प्रतिभाग करेगी। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अपनी योग्यतानुसार सेवायोजन पोर्टल http//rojgarsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है।

## चार दिवसीय सालाना उर्स आज से

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला नौशहरा स्थित हजरत सैय्यद हाजी हाफिज कुतुबुद्दीन शाह वारसी रहमतुल्ला अलेह के आस्ताने पर चार दिवसीय सालाना उर्स 15 अक्तूबर मंगलवार से शुरू होगा। चार दिवसीय सालाना उर्स में तकरीर, गागर-चादर का जुलूस व कव्वाली सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आस्ताने के खादिम मोहम्मद हनीफ वारसी उर्फ लालबाबू ने बताया कि 15 से 18 अक्टूबर तक उर्स पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। उर्स के पहले दिन 15 अक्तूबर को आस्ताने पर उलेमाओं की तकरीर व मिलाद का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 16 अक्तूबर को आस्ताने से गागर चादर का जुलूस निकाला जाएगा। तीसरे दिन 17 अक्तूबर को आस्ताना परिसर में कव्वाली का आयोजन होगा, जिसमें बाराबंकी के मशहूर कव्वाल अफ्फान हुसैन वारसी अपनी कव्वाली प्रस्तुत करेंगे। 18 अक्तूबर को आस्ताने कमेटी की तरफ से बाहर से आए मेहमानों की विदाई करके उर्स का समापन होगा।

**आज मनेगा 11वीं शरीफ का पर्व :** हजरत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जीलानी रहमतउल्लाह अलेह (गौसे आजम) की याद में 15 अक्टूबर को ग्यारहवीं शरीफ का पर्व मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शहरमुफ्ती मौलाना मसीह अहमद कादरी ने बताया कि इस दिन सभी अकीदतमंद कुरान ए पाक की तिलावत करने के साथ ही गरीबी की मदद जरूर करें।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# जागरूकता बढ़ाना जरूरी

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत इस वर्ष 127 देशों में 105वें नंबर पर है। इससे पता चलता है कि देश में कुपोषण की स्थिति बहुत गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कुपोषण का तात्पर्य किसी व्यक्ति की ऊर्जा एवं पोषक तत्व ग्रहण में कमी, अधिकता या असंतुलन से है। जबकि सूचकांक में पड़ोसी देश नेपाल 68, श्रीलंका 56 और बांग्लादेश 84वें नंबर पर हमसे आगे हैं। सिर्फ पाकिस्तान 109 वें रैंक के आधार पर हमसे भी पीछे है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, भूख को मापने और ट्रैक करने का एक उपकरण है। यह यूरोपीय एनजीओ ऑफ कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्टहंगरहिल्फ़ द्वारा तैयार किया जाता है। चिंता की बात है कि रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस मुद्दे से निपटने के उपायों में अधिक प्रगति के अभाव में दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे स्टंटिंग के शिकार हैं। 19.3 प्रतिशत बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। 32.1 प्रतिशत बच्चे अल्प-वजन के शिकार हैं। तीन प्रतिशत बच्चे अति-वजन के शिकार हैं। यह ऐसी स्थिति है जो किसी व्यक्ति के आहार में ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन से उत्पन्न होती है जो स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कुपोषण का मुद्दा देश में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भिन्नताओं के जटिल मिश्रण से जुड़ा हुआ है। कुपोषण मानव पूंजी के विकास में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे आर्थिक और सामाजिक प्रगति की संभावना सीमित हो जाती है। कुपोषण के कारण बाल्यावस्था और वयस्कता दोनों में कार्य उत्पादकता में कमी आ सकती है, जिससे देश का समग्र आर्थिक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इस व्यापक समस्या की बहुमुखी प्रकृति पोषण संबंधी संकेतकों में आगे और गिरावट रोकने के लिए तत्काल ध्यान देने और समर्पित संसाधनों का निवेश करने की मांग रखती है।

हालांकि भारत ने 2000 के बाद से अपनी बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय रूप से सुधार किया है। इसके बाद भी बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। देश में कुपोषण की चुनौती से निपटने के लिए पोषण अभियान, आंगनवाड़ी कार्यक्रम, और मिड-डे मील योजना चलाई जा रही है। फिर भी कुपोषण के उन्मूलन के लिए भारत को अपनी आबादी के स्वास्थ्य एवं सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा इसमें निवेश करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है।

# किसे देनी पड़ रही है युद्ध की कीमत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका–इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों–बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन–संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

इजराइल सिर्फ एक राष्ट्र ही नहीं बल्कि झूठ की फैक्ट्री है। दुनिया के जन-माध्यम इस फैक्ट्री के ज़रख़रीद गुलाम हैं। इजराइल-अमेरिका मिलकर सारी दुनिया को अहर्निश झूठे मसलों और झूठे प्रचार अभियान में व्यस्त रखते हैं। 7 अक्टूबर को विश्व के प्रमुख मीडिया घरानों ने हल्ला किया कि हमास ने इजराइल पर हमला किया। इसे मीडिया ने उसी तरह मुख्य खबर बनाया जैसा कि एक ज़माने में इराक़ और सद्दाम हुसैन के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, इसे मुख्य ख़बर बनाकर सारी दुनिया को ठगा और लूटा गया। इराक पर हमला करके उसके तेल के कुओं पर क़ब्ज़ा कर लिया गया और एक सुंदर राष्ट्र को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पचास लाख से अधिक इराक़ी शरणार्थी बना दिए गए। सारे देश पर अमेरिका-नाटो की सेनाओं का कब्जा है पर आज तक इराक़ के जन-संहारक अस्त्रों का प्रमाण अमेरिका पेश नहीं कर पाया, उलटे सुरक्षा परिषद के जांच आयोग ने पाया कि इराक के पास कोई जनसंहारक अस्त्र नहीं है।

7 अक्टूबर को विश्व मीडिया में मुख्य ख़बर आई कि हमास ने इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया है। इस प्रसंग में पहली बात यह कि गाजा पट्टी में शासन हमास का है लेकिन उसकी पूरी नाकेबंदी इजराइल ने की हुई है। गाजा पट्टी में इस्रायली नाकेबंदी के कारण वहां कोई भी चीज दाखिल नहीं हो सकती। चप्पे-चप्पे पर इस्रायली सैनिक रहते हैं। ऐसी अवस्था में इजराइल पर हमले के लिए हमास के अत्याधुनिक मिसायलें कहां से आईं? क्या वे गाजा पट्टी में इजराइल को हथियारों -मिसायलों का कोई ज़ख़ीरा मिला? मिसाइलों के लिए गोला-बारुद गाजा पट्टी में कहां से आया ? हमले किस ठिकाने से किए गए? इन सब सवालों पर मीडिया ध्यान ही नहीं दे रहा। साथ ही इजराइली पीएम से भी ये सवाल नहीं पूछे गए हैं।

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

7 अक्टूबर से आज तक इजराइल ने गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी करके अकल्पनीय मानवीय तबाही मचाई है। लेकिन वे सामान्य सी बात नहीं बता पाए कि हमास के पास हथियार कैसे आए और हमला कहां से किया गया? इजराइल लगातार ईरान, फ़िलिस्तीन और हमास के ख़िलाफ़ झूठ का प्रचार करता रहा है। इस प्रचार अभियान में ईसाई और यहूदी गैंग सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। तथ्य गवाह हैं कि विगत 75 साल में इजराइल ने फिलीस्तीनियों के ख़िलाफ़ बर्बर और जनसंहारक कार्रवाईयां की हैं। इनमें हज़ारों फ़िलिस्तीनियों की हत्या की गई और लाखों को शरणार्थी जीवन जीने के लिए मजबूर किया है।

विगत 7 अक्टूबर 2023 से शुरु किया हमास का 'अल-अक्सा फ्लड ऑपरेशन' विश्व मीडिया के प्रौपेगैंडा का सबसे बड़ा अस्त्र है। इसका लक्ष्य है इजराइल की बर्बरता-नृशंसता को वैधता प्रदान करना। मीडिया ने इस ऑपरेशन के बारे में बड़े ही नाटकीय और हाहाकार मचाने वाली शैली में यह दर्शाने की कोशिश की है कि इजराइल पीड़ित है, निर्दोष है। सभ्य है। इस फ्रेमवर्क में धड़ाधड़ मीडिया सामग्री परोसी जा रही है। यह प्रचार बुनियादी तौर पर गलत है।

असल में पीड़ित तो फिलीस्तीनी हैं। वे विगत 75सालों से इजराइली बर्बरता और कई जनसंहार के शिकार हुए हैं। इजराइल सभ्य राष्ट्र नहीं है। मीडिया के विभिन्न घरानों के फ़ुटेज जहां नरेटिव में इजराइली कहानी बता रहे हैं वहीं साथ ही फिलीस्तीनियों का नष्ट संसार भी दर्शा रहे हैं। बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गाजा पट्टी में नागरिकों और रिहायशी बस्तियों पर बमबारी हो रही है। इसके साथ ही मीडिया के ज़रिए राजनीतिक ध्रुवीकरण और डिस-इनफॉर्मेशन अभियान भी चल रहा है। लेकिन इस युद्ध की क़ीमत किसे देनी पड़ रही है। युद्ध की क़ीमत फिलीस्तीन की जनता को देनी पड़ रही है।

फिलीस्तीन को लेकर हमारी जो विदेश नीति रही है। उसमें द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत केन्द्र में रहा है। इसके अनुसार इजराइल और फिलीस्तीन दो राष्ट्र हैं। हमास इसे नहीं मानता। हमास तो फिलीस्तीन और इजराइल को मिलाकर विशाल इस्लामिक राष्ट्र बनाने की वकालत करता रहा है। भारत ने कभी इस धारणा को समर्थन नहीं दिया। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल नियंत्रित मीडिया कवरेज की विशेषता यह है उसमें जितने फ़ुटेज पत्रकारों के डिस्पैच के साथ आए हैं उनमें इजराइल के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश की गई है। जबकि हक़ीक़त में इजराइल सहानुभूति का हक़दार नहीं है। इजराइल के प्रति मीडियाजनित सहानुभूति को इजराइल के यहूदी कट्टरपंथी शासक अपने हितों की रक्षा के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

फिलीस्तीन जनता एक ओर इजराइल के जुल्म की शिकार है वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी में हमास के चरमपंथ की क़ैद में है। फिलीस्तीनी जनता लोकतंत्र-धर्मनिरपेक्ष फिलीस्तीन राष्ट्र चाहती है। हमास उसकी पसंद नहीं है बल्कि हमास तो इजराइल-अमेरिका की सृष्टि है। हमास को फिलीस्तीन संघर्ष ने पैदा नहीं किया बल्कि हमास का जन्म फिलीस्तीन मुक्ति संघर्ष को नष्ट करने के लिए हुआ था। आज फिलीस्तीन की जनता दोनों ओर से परेशान और उत्पीड़ित है एक ओर चरमपंथी हैं दूसरी ओर इजराइल की फ़ासिस्ट सरकार है।

## प्रसंगवश

# भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक का जाना

रतन टाटा महज उद्यमी नहीं थे। वे दुनिया में भारतीय उद्यमिता और समग्र भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक थे। देश की पहली अपनी कार बनाने, बिना सरकारी मदद के पहला सुपर कंप्यूटर बनाकर दुनिया में छा जाने से लेकर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीदने जैसे गर्व के पल देने वाले रतन टाटा के निधन से भारतीय मेधा की अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने टाटा समूह की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपालन करते हुए दुनिया में स्वाभिमान के साथ भारतीय उद्यमिता का परचम लहराया। वे आम आदमी की चिंताओं को समझने वाले उद्यमी थे। 1995 में रतन टाटा टाटा समूह और टाटा मोटर्स के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक पूर्ण भारतीय कार 'इंडिका' बनाने का एलान कर दिया। वस्तुतः इस कार का नाम, इंडिका, देश के प्रति गर्व की अनुभूति करने वाला था। 'इंडिका' को चमकदार डिजाइन के साथ भारतीय परिवारों के लिए पर्याप्त स्थान सृजित करने की रतन टाटा की चुनौती का सामना भी करना था और इसमें सफलता भी मिली। टाटा इंडिका का उत्पादन शुरू हुआ तो रतन टाटा स्वयं उस पर नज़र रख रहे थे। जबर्दस्त मांग के साथ 1998 में 'इंडिका' बाजार में उतरते ही छा तो गई किंतु कई समस्याएं भी सामने आईं। इनसे निपटने के लिए एक बार फिर रतन टाटा सामने आए और तत्काल आवश्यक सुधारों के कंपनी के प्रयासों को अपनी देखरेख में मूर्त रूप दिया। उनकी मेहनत सफल हुई और पुरानी इंडिका की सभी समस्याओं का समाधान कर वर्ष 2001 में एक नई, मजबूत इंडिका सामने आई। अब 'हर कार में कुछ ज्यादा और 18 महीने से भी कम समय में एक लाख कारें बेचकर यह भारतीय इतिहास में सबसे तेज बिकने वाली कार बन गई थी। विख्यात लेखक हरीश भट की किताब टाटा स्टोरीज़ में रतन टाटा ने कहा था, 'मेरी मजबूत धारणा थी कि हमारे इंजीनियर अंतरिक्ष में उपग्रह भेज सकते हैं, तो अपनी कार भी बना सकते हैं। ...और जब हमने यह चुनौती स्वीकार की, हम बाहर निकले और जहां से भी जरूरी लगा, विशेषज्ञता अर्जित की। इस कार में जो भी था, हमारा था। इस कारण मेरे लिए इंडिका एक राष्ट्रीय उपलब्धि का महत्वपूर्ण पल भी बनी।'



डॉ. संजीव मिश्र
कानपुर

रतन टाटा देशभक्ति के इसी भाव के साथ हर कदम पर आगे बढ़े। इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बताए जाने के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से 2007 तक, भारत के पास आईबीएम द्वारा विकसित डीप ब्ल्यू जैसा सुपर कंप्यूटर नहीं था, जिसने विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पोरोव को पराजित कर दिया था। यह शतरंज के बोर्ड पर संभावित 20 करोड़ स्थितियों का आंकलन एक सेकंड में कर सकता था। कुछ वर्ष बाद एक बार फिर आईबीएम द्वारा बनाए गए सुपर कंप्यूटर वाट्सन ने मनुष्यों के खिलाफ कठिन मुकाबले जीतने भी शुरू कर दिए। 1991 में बना भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम इस क्षेत्र के शीर्ष का हिस्सा कभी नहीं बन सका। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने अब अपना, सबसे सशक्त सुपर कंप्यूटर बनाने की ठान ली थी। तय हुआ कि सुपर कंप्यूटर बनाया जाएगा और उसका नाम होगा 'एका', संस्कृत में जिसका अर्थ है, एक। यह नाम पहले स्थान पर रहने की इच्छाशक्ति का द्योतक था। संस्कृत शब्द के चयन के पीछे इस परियोजना में छिपा राष्ट्रीय गौरव का भाव मूल कारण था। समय के साथ यह सुपर कंप्यूटर 'एका' बनकर तैयार हुआ और 6 नवंबर 2007 में दुनिया भर के सुपर कंप्यूटर्स की रैंकिंग में चौथे स्थान से 'एका' ने एंट्री मारी। दुनिया की शीर्ष कंपनियों को खरीदकर भारतीय उद्यमिता का परचम लहराने के लिए भी रतन टाटा याद किए जाएंगे। चाय भले ही हर भारतीय की आत्मा में बसती हो, किंतु दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीद कर रतन टाटा ने पूरी दुनिया में डंका बजाया था। दरअसल टाटा समूह ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टी बैग उत्पादक टेटली टी को खरीदने की पहली कोशिश 1990 में की थी और 1995 में तो टाटा समूह की एक शीर्ष टीम अधिग्रहण को मूर्त रूप देने लंदन भी पहुंच गई थी, किंतु तब बात नहीं बनी। रतन टाटा के नेतृत्व का ही करिश्मा था कि अंततः 2000 में यह चाय कंपनी टाटा की हुई और 27.1 करोड़ ब्रिटिश पौंड में हुआ टेटली टी को खरीदने का सौदा दुनिया भर के अखबारों की सुर्खियां बना। यह भारतीय कारपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण था। टाटा समूह ने एक बार फिर इतिहास गढ़ा था।

# सतत ऊर्जा का खजाना है जैव ईंधन



सीमा अग्रवाल
देहरादून

ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं।

जैव ईंधन ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा भंडार है जो जैविक सामग्री जैसे कृषि फसलें, अवशेष, पशु वसा और कचरे से उत्पन्न होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसे तो बायोफ्यूल कई श्रेणियों में मिलते है लेकिन एथनॉल जिसका उत्पादन गन्ना, मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त फसलों से किया जाता है और बायोडीजल जिसको पशुवसा, वनस्पति तेलों या शैवालो से बनाया जाता है सबसे आम जैव ईंधन है। पिछले कुछ वर्षों में इनका उत्पादन और उपयोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा फोरम के आंकड़े बताते है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैव ईंधन की मांग 200 बिलियन लीटर तक हो जाएगी।

रिसर्च से ज्ञात हुआ है कि जैव ईंधन को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिलाकर प्रयोग करने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है जो बढ़ते वैश्विक तापन और जलवायु परिवर्तन को रोकने का अच्छा साधन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति बनाई जिसमे वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) का और डीजल में वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत बॉयोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा। सरकार का अनुमान है कि इससे जीवाश्म ईंधन का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा कोष का संचय भी किया जा सकेगा। वर्ष 2013-14 में भारत 38 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को करता था जो वर्ष 2023 तक आते आते 13 गुना बढ़ गया और वर्ष 2022-23 में भारत ने 502 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति तेल कंपनियों को की जिससे तेल के आयात पर होने वाले लगभग 24300 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकी।

फरवरी 2024 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इलेक्ट्रिसिटी 2025 नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमे कहा गया कि वर्ष 2023 तक भारत की बिजली की मांग सात प्रतिशतबढ़ चुकी है और अभी आगे इसी तरह से बढ़ते हुए वर्ष 2026 तक चीन को पार करके आगे निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं। जानकारों का मत है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश और पर्यावरण के प्रति चिंतित देश के लिए जैव ईंधन प्रयोग के कई लाभ होगें पहला तो बायो फ्यूल ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को कम कर देगा। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि बायोफ्यूल पारंपरिक जीवश्म ईधनों की तुलना में ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम कर सकते है।

उदाहरण के लिए बायोडीजल पेट्रोलियम डीजल की तुलना में लगभग 78 प्रतिशत कम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित करता है जबकि एथेनॉल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 40-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में निरंतर गिरावट होने से भारत वर्ष 2070 तक अपने नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर सकेगा।

गौरतलब है कि जैव ईंधन प्रयोग से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सरकार को किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। बायोफ्यूल के इस्तेमाल से वनरोपण में इजाफा होगा और सतत कृषि करने की शुरुवात होगी जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और तेजी से हो रहा प्रजातियों का विलुप्तीकरण रुकेगा।

जैव ईंधन के प्रयोग से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी रिसर्च बताती है कि जैव ईंधन के दहन से सल्फर डाई ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर आदि प्रदूषकों का उत्सर्जन बहुत कम होता है इससे शहरी क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

जैव ईंधन के प्रयोग में तमाम चुनौतियों को देखते हुए विश्व की सभी सरकारें अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन चुनौतियों से लड़ने को नई नीतियों, संगठनों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इनमे वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जी.बी.ए) उल्लेखनीय है जिसे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अक्टूबर 2003 में बनाया गया। यह गठबंधन अमेरिका, ब्राजील और भारत जैसे प्रमुख जैव ईंधन उत्पादक एवं उपभोक्ता देशों को एक साथ लाया है तथा 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन जी.बी.ए में शामिल होने की सहमति जता चुके हैं। अब देखना यह होगा कि भारत की अध्यक्षता में बना यह संगठन जैव ईंधन उत्पादन एवम विकास में आने वाली तमाम चुनोतियों को हल करके बायो फ्यूल को सतत ऊर्जा का खजाना बना पाएगा या नहीं।

## सोशल फोरम

# जीवन यापन की व्यवस्था



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हमारे देश में जीवनयापन की तीन व्यवस्था उपलब्ध है-संयुक्त परिवार, एकल परिवार तथा एकाकी जीवन। संयुक्त परिवार जीवनयापन की अत्यंत सुरक्षित और सुविचारित व्यवस्था है, नुकसान कम-फायदे अधिक। जबकि एकल परिवार में रहना चुनौतीपूर्ण होता है, बेशक जिम्मेदारियां कम रहती हैं लेकिन संकट आने पर सहारे भी कम हो जाते हैं। वहीं पर एकाकी जीवन वह विकल्प है जिसमें मनुष्य अपनी शैली में जीता है, जो चाहता है- करता है और जो नहीं चाहता उसे न करने के लिए स्वतंत्र रहता है। यह शैली पारिवारिक दायित्वों से मुक्त रहती है और अक्सर सामाजिक दायित्वों से जुड़ती है। मुझे 37 वर्षों तक संयुक्त परिवार में रहने का अवसर मिला, उसके पश्चात अब तक एकल परिवार में हूं। मैंने संयुक्त परिवार में अपने जीवन का सर्वाधिक समय बिताया जिसमें मुझे निम्न कमियां नज़र आईं-मनुष्य को अपनी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करने के अवसर कम मिलते हैं। जो भी उम्र में बड़ा होता है वह अपने निर्णय को लागू करवाने के लिए प्राधिकृत होता है, कम उम्र वालों की बात नहीं सुनी/मानी जाती। जिसके हाथ में परिवार का आर्थिक नियंत्रण रहता है वह अप्रत्यक्ष रूप से 'अपने एकल परिवार' की व्यवस्था बनाता है और संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों के हितों की उपेक्षा करता है।

जीवनयापन करना कोई कठिन बात नहीं है, जिसने पेट दिया है- वह उसे भरेगा भी! कोई भी मनुष्य जीवन को यूं ही नहीं जीना चाहता। सबके अलग-अलग सपने होते हैं, लक्ष्य होते हैं, अभिलाषाएं होती हैं जिन्हें हासिल करने के लिए वह कोशिश करना चाहता है- हासिल हो, न हो ! मैं परिवार से मिल-जुल कर जीना चाहता था जिसमें मेरी खुशियां भी साथ में रहना और जीना चाहती थी। अंततः समझ में यह आया कि यदि अपनी मस्ती में जीना चाहते हो, स्वतंत्र होकर रहना चाहते हो तो संयुक्त परिवार आपके लिए सही 'प्लेटफार्म' नहीं है, उससे अलग हो जाना चाहिए। अगर सार्वजनिक जीवन जीना चाहते है तो 'परिवार व्यवस्था' से ही दूर हो जाना चाहिए जैसा साधु-संन्यासी या सेवाभावी करते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भाषा-बोली के बारे में



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

'हरि अनंत हरि कथा अनंता' की भांति भाषा-बोली की कथाएं भी अनंत है। 'कोस-कोस पर पानी बदलेः चार कोस पर बानी', वाले भारत में तो इनकी कथाएं अनंत से भी अधिक हैं। जैसे कुदरत के खेल निराले होते हैं, वैसे ही भाषा के बोल निराले होते हैं। किसी भी भाषा या बोली के किसी शब्द विशेष की विचिकित्सा एवं विश्लेषण में बुद्धि भी प्रखर बनती है और अनिर्वचनीय आनंद की भी प्राप्ति होती है।

हमें ज्ञान प्रदान कराने वाली सभी भाषाएं शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के समान हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए, भले ही वह हमारे वैचारिक या सांस्कृतिक विरोधी की ही भाषा क्यों न हो।

हर भाषा के शब्दों में यत्किंचित विलक्षणता पाई जाती है। हम हिंदी के 'राम' शब्द को ही लें। 'र' और 'म' मात्र दो अक्षरों से बनने वाले, 'राम' शब्द का उपयोग ईश्वर के नाम या भगवान के पर्यायवाची, 'राम' के रूप में हो, संबोधन-अभिवादन के अर्थ में, 'राम-राम' के रूप में हो, संसार की नश्वरतासूचक अंतिम उद्बोधनस्वरूप, 'राम नाम सत्य' नामक उद्घोष के रूप में हो, 'रमता जोगी' की कहावत के रूप में हो, अथवा 'रमा' के रूप में हो, हर रूप में रम्य है। यह शब्द की रम्यता-कम्यता किसी भी भाषा के समान ध्वनि सूचक शब्द से नहीं की जा सकती। इसी प्रकार अन्य भाषाओं में अनेक ऐसे शब्द हो सकते हैं, जिनकी विलक्षणताएं दूसरी भाषाओं के उसी ध्वनि-साम्य के शब्दों में नहीं खोजी जा सकती। उदाहरण के लिए, उर्दू के शब्द, 'चाहिए' को देखना चाहिए। 'चाहिए' शब्द 'चाह', जिसे हिंदी में,' इच्छा' 'आकांक्षा' या फिर 'आवश्यकता' और इंग्लिश में 'वान्ट' 'लांग' या फिर 'नीड' कह सकते हैं, से बना है। जब हम कहते हैं, 'आपको कार्यक्रम में जाना चाहिए', तो इसका भावार्थ यह होता है, कि लोग चाहते हैं कि उस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति हो, वहां आपका पहुंचना लोगों की चाहत है, आपका वहां पहुंचना लोगों को अच्छा लगेगा, जब तक आप नहीं पहुंचेंगे कार्यक्रम में कमी बनी रहेगी तथा कार्यक्रम मंश या कार्यक्रम को आपकी जरूरत है इत्यादि-इत्यादि। 'चाहिए' के आकर्षण के कारण ही इसे हिंदी वाले भी अपना कंठहार बनाए हुए हैं। यह शब्द हिंदी में इतना घुल-मिल गया है, कि इस अकेले शब्द को हिंदी-प्रयोग से निकाल दिया जाए, तो हिंदी का संपूर्ण कार्य-निष्पादन अपूरणीय क्षति तक बाधित हो जाएगा। इसी प्रकार उर्दू का ही शब्द, 'हालांकि' है। इसे हिंदी में 'यद्यपि' तथा इंग्लिश में 'आलदो' कहते हैं, पर जितनी आनंददायक विलक्षणता 'हालांकि' में है,उतनी अन्य किसी में नहीं है। हालांकि 'आलदो' की तुलना में 'यद्यपि' (यदि+अपि) भी अधिक विलक्षण है। 'हालांकि' में समाहित भावगत विलक्षणता को देखिए-यह शब्द एक अक्षर वाले, 'हां', 'ला' तथा 'कि' शब्दों से बना है। इन तीनों ही एकाक्षर शब्दों के भिन्न-भिन्न विलक्षण अर्थ हैं। 'हां' सकारात्मकता तथा 'ला' नकारात्मकता सूचक है। (उर्दू में 'ना' के लिए,'ला' शब्द आता है। लामकां, लापता इत्यादि) और 'कि' शब्द से बात शुरू की जाती है। वार्तालाप में 'हालांकि' शब्द का प्रयोग (भी) उस विचित्र स्थिति में किया जाता है, जब बात को कहने की जरूरत होती है, पर कहते हुए बनता भी नहीं है और अंततः बात को 'कि' से शुरू भी करना पड़ता है।

# सूचना के अधिकार का प्रचार-प्रसार



डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी
हल्द्वानी

सूचना अधिकार अधिनियम को लागू हुई इसी माह में 19 वर्ष हो चुके हैं, जिसके माध्यम से आम जनता को सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों से आवश्यक जानकारियां, जनहित की जानकारियां एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से तमाम आरटीआई कार्यकर्ताओं ने जहां जनहित के मुद्दे उठाकर एवं विभागों से अलग-अलग तरीके के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, वहीं दुर्भाग्य से कुछ हमारे आरटीआई कार्यकर्ता सूचना अधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से ब्लैकमेलिंग करते हुए गैरकानूनी आमदनी भी कर रहे हैं, जिसे किसी भी दिशा में उचित एवं स्वीकार योग्य नहीं कहा जा सकता।

हाल में ही उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अपील अधिकारियों को राजभवन में सम्मानित किया गया। जनहित के मामले उठाने वाले, आरटीआई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने से चाहिए जहां एक ओर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर ईमानदार कार्यकर्ता जोर-शोर से जनहित के मामले उजागर करने में अपनी सक्रियता दिखाएंगे।

आज आवश्यकता इस बात है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की विषय वस्तु को शामिल किया जाए। युवाओं को इसके बारे में जानकारी दी जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 ,जिस उद्देश्य के लिए लागू किया गया, धरातल पर वह अपने उद्देश्यों और अपने दायित्व के प्रति सफल साबित हो सके। हम सब जानते हैं कि सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है, इससे जवाब देय और जिम्मेवार व ईमानदार शासन प्रशासन की स्थापना होती है। तमाम सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी के साथ जहां कार्य करते हैं, वहीं सरकारी कागजों पपत्रों का रखरखाव भी व्यवस्थित तरीके से संपन्न होता है। जरूरी है कि सूचना अधिकार का प्रचार/प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष वरीयता के साथ किया जाए।

## एक नजर

### बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सातनपुर गांव के रामकुमार (64) साइकिल से रविवार के रात लगभग 7 :30 बजे लखनऊ बलिया राजमार्ग पर अपने गांव के मोड़ को पार कर रहा था । तभी अचानक आए बाइक सवारने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। रविवार को मृतक की भतीजे खदेरू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### पत्नी व पड़ोसी को पीटा केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। विनोद ने बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने घर जा रहा था। इसी बीच देखा कि नशे में धुत राजेश कुमार अपनी पत्नी को लाठी डंडे से बेरहमी से पीट रहा था। तभी राजेश कुमार ने उस पर भी लाठी से हमला बोल दिया। जिससे उसे गंभीर चोट आई मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी भी दी। नगर कोतवाल ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

### राजमिस्त्री की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मालापुर जगदीशपुर गांव के विवेक कुमार (35) राजमिस्त्री का काम करते थे। सोमवार को वे कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गांव में काम करने गए थे। अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। जिससे वह काम नहीं किये। बगल स्थित तख्त पर लेट गए। थोड़ी देर बाद उनकी मौत हो गई।

# 70 लाख की मार्फीन के साथ दो युवक अमेठी में गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर निवासी दो युवक 70 लाख की मार्फीन के साथ पड़ोसी जिले अमेठी के मुसाफिरगंज में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दोनों ही आरोपी युवकों को जेल भेजने की कार्रवाई की है।

कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर गांव निवासी प्रेम शंकर उर्फ गुडुल्ले साथी विवेक के साथ अपने थाना क्षेत्र सहित पूरे जिले में मार्फीन की तस्करी करता था। जिसकी जानकारी न तो स्थानीय पुलिस को लगी न ही जिले की पुलिस को। जिले में अपनी टीम तैयार कर दोनों ने पड़ोस के जिले अमेठी में मार्फीन की तस्करी करने लगे। इसी बीच दोनो 70 लाख की मार्फिन के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गए तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### जिला सहित कुड़वार की पुलिस थी मेहरबान

बताया जाता है कि एक आरोपी के पिता कुड़वार थाने पर होमगार्ड है। दोनो के ऊपर स्थानीय थाना पर लूट व अन्य गंभीर धाराओं के सात से आठ मुकदमे दर्ज थे। इसके बाद दोनो आराम से थाना क्षेत्र सहित जिले व पड़ोसी जिले में मार्फिन की तस्करी करते रहे। पुलिस इन पर मेहरबान रही अगर अमेठी के मुसाफिरखाना पुलिस इन्हे गिरफ्तार नही करती तो आराम से मर्फिन तस्करी को अंजाम देते रहते।

# तीन दिन की छुट्टी के बाद ओपीडी में लगी भीड़

## मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्ड भी दिखे बेबस तो परेशान हुए चिकित्सक व कर्मी

**संवाददाता, सुतलानपुर**

**अमृत विचारः** तीन दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को जब मेडिकल कॉलेज की ओपीडी खुली तो मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। मरीजों की भीड़ को काबू करने के लिए लगे सुरक्षा गार्ड बेबस दिखे। डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ा। सोमवार को मेडिकल कॉलेज में 3,598 मरीजों का इलाज हुआ।

पुरुष अस्पताल की ओपीडी में 1,808 नए व 750 पुराने मरीजों का इलाज किया गया। महिला अस्पताल में 535 नए व 275 पुराने मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इमरजेंसी में करीब 430 मरीजों को इलाज हुआ। इसके अलावा पैथोलॉजी में 498 लोगों के रक्त नमूने लिए गए। 2,750 से ज्यादा लोगों ने दवा काउंटर से दवा ली। 70 लोगों का अल्ट्रासाउंड हुआ। एक्स रे सेवा बंद रहने से मरीजों को काफी परेशानी हुई। सोमवार को सबसे ज्यादा बुखार, जुकाम व खांसी के मरीज आए।


एक चिकित्सक की ओपीडी में जुटी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

> बदलते मौसम से वायरल बीमारियां बढ़ी हैं। अस्पताल में आने वाले हर मरीज का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया गया है। पूर्व सैनिकों की तैनाती से मरीजों व तीमारदारों को काफी राहत मिली है।
> **-डॉ. सलिल श्रीवास्तव,** प्रधानाचार्य, मेडिकल कॉलेज

### गार्ड की तैनाती के बाद जाम से मिली राहत

मेडिकल कॉलेज में पूर्व सैनिकों की तैनाती के बाद जाम से राहत मिली। जाम को हटाने के लिए तीन गार्ड लगाए गए हैं। बेतरतीब वाहनों से लगने वाले जाम से सोमवार को काफी सहूलियत मिली।

### चिकित्सक कक्ष के साथ भरा रहा ओपीडी का बरामदा

ओपीडी कक्ष के बाहर बरामदे में मरीजों व तीमारदारों की भीड़ इस कदर जुटी कि खड़े होने के लिए भी लोगों को मशक्कत करनी पड़ी। फर्श पर बैठकर लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। बंधुआकला से आए रामलाल ने बताया कि वह सुबह 11 बजे से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। दोपहर के एक बज चुके हैं। अभी नंबर नहीं आया। परऊपुर से आए 75 वर्षीय आरएस विश्वकर्मा ने बताया कि वह गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं, फिर भी तीन घंटे से डॉक्टर का इंतजार कर रहे हैं।

# खुशखबरीः मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई शुरू

## रोली-चंदन लगाकर एमबीबीएस छात्रों का हुआ स्वागत, पहले दिन 96 के सापेक्ष 75 छात्र रहे उपस्थित

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में सोमवार एक ऐतिहासिक दिन में जुड़ गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार से बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी (एमबीबीएस) के प्रथम बैच की कक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन 96 के सापेक्ष 75 छात्र उपस्थित रहे।

दूबेपुर ब्लाक के पास बने मेडिकल कॉलेज में छात्रों का स्वागत रोली और चंदन लगाकर किया गया। यहां प्रधानाचार्य, अतिथिगण, प्रवक्ता व अन्य चिकित्सकों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया। प्रधानाचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव ने छात्रों को मानव हित में कार्य करने (हिप्पोक्रेटिक) शपथ दिलाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने अपना परिचय दिया। छात्रों को उनके अभिभावकों के साथ परिसर का भ्रमण कराया गया और विभागों के बारे में जानकारी दी।

### 100 सीट पर 96 छात्रों ने लिया है प्रवेश

मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 100 सीटें हैं। जिसमें अभी 96 छात्रों ने प्रवेश लिया है। सीएमएस डॉ. सुधीर कुमार गोयल ने बताया कि पहले दिन छात्र-शिक्षक संवाद हुआ और सभी ने अपना परिचय दिया। तनावमुक्त रहने के गुर सिखाए गए और छात्रों को मेडिकल की पढ़ाई के फायदे बताए गए। इस मौके पर डॉ. एके सिंह, डॉ. आशीष, डॉ. आरके यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.पायल, डॉ. अंकित गंगवार, सुपर्णा दूबे, श्रेया, अनुपम पांडेय, अंकित मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


रोली-चंदन लगाकर एमबीबीएस छात्रों का कराया गया प्रवेश। अमृत विचार

### पखवारे भर चलेगा फाउंडेशन कोर्स

प्रधानाचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि एमबीबीएस की पढ़ाई में 15 दिन का फाउंडेशन कोर्स संचालित होगा। इस कोर्स के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को हिंदी-अंग्रेजी भाषा भी सिखाई जाएगी। संगीत, योग, ध्यान और खेलकूद की कक्षाएं लगेंगी। उन्हें रोगियों से अच्छा व्यवहार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षक बाहर से बुलाए जाएंगे। दूसरे प्रदेशों से आए छात्रों को स्थानीय भाषा सिखाई जाएगी, जिससे वे बेहतर तरीके से संवाद कर सकें।

# गुंगवाछ हत्याकांड में बचाव पक्ष की जिरह जारी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले में एडीजे एकता वर्मा की अदालत में चोटहिल अशोक यादव से बचाव पक्ष की जिरह जारी है। कोर्ट ने सुनवाई के 16 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के चर्चित केस में प्रधान आशा तिवारी, प्रधानपति रामशंकर तिवारी, उनके पुत्र नितिन तिवारी, बृजेश यादव, राम दुलारे यादव, अखिलेश और अभिषेक आरोपी हैं। प्रधान के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि गवाह अमरजीत की बीमारी के कारण उसका साक्ष्य लम्बित कर कोर्ट ने दूसरे गवाह अशोक यादव का बयान दर्ज किया, जिससे जिरह हो रही है। संपत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या और कई अन्य को घायल करने के आरोप में पूर्व प्रधान के पुत्र अमरजीत यादव ने केस दर्ज कराया था। हाईकोर्ट ने मुकदमे के शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया है।

▸▸ **कोर्ट ने सुनवाई को 16 अक्टूबर की तारीख नियत की**

# जयसिंहपुर तहसील पर भाकियू का प्रदर्शन

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** कार्यकर्ता से अभद्रता व अन्य किसान समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने सोमवार को जयसिंहपुर तहसील का घेराव कर प्रदर्शन किया। एसडीएम जयसिंहपुर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई।

बीते दिनों भाकियू टिकैत गुट के एक पदाधिकारी से तहसीलदार जयसिंहपुर ने अभद्रता कर दी थी। जिसको लेकर बीते सात दिनों से भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाकियू टिकैत गुट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी अवध क्षेत्र रूपेश शुक्ला ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं । उनका सम्मान सर्वोपरि है। जयसिंहपुर तहसीलदार मयंक मिश्रा ने भाकियू के पदाधिकारी से अभद्रता कर दिया था जिससे नाराज होकर लोग धरना दे रहे थे। सोमवार को कार्यकर्ताओं के जुलूस ने जयसिंहपुर तहसील गेट को जाम कर दिया तो एसडीएम जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा ने डीएम से वार्ता कराई। जिस पर भाकियू टिकैत गुट ने 15 दिनों के लिए धरना स्थगित कर दिया।


जयसिंहपुर तहसील का घेराव करते भाकियू के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- **एसडीएम को ज्ञापन दे तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

# संतराम हत्याकांड के नामजद भाजपा नेता व उसके भाई को ढूंढ नहीं पा रही पुलिस

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** बीते मंगलवार की रात अंडा व्यवसाई संतराम उर्फ लल्लू अग्रहरि की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में नामजद भाजपा नेता व उसके भाई को पुलिस ढूढ़े नहीं पा रही है। अब सीडीआर के आधार पर फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। हालांकि, मामले में दो नामजद समेत कुल नौ आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर निवासी संतराम उर्फ लल्लू अग्रहरि ने गोली लगने से लखनऊ में दम तोड़ दिया था। बुधवार की शाम उसका शव जब घर पहुंचा तो बजारवासियों ने रोड जाम कर दिया था। जाम की सूचना मिलते ही अधिकारियों व पुलिस के हाथ पांव फूल गए। देर रात तक सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने परिजनों को समझा बुझा कार्यवाही की बात कही थी। वही बुधवार की सुबह परिजनों ने भाजपा नेता व उनके भाई की गिरफ्तारी की मांग के साथ आवासीय पट्टे की मांग पर अड़ गए। सीओ सिटी कादीपुर ने गिरफ्तारी तो एसडीएम जयसिंहपुर ने आवासीय पट्टे की बात कही तो परिजन मान गए। गुरुवार की शाम चार बजे परिजन व्यवसाई के अंतिम संस्कार करने लेकर चले गए। पुलिस दो नामजद राज वर्मा, सौरभ वर्मा व फिरोज अहमद सहित सात लोगों को छह असलहे के साथ कुल नौ लोगों को जेल भेज दिया। वहीं गोली कांड के सप्ताह भर बाद भी मुख्य साजिशकर्ता बनाया गया भाजपा नेता अर्जुन पटेल व उसका भाई प्रदीप अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर है। वही व्यवसाई के बेटे ने बताया कि अभी भी उन्हें धमकी दी जा रही है। दोस्तपुर थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि दोनों का सीडीआर निकाल दबिश दी जा रही है, जल्द ही दोनों पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

- **सीडीआर से तलाशी जा रही फरार आरोपियों की लोकेशन**

## सार-संक्षेप

### देवी-देवताओं को न बनाएं मनोरंजन का साधनः सौरभ

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को कटका क्लब सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बीते कई सालो से देवी देवताओं का स्वरुप देकर नृत्य करवा लोग मनोरंजन कर रहे हैं। जिससे आम जनमानस के साथ हिंदू समाज को काफी पीड़ा होती है। मौजूदा समय में चल रहे दुर्गापूजा महोत्सव में भी हर जगह ऐसा नृत्य देखने को मिल रहा है, इतना ही नहीं इन कार्यक्रमों अधिकारी व जन प्रतिनिधि भी मौजूद होते हैं। रात में तो भद्दे भोजपुरी गानों पर भी देवी देवताओं का स्वरुप बना डांस करते नजर आ रहे हैं। जिसका कटका क्लब सामाजिक संस्था विरोध करती हैं। सीएम से पदाधिकारियों की मांग है कि ऐसे कार्यक्रम जिनमे हिंदू आस्था पर खिलवाड़ हो साथ ही देवी देवताओं के नृत्य कराने पर प्रभावी कार्यवाही की जाय। सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार प्रसार के लिए लगे भद्दे पोस्टर पर रोक लगाई जाए। भद्दे भोजपुरी गाने आटो, टैक्सी व शादी विवाह में बजने पर रोक लगाई जाय। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी आकाश सिंह, मीडिया प्रभारी सुधीर यादव व अन्य लोग मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कटका क्लब सामाजिक संस्था के लोग। अमृत विचार

### अशफाक हत्याकांड में बहस पूरी, 23 को आएगा फैसला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जगदीशपुर कस्बे में छह साल पूर्व दिन दहाड़े हुई अशफाक अहमद की हत्या के मामले में सोमवार को बहस पूरी हो गई है। जिला जज जय प्रकाश पांडेय की अदालत बहुचर्चित केस में 22 अक्टूबर को फैसला सुनाएगी। अमेठी के जगदीशपुर कस्बे विजया बैंक के सामने 30 जनवरी 2018 को बम व गोली मारकर अशफाक की हत्या कर दी गई थी। घटना में कई लोग घायल हुए थे। हत्याकांड में जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश विक्रम व सतई सहित कई आरोपी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने मुकदमे के शीघ्र सुनवाई के निर्देश दिए थे, जिस कारण प्रतिदिन सुनवाई जारी रही।

### बलिया के युवक पर सुलतानपुर में हमला, केस दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गनर व साथियों संग कार द्वारा लखनऊ से वाराणसी जा रहे युवक की कार पर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। गनीमत रही कोई चोटिल तो नहीं हुआ, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। युवक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र के सुलतानीपुर निवासी समीर सिंह ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। उसने बताया कि रविवार को वह अपने गनर व साथियों के साथ लखनऊ से वाराणसी जा रहा था। इसी बीच बिना नंबर प्लेट की एक कार उसका पीछा करने लगी। शंका होने पर पीछा कर रही गाड़ी को आगे या फिर पीछे चलने को कहा। इसके पहले भी उसके घर हत्या व अन्य घटनाएं हो चुकी है। अभी उसकी गाड़ी अमहट पहुंची कि पहले से खड़े 10 से 15 लोगों ने ईट पत्थर व लाठी डंडे से गाड़ी पर हमला बोल दिया। किसी तरह चालक गाड़ी को लेकर कोतवाली पहुंचा तो उसकी जान बची। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### टीवीएस बाइक एजेंसी की हुई शुरुआत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को टीवीएस की मोटर साइकिल लेने या सर्विस कराने जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। सोमवार को जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के सुलतानपुर-बलिया राज मार्ग के गोसाईगंज में सोमवार को अमर टीवीएस के नये शोरूम का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के दौरान एजेंसी मालिक अमरनाथ त्रिपाठी ने कहा कि इस शोरूम में ग्राहकों को बाइक खरीदारी पर ऑफर के रूप में दो हजार रुपये की छूट मिलेगी । साथ ही फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। इस मौके पर प्रेम नारायण तिवारी, राम नाथ तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, अनुराग तिवारी,चन्द्र प्रकाश तिवारी,राम अवतार तिवारी, करुणाकर तिवारी, आशुतोष तिवारी,प्रधान सत्य प्रकाश पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



अमर टीवीएस एजेंसी पर मौजूद लोग।

### अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन और एएसपी व क्षेत्राधिकारी कादीपुर के मार्गदर्शन में अखण्डनगर पुलिस ने सोमवार को दो अभियुक्तों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान लोरपुर नहर पुलिया के पास से रविन्द्र उर्फ अंगुरे (28) और सुनील पांडेय (27) को पकड़ा। दोनों अभियुक्तों के पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस तथा 38 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

### पिता ने पुत्री को गड़ासे से हमला कर किया घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे कन्हई मजरे डोभियारा निवासी दुर्गा प्रसाद की पुत्री कोमल यादव (22) जिसकी दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी वह अपने मायके पूरे कन्हई मजरे डोभियारा आई हुई थी। सोमवार सुबह लगभग आठ बजे उसके पिता दुर्गा प्रसाद किसी बात को लेकर गुस्सा हो गये। गुस्से में अपनी पुत्री कोमल यादव पर गड़ासे से वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं पास में ही दुर्गा पूजा पंडाल पर आरती हो रही थी जब लोगों ने देखा तो दौड़कर पहुंचे और घायल कोमल को इलाज के लिए नजदीकी सौ शैया अस्पताल पिठला कुमार गंज अयोध्या लेकर गए। जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए अयोध्या ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लगातार चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद भी लोग सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। लेखपाल के रोकने के बावजूद कब्जा जारी रहा तो लेखपाल ने स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के सुरौली निवासी जगदीश व राम बहादुर सरकारी अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या 1670 जो कि ग्राम समाज अंकित है। उस पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य करवा रहे थे। जिस पर हल्का लेखपाल ने सरकारी जमीन का हवाला देते हुए निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा। लेखपाल के रोकने के बावजूद भी जब निर्माण चलता रहा तो लेखपाल ने गोसाईगंज थानाध्यक्ष को तहरीर दी। लेखपाल की तहरीर पर गोसाईगंज पुलिस ने दोनों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हनुमानगंज पहुंचे अजय राय ने जाना हाल

**भदैंया, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात के हनुमान गंज बाजार में रविवार की रात करीब नौ बजे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जिला सचिव दीपक सोनी के घर पहुंचे। सड़क दुर्घटना में चोटिल हुए जिला सचिव दीपक सोनी के भतीजे की कुशलता की जानकारी ली।

हनुमानगंज बाजार मे जिला सचिव दीपक सोनी का मकान है। उनका भतीजा सिद्धांत घर के सामने खेल रहा था। इसी बीच वह गुजर रही बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे गंभीर हालत में लखनऊ ले गए थे जहां पखवारे भर इलाज के बाद वह घर आया था । प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जिला सचिव के घर पहुंचकर घायल का कुशल क्षेम जानते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही पुलिस अधीक्षक और देहात कोतवाल से फोन पर वार्ता कर आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही। इस मौके पर राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी, जनेश्वर उपाध्याय, व्यापार मंडल के पदाधिकारी संदीप कसौधन, सर्वेश बरनवाल, अनिल तिवारी, सत्येन्द्र नाथ उपाध्याय,सूरज सिंह(प्रधान) पृथ्वीपाल यादव,सोहित दुबे, राजेन्द्र सोनी, आदि सभी सम्मानित लोग मौजूद रहे।


संगठन के पदाधिकारी के भतीजे का हालचाल लेते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

- **जिला सचिव दीपक सोनी के भतीजे की कुशलता की ली जानकारी**

# अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बल्दीराय थाना क्षेत्र के पतुलकी निवासी रमेश यादव पुत्र मनीराम 30 वर्ष हलियापुर थाना क्षेत्र के गौहनिया मजरे हलियापुर में सुकरू यादव के यहां ससुराल गये हुए थे। वहां से रविवार रात लगभग नौ बजे बाइक से किसी काम से हलियापुर की तरफ जा रहे थे कि बाबागंज चौराहा से थोड़ी दूर रामबाग ढाबा के सामने एकाएक गाड़ी का बैलेंस खोकर सड़क पर गिर गये। इसी समय जगदीशपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के नीचे आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आस्था

**जिले में दुर्गा पूजा महोत्सव की मची धूम, हर तरफ पूजा-पाठ का माहौल, रोशनी से नहाया शहर व कस्बा, ग्रामीण क्षेत्रों में भी छाया उल्लास**

# पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

**जिला संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** जिले का ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव में हर तरफ धूम मची है। शहर के समेत ग्रामीणांचल के पूजा पंडालों पर भीड़ उमड़ रही है। माता रानी के दर्शन कतार लगाकर किया जा रहा है। शहर में जगह-जगह भण्डारे चल रहे हैं। वहीं, पंडालों की लाइटिंग महोत्सव का आकर्षण बढ़ा रहे हैं।

सोमवार की शाम ढलते ही शहर में सजे पूजा पंडाल पर लोग पहुंचने लगे। रविवार की रात भी मेले में काफी भीड़ देखी गई। माता रानी के विभिन्न रूपों के आकर्षक पंडालों में मूर्तियां स्थापित की गई हैं। चौक, ठठेरी बाजार समेत कई स्थानों पर गुफाएं बनाई गई हैं। जो मेलार्थियों को आकर्षित कर रहीं हैं। शाम ढलते ही एक पंडाल से दूसरे पंडाल तक की गई लाइटिंग आकर्षण में चार चांद लगा रहे हैं। पटरियों पर सजी दुकानों पर दर्शन करने के बाद लोग खूब खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, शहर के साथ ग्रामीणांचालों में भी पूजा पंडालों पर दर्शन-पूजन करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। दूसरी ओर, शहर में जगह-जगह भण्डारे व प्रसाद वितरण किए जा रहे हैं।


दुर्गा पूजा महोत्सव में माता रानी के दर्शन करते श्रद्धालु। गुड़मंडी से लेकर चौक तक की लाइटिंग महोत्सव की बढ़ा रही शोभा। अमृत विचार

### जंगल थीम पर बनी गुफा में लग रही भक्तों की कतार

बाल दुर्गा पूजा समिति (छोटी दुर्गा) की ओर से ठठेरी बाजार मेजरगंज चौराहा पर बनाई जाने वाली गुफा हर बार महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बनती है। अभी यहां पर देश विदेश के धार्मिक स्थलों के अनुकृति के पूजा पंडाल व गुफा बनाई जा चुकी है। इस बार यहां पर जंगल थीम पर गुफा बनाई गई है। नष्ट होते जंगल और वहां के जानवरों को बचाने के लिए सीख देने वाली कलाकृतियां रोमांचित कर रही हैं। समिति के अध्यक्ष अनुज अग्रहरि ने बताया कि हर बार कुछ अलग करने के लिए पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्णय लिया जाता है। इस बार बच्चों व मेलार्थियों को जागरूक करने के लिए तमाम तरह के प्रयास किए गए हैं। समिति के संस्थापक सत्य प्रकाश खत्री, पूजा व्यवस्थापक अंकित अग्रहरि, महामंत्री अजय अग्रहरि, सदस्य संदीप जायसवाल, राजेश अग्रहरि, रानू अग्रहरि, संयोजक मनोज अग्रहरि मिलकर मेलार्थियों को पूरी व्यवस्था में जुटी है। माता रानी के दर्शन कराए जा रहे हैं। प्रत्येक दिन हजारों लोग यहां कतारबद्ध होकर माता रानी के दर्शन कर रहे हैं।

# दुर्गा प्रतिमाओं का डोई नदी में किया गया विसर्जन

## लगे गगनभेदी माता के जयकारे, कला और शक्ति का किया गया प्रदर्शन, डीजे की धुन पर थिरकते रहे श्रद्धालु

संवाददाता, शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शरदीय नवरात्र पर कस्बे में स्थापित सभी दुर्गा प्रतिमाओं को गगनभेदी जयकारों के साथ क्रेन की सहायता से स्थानीय डोई नदी में विसर्जित कर दिया गया। मूर्ति विसर्जित करने पहुंचे लोग रात भर अबीर-गुलाल से सराबोर रहे व डीजे की धुन पर थिरकते रहे। इस बार भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना रहा।

पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शोहरतगढ़ नगर समेत नीबी दोहनी, गड़ाकुल, छतहरी, मेढ़वा, नरायनपुर गांव में स्थापित देवी प्रतिमाओं को विसर्जित करने के लिए रविवार की रात्रि में डोला उठा। डंका की धुन के साथ बजरंग अखाड़े के अखाड़ेबाज परम्परागत तरीके से रात भर अपनी विविध प्रकार के कलाओं से अखाड़ा खेलते रहे और लोगों को रिझाते रहे। दुर्गा पूजा संचालन समिति के पदाधिकारियों द्वारा सभी को कला व शक्ति कौशल प्रदर्शन का मौका भी दिया गया।

बजरंग अखाड़े में चैयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल व अनूप कसौधन आदि के साथ युवाओं ने अपनी प्रतिभा भी दिखाई। अखाड़े में अखाड़ा प्रमुख के नाती आनन्द कन्नौजिया को कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने ने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया। इस बार दुर्गा पूजा संचालन समिति को अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, मनोज कुमार गुप्ता अखाड़े की अगुवाई करते नज़र आये। बजरंग अखाड़े के साथ श्रीराम जानकी मन्दिर से निकला डोला पुलिस बूथ, इक्कावन तिराहा पहुंचा और वहां से वापस आकर पुलिस बूथ, श्रीराम ज़ानकी मन्दिर मार्ग, तिरंगा तिराहा, मालगोदम के रास्ते सीओ ऑफिस और वहां आगे बढ़ते हुए पुनः तिरंगा तिराहा, नगर पंचायत कार्यालय, गोलघर, भारत माता चौक, सुनारी मोहल्ला, श्रीराम चौक, इक्कावन तिराहे के रास्ते नीबी दोहनी से होते हुए डोई नदी तक पहुंच गया। इस दौरान दुर्गा पूजा संचालन समिति के पदाधिकारियों द्वारा नियमानुसार डोला क्रमवार लगवाते रहे। श्रीराम जानकी रथ के पीछे सभी प्रतिमाएं क्रमवार लगती रहीं। डोई घाट पर श्रद्धालुओं ने लोगों ने देवी दुर्गा की अर्चना कर उन्हें विदाई दी।

डोई नदी घाट पर पहुंचे पांडाल आयोजकों, श्रद्धालुओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने क्रेन की सहायता से एक-एक कर सभी प्रतिमाओं को विसर्जित करवाया। दुर्गा प्रतिमाओं पर डीएम एसपी समेत अधीनस्थ अधिकारियों की नज़र रात पर डोले व अखाड़े पर बनी रही। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ समेत एसडीएम चन्द्रभान सिंह, सीओ सुजीत राय विसर्जन स्थल पर डटे रहे। दुर्गा प्रतिमाओं के सकुशल विसर्जन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यक्रम व्यवस्थापक व संचालन समिति के पदाधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया।



दुर्गा मां की प्रतिमा को विसर्जित करते भक्त। अमृत विचार

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न थानों से पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत लोटन पुलिस द्वारा सोमवार को प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में स्थानीय थाना पर पंजीकृत नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला तथा पॉस्को एक्ट में वांछित अभियुक्त सलमान खान पुत्र वीर मोहम्मद ग्राम धनिया हवा थाना लोटन को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में थाना गोल्हौरा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी श्याम और पुजारी निषाद निवासी गोठवाटोला हडहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** मुसाफिरखाना क्षेत्र के भनौली गांव स्थित रेलवे लाइन के पास टहलते समय मालगाड़ी के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम मृतक सूरज पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम भनौली अपने घर के पीछे रेलवे लाइन के पास शाम करीब 7 बजे बीड़ी पी रहा था। तभी अचानक मालगाड़ी से टकरा गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। जिससे उसकी मौत हो गई। आरपीएफ की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शिनाख्त कर विधिक कार्रवाई की।

### डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**जायस, अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने त्योहारों के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सोमवार को जायस कस्बे में आमजनमानस में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## इन्वेस्ट यूपी के तहत राइस मिल का उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा इन्वेस्ट यूपी के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में निवेशदाता सन्दीप कुमार के साथ हस्ताक्षरित एमओयू के अनुसार तहसील-नौगढ़ के ग्राम पंचायत धेन्सानानकार में स्थापित मेसर्स सिद्धि विनायक ट्रेडर्स राइस मिल का उद्घाटन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी, उपायुक्त, उद्योग, लीड बैंक अधिकारी, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद में सन्दीप कुमार द्वारा 8 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जिससे 30 लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। यूनिट को इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से ऋण लेने में सहयोग किया गया तथा यूनिट को एआईएफ का लाभ भी दिलाया जा रहा है।

# सिंदूर खेला में महिलाओं ने लिया हिस्सा



एक-दूसरे को सिंदूर लगाती महिलाएं। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** बंगाली समिति दुर्गाबाड़ी द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव के दशमी तिथि को सुबह कलश विसर्जन, देवी को महिलाओं द्वारा सिंदूर लगाना, मिष्ठान्न खिलाना तत्पश्चात महिलाओं का आपस में सिंदूर खेला का आयोजन हुआ।

इस दौरान महामंडलेश्वर कंकेश्वरी नंद गिरी, सदस्य किन्नर कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश, समाज सेवी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डॉ भारत भूषण, डॉ सुदिप्ता भूषण, वरिष्ठ रंगकर्मी केसी सेन, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष बंगाली समिति डॉ. अमर नाथ चटर्जी, सचिव अभिषेक चटर्जी बाबाई, संयुक्त सचिव अभिषेक चटर्जी, ओभी साहित्य सचिव दीपक चक्रवर्ती निशांत ने सभी का स्वागत किया। शाम छह बजे देवी प्रतिमा दुर्गा बाड़ी से विसर्जन के लिए निर्धारित मार्ग से रवाना हुई।

## लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का संचालन 21 से

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 22544/22543 लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का नियमित संचलन लालकुआं से 21 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 22 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा। 22544 लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 21 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार को लालकुआं से 07.45 बजे प्रस्थान कर रुद्रपुर सिटी से 08.30 बजे, रामपुर से 09.22 बजे, मुरादाबाद से 10.02 बजे, गाजियाबाद से 12.42 बजे, हजरत निजामुद्दीन से 13.50 बजे, मथुरा जं. से 16.00 बजे तथा बोरीवली से 07.32 बजे छूटकर बान्द्रा टर्मिनस 08.30 बजे पहुंचेगी।

# करवा चौथ व दीवाली थीम पर कार्यक्रम आयोजित



करवा चौथ व दीवाली थीम पर आधारित कार्यक्रम में हिस्सा लेती महिलाएं। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा शहर के होटल में करवा चौथ, दिवाली थीम को लेकर मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच का संचालन शालिनी अनुराग, कोकिला मनाली, मिताली जालान द्वारा बहुत खूबसूरत तरीके से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रश्मि अग्रवाल ने गणेश वंदना से की, तत्पश्चात सदस्याओं ने करवा चौथ के गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष रश्मि बंका ने किया। कार्यक्रम में बंपर हाउजी, लकी ड्रॉ, तोल मोल के बोल में सभी सदस्याओं ने भरपूर आनंद लिया। आखिर में सबने मिल कर डांडिया का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन सचिव प्रिया जैन ने धन्यवाद ज्ञापन द्वारा किया। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष सुधा मोदी, संस्थापिका मंजुल अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, शशि, मीनू, रीता, मधु, मीनाक्षी, डिम्पल, वंदना दास, संगीता, आभा, शानू आदि उपस्थित रहीं।

# लापरवाह बीसीपीएम का 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश

## जिला स्वास्थ्य समिति व स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की जिलाधिकारी ने बैठक कर की समीक्षा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- एमओआईसी नौगढ़ की प्रगति ठीक न पाये जाने पर जारी होगी नोटिस
- आईईसी मद में आवंटित बजट को शत-प्रतिशत व्यय करने का दिया निर्देश

**अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त डीसीपीएम/बैम से बजट की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन बैम का कार्य ठीक नहीं है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो बीसीपीएम/बैम कार्य नहीं करते हैं, उनका 15 दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। एमओआईसी डुमरियागंज को बैम डुमरियागंज की कार्य की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। बीसीपीएम डुमरियागंज 3 दिन इटवा में भी कार्य कर रहे हैं। बैठक में अनुपस्थित होने तथा भुगतान की प्रगति ठीक न पाये जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरानी नौगढ़ के बैम को नोटिस देने का निर्देश दिया गया। आकांक्षी विकास खण्ड खेसरहा की आवंटन के सापेक्ष 60 प्रतिशत व्यय होना चाहिए। एमओआईसी नौगढ़ की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एसबी ट्रेनिंग आशा, एएनएम को प्रशिक्षण में आवंटित बजट से 31 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण का रोस्टर तैयार कर प्रशिक्षण कराने तथा उस पर व्यय करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण का समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में 280 आशा दीदी का चयन होना है, उसकी समस्त कार्यवाही 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर आशा दीदी के चयन की कार्यवाही पूर्ण करें। इसमें जिस एमओआईसी का लक्ष्य पूर्ण नहीं होगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आशा दीदी का कोई भी पद खाली नहीं होना चाहिए। अभी तक कोई भी डिलेवरी प्वांइट चिन्हित नहीं होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। आईईसी मद में आवंटित बजट को शत-प्रतिशत व्यय करने का निर्देश दिया।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.। अमृत विचार

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके चौधरी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. प्रमोद, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ. केटुल, बीएमसी यूनीसेफ रूपेश त्रिपाठी, डीपीएम, डीसीपीएम, डॉ. मनीष सिंह, समस्त सीएचसी/पीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### फुटबाल के लीग मैच में बस्ती की टीम रही विजेता

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में आयोजित छात्र उत्सव कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिता के लीग मैच का आयोजन किया जा रहा है। लीग प्रतियोगिता के तहत सोमवार को फुटबाल व क्रिकेट का लीग मैच खेला गया। फुटबाल मैच बस्ती मेडिकल कॉलेज व माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर के बीच खेला गया। जिसमें बस्ती ने माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के विरुद्ध ताबड़तोड़ तीन गोल कर मैच को 4–1 से मैच हरा दिया। मैच के शुरुआत में दोनों टीमों ने टक्कर का खेल दिखाते हुए एक–एक गोल किया। मध्यांतर होने तक दोनों टीम एक–एक गोल से बराबर रहीं। मध्यांतर के बाद बस्ती की टीम नई रणनीति और बेहतर तालमेल के साथ खेलती दिखी। उन्होंने थोड़े थोड़े अंतराल पर लगातार तीन गोल किये। इस प्रकार मुकाबले को 4–1 से मुकाबला जीत लिया। छात्र उत्सव में छह टीमों के बीच में क्रिकेट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिला स्टेडियम में खेला गया पहला मैच बस्ती व बहराइच के बीच खेला गया। मुकाबले में बहराइच ने बस्ती को दो रनों से हराकर मैच को जीत लिया। दूसरा मैच आर्यांश व चैलेंजर के बीच खेला गया। इसमें आर्यांश 5.2 दो ओवर बिना किसी नुकसान मैच को जीत लिया। आखिरी मैच माधवन व द डोमिनेटर के बीच खेला गया। जिसमें द डोमिनेटर ने माधवन को नौ विकेट से मैच हरा दिया। इस दौरान प्रो प्राचार्य राजेश मोहन, डॉ. विष्णु, डॉ. नौशाद आलम, छात्र गौरव पांडेय, रागनी साहनी मौजूद रहीं।

### आरएसएस ने की शस्त्रों की पूजा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से शोहरतगढ़ कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विजयादशमी उत्सव व संघ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से शस्त्रों का पूजन–अर्चन कर मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक राजीव नयन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर पढ़े चलो, भला जो जिसमें देश का, वो काम सब किए चलो। जिस भी कार्य को करने में देश का भला हो, संघ का स्वंयसेवक वह कार्य करने में महती भूमिका निभाता है। संघ का स्वयंसेवक अपने 100 वर्ष की यात्रा में देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति व समरसता की गारंटी देता है। बौद्धिक खत्म होने के बाद स्वयंसेवकों ने पूरे कस्बे में पथ संचलन निकाला। इन स्वयंसेवकों पर माताओं–बहनों ने पुष्प वर्षा कर जगह–जगह स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिला संघचालक गोकुल गोयल ने की। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल, जिला प्रचारक विशाल, जिला कार्यवाह शिवेंद्र सिंह, खंड कार्यवाह अभय सिंह, पंकज श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सिंह, अविनाश, अभय प्रताप सिंह, धर्मेंद्र अग्रहरि, ऋषि वर्मा, दुर्गेश अग्रहरि, सत्यम अग्रहरि, दुर्गेश वर्माआदि मौजूद रहे।

### लावारिस हालत में मिली महिला को परिजन को सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर–पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। 13 अक्टूबर को रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या–02 पर 50 वर्ष की एक महिला लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त महिला को उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। 12 अक्टूबर, को रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या–12553 में 16 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन, लखनऊ जं. को सुपुर्द किया गया। 12 अक्टूबर को रेलवे सुरक्षा बल, बस्ती को रेलवे स्टेशन चुरेब के गेट संख्या–184 से रेल सम्पत्ति की चोरी करने वाले एक शातिर चोर को रेलवे की 300 मीटर कॉपर वायर ले जाते हुए गिरफ्तार किया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए किया जागरूक

**गोरखपुर, , अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय, गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा–2024 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में, स्वच्छता पखवाड़ा के 14वें दिन पूर्वोत्तर रेलवे पर 'सिंगल उपयोग प्लास्टिक का निषेध' थीम के अन्तर्गत लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों के विभिन्न स्टेशनों पर कर्मचारियों, यात्रियों एवं वेंडर्स को प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग एवं लखनऊ जं. सहित अन्य स्टेशनों पर प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु जागरूकता रैली एवं संवाद के माध्यम से कर्मचारियों, यात्रियों एवं वेंडर्स को जागरूक किया गया। स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रैली, कपड़े के थैलों का वितरण एवं प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन से प्लास्टिक बोतल को क्रश कर जागरूकता फैलाई गई। इसी क्रम में, देवरिया सदर, मऊ, वाराणसी सिटी, बनारस, बलिया, गाजीपुर सिटी, आजमगढ़, सीवान एवं छपरा स्टेशनों पर स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एकल उपयोग प्लास्टिक के रोकथाम के लिए सभी फूड स्टॉल का निरीक्षण किया गया एवं जागरूकता रैली निकाल कर यात्रियों और कर्मचारियों को जागरूक किया गया। इसी थीम के अन्तर्गत इज्जतनगर मंडल में प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु विभिन्न स्टेशनों पर कर्मचारियों एवं यात्रियों के मध्य कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा' के समापन अवसर के अन्तिम दिन 15 अक्टूबर, 2024 को 'समीक्षा/ब्रीफिंग एवं स्वच्छ जागरूकता रैली' थीम के तहत मुख्यालय एवं मंडलों में विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# कुत्तों ने पांच बच्चों को काटा बच्ची की हालत गंभीर, रेफर

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के दो गांवों में कुत्तों ने दो दिन में 18 माह की बच्ची सहित पांच बच्चों को जख्मी कर दिया है। कुत्तों के हमला से बच्ची के चेहरे पर गंभीर घाव है। उसकी गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया है और जिला चिकित्सालय बस्ती में उसका इलाज चल रहा है। कुत्तों की आक्रमकता से ग्रामवासी परेशान और खौफजदा हैं।

तहसील क्षेत्र के ग्राम गरदहिया में रविवार को एक कुत्ते ने एक 18 माह की बच्ची, सात साल के वंशीलाल एवं आठ साल के



विजय को काटकर जख्मी कर दिया। 18 माह की बच्ची हदिया पुत्री असद जो अपने दरवाजे पर खेल रही थी, उसके ऊपर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया, इसे बेवा सीएचसी पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए बस्ती रेफर कर दिया। अन्य का उपचार कराया गया है। वहीं क्षेत्र के ग्राम पिपरगडडी में रविवार की सुबह घर के बाहर खेल रहे शिवराज (4) को हिंसक कुत्ते ने हमला बोल कर काट कर जख्मी कर दिया। परिजन ने उपचार के लिए सीएचसी बेवा ले गए, जहां डॉक्टरों ने घायल बालक का उपचार कर घर भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही 15 से 20 कुत्ते एक साथ झुंड बनाकर के घूमते रहते हैं और मौका पाकर हमला कर देते हैं।

इस संबंध में सीएचसी बेंवा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विकास चौधरी ने बताया कि अस्पताल पर पर्याप्त मात्रा में ऐंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध है। कोई भी जहरीला जीव-जन्तु के काटने पर ग्रामीण लापरवाही न करें, तत्काल अस्पताल पहुंच कर अपना उपचार कराएं।

## जिलाधिकारी ने सड़क खोदवाकर जांची गुणवत्ता

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर. द्वारा लोटन-सोहांस सड़क मार्ग का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सड़क को खोदवाकर देखा गया। सड़क गुणवत्ता ठीक पायी गयी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ से सड़क को बचाने हेतु सिंचाई विभाग व लोनिवि संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे शासन को बोल्डर लगाने हेतु प्रस्ताव भेजा जा सके। अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पानी के निकास हेतु छोटे पुल के निर्माण के लिए शासन में प्रस्ताव भेजा गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़क पर जहां पर कटान हुआ है, तत्काल उसे ठीक कराये।

# कमी मिलने पर आशा बहू को लगाई फटकार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** भनवापुर क्षेत्र के अंतर्गत सीएचसी अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने ग्राम पिपरा पांडे में सोमवार को आयोजित छाया एकीकृत वीएचएसएनडी सत्र तथा दस्तक कार्यक्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तक सुनीता, सरोज, इंद्रावती, सरिता, मनीषा आदि कुल 6 महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच तथा देवास, मानसी, ऋषभ, अभिनव, मानस, पीहू आदि कुल 9 बच्चों को सत्र सेवाएं दी जा चुकी थीं।

भ्रमण के दौरान अधीक्षक के द्वारा एएनएम के कार्यों का सत्यापन किया गया तथा इसके बाद गांव में जाकर आशा बहू के द्वारा दस्तक कार्यक्रम में किए गए कार्य का भौतिक सत्यापन किया, कमी पाए जाने पर आशा बहू को फटकार लगाई। इस दौरान डॉ.ओझा के द्वारा बताया गया कि पर्यवेक्षण ही कार्यक्रम की सफलता की कुंजी होती है, बिना पर्यवेक्षण के कार्यक्रम को सफल नहीं बनाया जा सकता, इसलिए सभी एएनएम ग्राम स्तर पर उपस्थित होते हुए आशा बहू के द्वारा किए जा रहे कार्यों का पर्यवेक्षण करें। इस दौरान एएनएम निधि रैकवार, आशा बहू लीलावती, आंगनवाड़ी अनीता, मिथलेश, सेवक, विजय, संतोष, आकाश आदि सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## युवती के अपहरण के आरोपी युवक को भेजा गया जेल

**अमेठी, अमृत विचार :** जनपद के संग्रामपुर थानांतर्गत एक महिला की तहरीर पर एक युवक प्रदीप कुमार पुत्र हरिलाल निवासी ग्राम कुंआडाड थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या को संग्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। दरअसल मामला एक युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भागा ले जाने को लेकर था। युवती की मां की तहरीर पर संग्रामपुर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर युवती को युवक के साथ बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और युवती को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया गया है। संग्रामपुर प्रभारी ईश नारायण मिश्र ने बताया कि तहरीर पर युवती को बरामद करके सकुशल उसकी मां के सुपुर्द किया गया है।

# रजिस्टर नहीं मिले अपडेट, डीएम ने जताई नाराजगी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- पीएमश्री विद्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण
- अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर. द्वारा पीएमश्री विद्यालय, रेहरा विकास क्षेत्र नौगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ-सफाई ठीक नहीं पाया गया। पीएमश्री विद्यालय में प्रस्ताव लेकर एमडीएम शेड निर्माण कराने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को एमडीएम शेड निर्माण व जमीन चिन्हित कराने का निर्देश दिया तथा विद्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायें। विद्यालय में 290 बच्चों का नामांकन है, जिसमें 200 बच्चे उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर आदि को देखा गया। निरीक्षण के दौरान निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड्डे मील रजिस्टर व अन्य रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी रजिस्टर को समय से अपडेट करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक अभय प्रताप सिंह का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक आस्था जायसवाल, अनुराधा शुक्ला का एक दिन वेतन काटने के साथ अनुशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गेहूं के आटे की गुणवत्ता को चेक किया गया। विद्यालय में बच्चे जूता मोजा नहीं पहने थे, जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि बच्चों के अभिभावको को प्रेरित करें कि जूता-मोजा आदि खरीद लें। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी, नौगढ़, व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।



पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### निर्माण कार्य की सुस्त रफ्तार पर जताया असंतोष

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. द्वारा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बसौनी विकास क्षेत्र नौगढ़ में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष एवं प्रयोगशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्माण कार्य को समय से व गुणवत्तापूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# प्राथमिकता पर करें शिकायतों का निस्तारण

## जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण, साफ-सफाई का दिया निर्देश

संवाददाता, कुशीनगर



**अमृत विचारः** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सोमवार को जन सुनवाई, जनता दर्शन में आए लोगों की समस्यायों को सुनने व प्रार्थना पत्रों का निस्तारण के बाद कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सुनवाई के दौरान कोई भी शिकायतकर्ता अगर आता है तो उसकी शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए। समस्त अधिकारी जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुने तथा उसका निस्तारण करें शासन के मंशानुरूप जन समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सभी कार्यालयाध्यक्ष प्रातः 10 बजे से जनता दर्शन के दौरान अपने क्षेत्र की समस्याएं सुनें एवं शिकायतकर्ता की समस्या को स्वतः संज्ञान ले और उसका नियमानुसार संवेदनशील होकर निस्तारण करें। कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान नजारत, जिला आपूर्ति कार्यालय, कलेक्ट्रेट प्रांगण, भूलेख रिकॉर्ड रूम सहित कलेक्ट्रेट सभागार व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने साफ- सफाई व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त रखने, कलेक्ट्रेट के बाह्य परिसर के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों, आए हुए गणमान्यों के लिए पार्किंग व्यवस्था निर्धारित करने सहित निष्प्रयोज्य, अनुपयोगी उपकरणों, सामानों को नीलामी कराने व रिकार्ड रूम में सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ाने तथा उचित स्थान पर लगाने एवं परगना, तहसीलवार, पत्रावलियों को बेहतर रख रखाव के संबंध में प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कुल नक्शे, डिजिटलाइज्ड नक्शे, कुल ग्राम, आबाद तथा गैर आबाद ग्रामों की संख्या का एक संक्षिप्त विवरण बना लें। निरीक्षण के उपरांत पुनः आए हुए फरियादियों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने गंभीरता पूर्वक एक एक कर सुना एवं त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, प्रेम कुमार राय, उपजिलाधिकारी अनिल, मो. जफर, प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, कलेक्ट्रेट नाजिर बृजेश गौतम सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस्ती की बेटी ने लहराया परचम

संवाददाता, बस्ती

▸▸ उत्तराखंड में आयोजित हुई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता

**गौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के उदय पब्लिक स्कूल डुहवा की 11वीं की छात्रा नव्या सिंह ने उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेटी के इस उपलब्धि पर हर कोई प्रशंसा कर रहा है।

छात्रा नव्या सिंह शुरू से ही ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में जिला व मंडल में नाम रोशन कर चुकी है। जबकि 9 से 12 सितंबर तक सनवीम एकेडमी बाबतपुर वाराणसी में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक विजेता बनी। तभी से हर कोई को उम्मीद था की बेटी एक न एक दिन राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन जरूर करेगी और आगामी 13 अक्टूबर को उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के मदर इंडिया पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक विजेता बन स्कूल सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक जयशंकर सिंह ने बताया कि नव्या सिंह बचपन से अपने ननिहाल ग्राम सभा कटास में रहकर यहीं से शिक्षा ग्रहण कर रही है। शुरू से ताइक्वांडो खेल में वह रुचि रखती है और इसी जिज्ञासा के साथ वह निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रबंधक ने प्रशंसा करते हुए कहा कि बेटी ने विद्यालय,गांव,जिला एवं प्रदेश को गोरावांवित करते हुए परचम लहराया है। इससे सभी को बेटी के इस उपलब्धि पर गर्व है। छात्रा नव्या सिंह ने बताया कि इस उपलब्धि का पूरा श्रेय अपनी माता सरिता सिंह एवं पिता धर्म सिंह व मामा मामी सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों को देती हूं। विद्यालय के प्रधानाचार्य केके मिश्रा ने बताया कि नव्या अपनी मेहनत लगन और गुरुजनों के मार्गदर्शन में इस मुकाम को हासिल किया है। बेटी का चयन आगे के लिए स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) में हुआ है। विद्यालय के शिक्षक अमरीष शुक्ला, विकल आनंद, राघवेंद्र, रितुराज, आराधना, प्रज्ञा, शशि, आस्था आदि ने प्रसन्नता व्यक्ति की है।

# ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें : संतोष

संवाददाता, संतकबीरनगर



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह। अमृत विचार

▸▸ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने लोगों को दिलाई सदस्यता

**अमृत विचारः** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह इन दिनों अपने गृह जनपद के प्रवास पर हैं। रविवार को कांटे मण्डल के भुजैनी गांव में सदस्यता कैंप लगाकर उन्होंने सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सोमवार को प्रदेश उपाध्यक्ष ने जनपद स्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक कर उन्होंने सदस्यता अभियान की गहन समीक्षा किया।

उन्होंने आगामी 17 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष सदस्यता अभियान में पूरी ताकत झोंक कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की इकलौती पार्टी है जो राष्ट्रवाद और विकास को साथ लेकर चल रही है। विरासत का सम्मान और सुरक्षा सिर्फ भाजपा से ही सम्भव है। सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव ने उन्हें आश्वासन दिया कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने लक्ष्य से ज्यादा लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाकर जिले में भाजपा को अजेय बनाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला महामंत्री गणेश पांडेय, अमर राय, ब्लाक प्रमुख राममिलन यादव, ओमप्रकाश यादव, ज्ञानेंद्र मिश्र, हैप्पी राय समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डूबे युवक का 36 घंटे बाद मिला शव

**कुशीनगर, अमृत विचारः** जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान छोटी गण्डक नदी के राम जानकी घाट पर डूबे युवक का 36 घंटे बाद घटनास्थल से 5 किमी दूर कप्तानगंज थानाक्षेत्र स्थित सेमरा गांव के पास नदी में उतरती मिली। मृतक आशीष अग्रहरि पर परिवार के 6 लोग आश्रित थे। स्थानीय लोगों ने कहा, मूर्ति विसर्जन के पहले अगर प्रशासन नदी में गहराई चिन्हित कर बैरिकेडिंग की होती तो शायद यह हादसा नही होता। घटना के दिन 5 लोग नदी में डूब रहे थे, जिनमें 4 तैरकर बाहर आ गए। आशीष का शव मिलने के बाद पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन संपन्न

## एडीएम और एएसपी ने संभाली सुरक्षा की कमान, क्षेत्र का वातावरण हुआ भक्ति मय

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर



हैंसर बाजार चौराहे पर मुस्तैद खड़े एएसपी सुशील कुमार सिंह और एसडीएम धनघटा

**अमृत विचारः** धनघटा तहसील क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर सकुशल संपन्न हुआ।

क्षेत्र के हैंसर बाजार, धनघटा, उमरिया, पौली, दूल्हा पर, नाथनगर, महुली, काली जगदीशपुर, हरिहरपुर, लोहरइया, मौर, अशरफपुर आदि स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम क्षेत्र के कटार मिश्र, बिड़हर घाट, रामबाग घाट, चांडीपुर, महेश्वरपुर, बनकटा समेत घाघरा और कुआनो नदी के विभिन्न घाटों पर मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। इसी कड़ी में सोमवार को हैंसर चौराहे पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन कार्यक्रम संवेदनशील क्षेत्र होने के नाते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, क्षेत्राधिकारी धनघटा और थाना प्रभारी धनघटा के साथ ही एसडीएम धनघटा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहकर मूर्ति का विसर्जन कार्यक्रम संपन्न कराया। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान मां देवी के गीतों पर युवाओं की टोलियां पूरा जोश दिखाते हुए थिरकते हुए दिखाई दीं। माता के जयकारों के साथ गगन भेदी नारे भी लगाए जा रहे थे। जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्ति मय हो गया। सभी प्रतिमाओं का विसर्जन सकुशल सम्पन्न कराने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लिया। इस मौके पर वीरेंद्र जायसवाल, गगनदीप, मुकेश, मिंटू जायसवाल, देवानंद पांडेय, डा. बंधु प्रसाद चौहान, सभासद सीमा चौहान, सोमनाथ चौहान, शिव कुमार उपाध्याय, शिव कुमार, टिंकू सैनी, अनूप कुमार, मटेलू सहित तमाम भक्त गण मौजूद रहे।

# नाबालिग को भगाने के आरोप में 7 पर मुकदमा

संवाददाता, सांथा, संतकबीरनगर

**अमृत विचारः** बेलहर कला थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बेलहर पुलिस को सौंपी गई तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि उसकी लड़की गांव के पुराने वाले घर से चौराहे पर स्थित दुकान से समान लेने गई थी। काफी देर तक घर वापस नहीं आने पर काफी तलाश की गई। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद कुछ लोगों ने बताया कि संजय पुत्र स्वामीनाथ, रामचन्द्र पुत्र बाबूराम, रामू पुत्र चैतू, सुनील पुत्र स्वामीनाथ, अजय पुत्र स्वामीनाथ, संजय की मां व भाभी नाम अज्ञात निवासी गण भिटिया साजिश करके उनकी नाबालिग लड़की को बहलाकर भगा ले गए हैं। जिसकी शिकायत करने पर उक्त लोग पीड़ितों के साथ गाली गलौज और जान माल की धमकियां दे रहे हैं। उक्त घटना से आहत पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग किया, जिसपर पुलिस ने सभी 7 आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सिपाही के समर्थन में आए अधिवक्ता व छात्र नेता

संवाददाता, संतकबीरनगर

▸▸ दोषी डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन : अंशुमान सिंह

▸▸ डॉ. अनुज सरकारी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचारः** जिले में तैनात सिपाही पंकज कुमार पर गोरखपुर में डॉक्टर अनुज सरकारी की क्लीनिक पर हुए जानलेवा हमले और सिपाही के खिलाफ गम्भीर धाराओं के तहत जेल भेजे जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। सिपाही पंकज कुमार को न्याय दिलाने और डॉ अनुज सरकारी और उनके गुर्गो के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिले के अधिवक्ताओं, छात्र नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अंशुमान सिंह, जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री राणा रविन्द्र सिंह और करणी सेना के जिलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि सिपाही पंकज कुमार गोरखपुर में डॉक्टर अनुज सरकारी के हास्पिटल पर अपनी पत्नी का उपचार कराने गए थे। उपचार में ज्यादा पैसा लिए जाने की शिकायत करने पर डॉ. अनुज सरकारी और उनके पालतू गुन्डों द्वारा सिपाही पंकज कुमार की बेरहमी से पिटाई की गई। बाद में डॉ. अनुज सरकारी की तहरीर पर सिपाही पंकज कुमार के खिलाफ तमाम गम्भीर धाराओं के तहत मुकदमा कायम कर उन्हें जेल भेज दिया गया। छात्र नेता अंशुमान सिंह ने कहा कि गोरखपुर पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच तक नहीं किया। सिपाही के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री राणा रविन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस को सबसे पहले निष्पक्ष विवेचना करनी चाहिए थी। डॉ. अनुज सरकारी मरीजों के शोषण के मामले में समूचे पूर्वांचल में बदनाम हैं। अवैध कमाई से उन्होंने करोड़ों का साम्राज्य खड़ा कर लिया है। उनके सम्पत्तियों की ईडी से जांच कराई जानी चाहिए। करणी सेना के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि आज हम सभी ने प्रतीकात्मक आंदोलन करके ज्ञापन सौंपा है। डॉ. अनुज सरकारी के खिलाफ कार्रवाई और सिपाही को न्याय नहीं मिला तो हम सभी आम जनता को साथ लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ने को मजबूर होंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, ईश्वर प्रसाद पाठक, छात्र नेता रजत सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल यादव बादल, नितिन सिंह, समीर सिंह, देवेश सिंह, अरविंद यादव, मोनू कन्नौजिया, शेखर राणा, रतन सिंह, उज्जवल सिंह, राज सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राकेश धर दूबे, महिपाल, अरविंद यादव, निशांत सिंह, करन चौरसिया समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# धनघटा के बकौली कला में बालू डंपिंग को लेकर हुआ विवाद

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

▸▸ न्याय नहीं मिला तो गोरखनाथ मंदिर में करुंगा आत्मदाह : विजय बहादुर सिंह



एसडीएम धनघटा को ज्ञापन सौंपते भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचारः** धनघटा थानाक्षेत्र के बकौली बाग में बालू डंपिंग का विवाद इस कदर तूल पकड़ने लगा है कि सोमवार को सभी लाइसेंस धारक नीतू पांडेय के खिलाफ धरने पर बैठ गए।

भाजपा नेता जोखई सिंह की मिलीभगत से लाइसेंस धारक नीतू पांडे पर अन्य साझेदारों का रुपया हड़पने का आरोप लगाते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने कहा कि साझेदार विजय बहादुर सिंह, हनुमान शरण उर्फ गोलू सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, धन्जय सिंह, राकेश मांझी, अनिमेष सिंह, जनक राज सिंह उर्फ ललकू सिंह समेत अन्य लोगों का लाखों रुपये हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। डीएम और एसपी को ज्ञापन देने के बाद सभी साझेदारों के साथ भाजपा नेता विजय बहादुर सिंह बकौली बाग में धरने पर बैठ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम धनघटा रमेश चंद्र और प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने भाजपा नेताओं को समझाने का हर सम्भव प्रयास किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर उन लोगों का रुपया वापस नहीं मिला तो वे सभी साझेदारों के साथ गोरखनाथ मंदिर पर आत्मदाह करेंगे।

# बहराइच हमला सोची समझी साजिश

संवाददाता, संतकबीरनगर

▸▸ प्रदेश को दंगों की आग में झोंकना चाहती कुछ ताकतें : आनंद पाठक



आनन्द शंकर पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ।

**अमृत विचारः** हिंदू समाज सदियों से सहिष्णु रहा है। किसी भी धर्म के जुलूस या पूजा पद्धति पर हिंदू समाज ने कभी कोई हमला नहीं किया। लेकिन इन दिनों हिंदू समाज की सहिष्णुता का नाजायज़ फायदा उठाकर हमारे धार्मिक जुलूस और हवन पूजन पर सुनियोजित तरीके से हमले हो रहे हैं। स्थितियां नहीं सुधरीं तो हिन्दू समाज जैसे को तैसा जवाब देने को पूरी तरह तैयार है। उक्त बातें बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर हुए हमले और एक युवक की निर्मम हत्या को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द शंकर पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा के साथ सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव रखता है। हमारी सहिष्णुता को कुछ अराजकतावादी ताकतें हमारी कमजोरी समझती हैं। पाठक ने कहा कि देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में इस प्रकार के हमले इस बात का सुबूत हैं कि यह महज संयोग नहीं बल्कि सुनियोजित प्रयोग है। उन्होंने आम नागरिकों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि कुछ ताकतें प्रदेश को दंगों की आग में झोंकना चाहती हैं। हमें उनकी दूषित मानसिकता और साजिशों को सफल नहीं होने देना है। पाठक ने कहा कि देश और प्रदेश आज दंगों और अराजकता के दौर से बाहर निकल कर तरक्की और खुशहाली के रास्ते पर अग्रसर है तो कुछ लोगों को बड़ी पीड़ा हो रही है। पाठक ने दिवंगत आत्मा के शांति की कामना करते हुए प्रदेश सरकार से पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग किया है।

**शिकंजा** — कथित बिच्छू गैंग का डंक तोड़ने और समय रहते सक्रियता के कारण पुलिस को मिल रही वाहवाही

# अपराधियों पर कहर बन कर टूट रही मेंहदावल पुलिस

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचारः** इस समय जिले की मेंहदावल पुलिस पूरे एक्शन मोड में चल रही है। अपराध होने के कुछ ही घंटों के अंदर मुकदमा दर्ज कर उसपर कार्यवाही हो रही है। मकसद है तो सिर्फ एक, मेंहदावल पुलिस की साख पर कोई बट्टा न लगे। यही वजह है कि पुलिस के द्वारा अपराधियों पर लगातार एक्शन हो रहा है। सक्रिय अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर और गुंडा एक्ट तक की कार्रवाई की जा रही है।

मेंहदावल थाने के प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह को थाने का चार्ज लिये अभी 3 महीने ही हुआ है, लेकिन उन्होंने अपराधियों के अपराध या तो बंद करवा दिए या तो अपराधियों को क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर कर दिया। उनके द्वारा लगातार थानाक्षेत्र में हल्का प्रभारियों और बीट प्रभारियों से रोजाना रिपोर्ट लेना, किस मामले में क्या कार्यवाही हुई, तमाम चीजें उन्हे हर ज़िम्मेदार से अलग बनाती हैं। *ऐसे*

> **अपराधियों पर कहर बनकर टूट रहे हैं प्रभारी निरीक्षक**
>
> **मेंहदावल, संतकबीरनगर।** प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह इन दिनों अपराधियों पर कहर बनकर टूट रहे हैं। उनका तत्काल एक्शन और लगातार सक्रियता अपराधियों को अपराध छोड़ने को मजबूर कर दिया है। कोई भी पीड़ित या फरियादी आ रहा है तो तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं। जिससे आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

***मामले जिस पर वे कार्यवाही कर सुर्खियों में आए---***

**केस 1 :** प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह के कार्यों की सबसे ज़्यादा सराहना तब की गई थी कि जब कथित बिच्छू गैंग के डंक तोड़ने का काम उन्होंने किया था। थाना प्रभारी रामकृपाल सिंह की सक्रियता और कई टीमें बनाकर लगातार 5 दिनों तक 24 घंटे ताबड़तोड़ छापेमारी की कार्रवाई करते हुए एक दर्जन लोगों के उपर कानूनी कार्रवाई किया। जिसमें अब बिच्छू गैंग का नाम और सक्रियता समाप्त हो चुकी है। जितने भी युवा इस कथित गैंग के बहकावे में आकर गलत कार्यों को अंजाम देने में जुटे थे वे अब अपराध का क्षेत्र छोड़कर रोजी रोटी की तालाश में परदेश चले गए हैं।

**केस 2 :** मेंहदावल में बीते सितंबर माह में कुछ शातिर किस्म के लोगों ने पाकिस्तानी मौलवियों का बैनर लगाया था। इसके बाद पुलिस की सक्रियता से समय रहते पुलिस ने बैनर को उतार कर कब्जे में ले लिया। त्यौहार खत्म होने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को जेल भेज दिया था। जिसमें पुलिस की खूब प्रशंसा हो रही है। लोगों ने कहा कि अगर पुलिस ने समय रहते इस बैनर को हटवाया नहीं होता तो निश्चित ही यहां पर बड़ा विवाद खड़ा हो सकता था।

> आपराधियों के मन में डर और आम नागरिकों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास का भाव होना चाहिए। कोई भी अपराधी अगर अपराध करता हुआ पाया गया या करने की कोशिश किया तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।
>
> –रामकृपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक

### प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**सांथा संतकबीरनगर, अमृत विचार :** बेलहर थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बूढ़ी बेलहर में ताला तोड़कर हजारों की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके घटना की छानबीन कर रही है। बेलहर पुलिस को सौंपी गई तहरीर में प्रधानाध्यापक राम सुरेश चौधरी ने लिखा है कि सोमवार की सुबह आठ बजे विद्यालय पर पहुंचे सभी बच्चों और रसोईयों द्वारा जानकारी दिया गया कि कई कमरों का ताला तोड़कर चोरी हुई है। हर कमरे को देखा गया तो कम्प्यूटर कक्ष, रसोईघर, एनपीआरसी भवन का ताला व कुंडी तोड़कर कमरे से सात बोरी गेहूं और चावल, इन्वर्टर मशीन और बैट्री गायब थी। अगल बगल देखा गया लेकिन कुछ नहीं मिला। उक्त घटना की तहरीर बेलहर थाने पर देकर कार्रवाई की मांग की गई। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेसियों ने पडरौना छावनी की घटना को लेकर सौंपे ज्ञापन



**संवाददाता कुशीनगर। अमृत विचार :** सोमवार को जनपद के अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के द्वारा बीते 7 अक्टूबर को पडरौना छावनी में हुए पथराव की घटना में निर्दोषों की रिहाई को लेकर जिलाधिकारी कुशीनगर को ज्ञापन दिया गया। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजीमुल्ला अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रत्याशी पडरौना विधानसभा मोहम्मद जहीरूद्दीन, जिला महासचिव स्वामीनाथ यादव, पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जाहिद कुरैशी, रमजान अली जिला सचिव, अशोक सिंह जिला महासचिव, राजू प्रसाद, रेहान खान, आमिर खान, आदि ने जिला मुख्यालय पहुंच जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को दिया है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पडरौना के छावनी में जा रहे मूर्ति जुलूस के दौरान विवाद में निर्दोष लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। महिलाओं को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है जिन्हे उस घटना से कोई लेना देना नहीं है। मामले में निष्पक्ष जांच हो व निर्दोष लोगों के खिलाफ कार्रवाई न की जाए।

### बभनान में रेलवे गेट टूटा, स्लाइडर बूम पर चली ट्रेनें

**संवाददाता, बस्ती, अमृत विचार :** गोरखपुर गोंडा रेल खंड के बभनान रेलवे स्टेशन का पश्चिम समपार फाटक बंद करते समय अचानक टूट गया। जिसके चलते इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन थोड़ी देर के लिए प्रभावित हुई। बाद में स्लाइडर बूम लगाकर ट्रेनों का संचालन किया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 7 : 30 बजे बभनान–परसा तिवारी रेलवे स्टेशन के बीच स्थित बभनान रेलवे स्टेशन का पश्चिम रेलवे फाटक बंद करते समय अचानक टूट गया। इस बीच गोरखपुर से चलकर लखनऊ तक जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस बभनान रेलवे स्टेशन पर आ गई। जिसे यहां लगभग 2 मिनट अतिरिक्त समय तक खड़ा करना पड़ा। बाद में स्लाइडर बूम लगाकर ट्रेनों का संचालन किया गया। मौके पर पहुंची रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने 10 :15 बजे रेलवे गेट को सही कर दिया। इस संबंध में आरपीएफ बभनान चौकी प्रभारी विश्वामित्र यादव ने बताया कि मौके पर आरपीएफ के जवान को भेज दिया गया था ,ताकि ट्रेन संचालन में किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाएं।

### चोरी के 70 हजार रुपए समेत दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार :** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सोमवार को चोरी के 70 हजार 150 रुपए समेत दो नाबालिग चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि बीते 13 अक्टूबर को खलीलाबाद के बजरिया पूर्वी मोहल्ला निवासी अली हसन पुत्र नेवास अली ने तहरीर सौंप कर बताया था कि उनके घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने घर में रखी नगदी चुरा लिया है। तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुअसं. 0779/2024 की धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत मुकदमा कायम कर मामले की जांच कराई जा रही थी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए दो बाल अपचारियों को मुखबिर की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग के मड़या चौराहे से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 70 हजार 150 रुपए की नगदी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि दोनों बाल अपचारियों को न्यायालय के लिए रवाना कर दिया गया है।

### हाईवे चौकी के सामने पथराव, मची भगदड़

**संवाददाता, कुशीनगर। अमृत विचार :** सोमवार को कसया में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी के दौरान दो गुटों के बीच चल रहे तनातनी को पुलिस समझ नहीं पाई हाईवे चौकी के सामने मूर्ति पंडाल के पास मारपीट हो गई। जिसमें युवकों ने पथराव किया और भगदड़ मच गई। मामले में पुलिस ने नौ नामजद और 20 अज्ञात व्यक्तियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। पुलिस का दावा है कि सबया और गोला बाजार के युवकों के बीच गुटबाजी चलती है। उसी को लेकर विवाद हुआ है। दुर्गा पूजा से कोई मतलब नहीं है। पथराव में गोला बाजार के कुछ युवकों को हल्की चोटें आई हैं। लोगों की माने तो इसके पहले भी दोनों गुटों में विवाद हो चुका है। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि आपसी गुटबाजी को लेकर विवाद हुआ है। सबया निवासी रणविजय सिंह की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### नेशनल बॉक्सिंग में आइस ने जीता रजत पदक



**संवाददाता, कुशीनगर। अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण नेशनल बॉक्सिंग अकैडमी रोहतक हरियाणा में 54 केजी भार वर्ग में कुशीनगर के हाटा निवासी आईस प्रजापति पुत्री संतोष प्रजापति ने एक बार फिर फाइनल में गोल्ड से चुक कर कर मणिपुर की खिलाड़ी गिरिब्या से 3–2 की डिसीजन से हार कर रजत पदक प्राप्त किया। इनके उपलब्धियों पर हाटा विधायक मोहन बर्मा, कोच राजेश कुमार गुप्ता,जिले व प्रदेश के खेल प्रतिनिधियों ने खुशी जताई है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 78,350 |
| सोना रवा | 78,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 93,600 |
| चांदी (999) | 93,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# खुदरा मुद्रास्फीति नौ माह के उच्चतम स्तर 5.49% पर

## खाद्य कीमतों में तेजी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में आया उछाल

- आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5.49% पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65% थी। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को 4% या हद से हद 2% ऊपर-नीचे की सीमा में बनाए रखना



चाहता है। सितंबर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 5.87 और 5.05% रही। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति दर में उछाल मौसम की स्थिति के कारण विशेष रूप से सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों के ऊंचा बने रहने के साथ साथ तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण भी है।

### आरबीआई की थी घोषणा

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 5.66 से बढ़कर 9.24% हो गई। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले सप्ताह नीतिगत रेपो दर को नौवीं बार 6.50% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जबकि कुछ तिमाहियों में दर में कटौती की चर्चा थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से बड़ा उछाल देखा जा सकता है। आरबीआई का कहना कि 2023-24 में प्याज, आलू और चना दाल (ग्राम) के उत्पादन में कमी का बाजार पर प्रभाव बना हुआ है।

# एसएमई : देश के आर्थिक विकास के लिए प्रेरक

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। ये उद्यम नवाचार, रोजगार सृजन और समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसएमई में निवेश से उच्च विकास की संभावनाएं, विविधता और अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलता है। इन निवेशों के साथ जोखिम भी होते हैं, जैसे आर्थिक अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा। सही शोध और रणनीति के साथ, नए निवेशक एसएमई में अवसरों का लाभ लेसकते हैं इस पर आइये गौर करें ...



- **सूक्ष्म उद्यम :** जिनमें 10 कर्मचारी और सालाना टर्नओवर निश्चित सीमा (जैसे 2 करोड़) होता है।
- **लघु उद्यम :** जिनमें 10 से 50 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर लगभग 10 करोड़ तक होता है।
- **मध्यम उद्यम :** जिनमें 50 से 250 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर 10 से 50 करोड़ के बीच होता है।

### कंपनियां

- विनिर्माण
- सेवा उद्योग
- कृषि
- खुदरा
- आईटी और टेक्नोलॉजी

### निवेश के लाभ

- **उच्च विकास की संभावना :** एसएमई अक्सर नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं और इसलिए उनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।
- **निवेश में विविधता :** छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश करने से आपका पोर्टफोलियो विविध हो सकता है।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन :** एसएमई स्थानीय समुदायों में रोजगार पैदा करते हैं और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

### जोखिम

- **आर्थिक अस्थिरता :** छोटे उद्यम अक्सर आर्थिक परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
- **सीमित संसाधन :** इसमें पूंजी, तकनीकी और मानव संसाधनों की कमी होती है।
- **प्रतिस्पर्धा :** बड़े कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो सकता है।

### कैसे करें निवेश

- **शोध करें :** एसएमई के व्यापार मॉडल, मार्केटिंग रणनीतियों और वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करें।
- **नेटवर्किंग :** स्थानीय व्यापार संघों, निवेश फोरम और प्रदर्शनी में भाग लें।
- **मूल्यांकन :** निवेश से पहले व्यवसाय योजना को अच्छी तरह से समझें।

## सोना फिर 78,700 के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपये बढ़कर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# सीमा पार धन प्रेषण की लागत व समय कम करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के गवर्नर ने की वकालत, आईओएम के रिपोर्ट अनुसार, भारत का धनप्रेषण 111 अरब डॉलर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धनप्रेषण अन्य सभी देशों से आगे बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया।

बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था से तलाशी जा सकती है। भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के विस्तार के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। इनमें प्रोजेक्ट नेक्सस भी शामिल है, जो चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत की घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियों (आईपीएस) को जोड़कर सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है।

# चीन के मुकाबले 5 वर्ष में भारतीय बाजार ने दिया अच्छा रिटर्न : सेबी

मुंबई, एजेंसी

- घरेलू शेयर बाजार ने लगातार 15% रिटर्न दिया, जबकि चीन में यह शून्य
- सेबी ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने सोमवार को निवेशकों से कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने पांच साल में लगातार 15% रिटर्न दिया है, जबकि चीन में यह शून्य है और कई मामलों में तो गिरावट रही है। नारायण ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताते हुए निवेशकों के लिए सावधानी के कुछ क्षेत्रों को भी चिह्नित किया और उन्हें जोखिमों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में चीन के बाजारों के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन पांच साल में भारतीय बाजार ने लगातार लगभग 15% सालाना का रिटर्न दिया है। वहीं चीन इसके आसपास भी नहीं हैं। वहां रिटर्न शून्य है। वास्तव में हांगकांग जैसे कुछ मामलों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। नारायण ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निवेशक जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के कार्यक्रम में कहा कि 2023-24 भारत के लिए उल्लेखनीय वर्ष था। इसमें सूचकांकों ने 28% का रिटर्न दिया है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### असम : चार करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में गुवाहाटी के उपनगरीय इलाके में सोमवार को ट्रक से चार करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई और इस सिलसिले में असम पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। नागालैंड से गुवाहाटी की ओर मादक पदार्थ ले जाने की सूचना पर पुलिस ने जोराबाट के निकट अभियान चलाया और ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने 537.2 ग्राम हेरोइन से भरे साबुन के 45 डिब्बे बरामद किए, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ से अधिक है।

### कोविड-19 रोधी टीकों के दुष्प्रभाव वाली याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीका लगाने से खून में थक्का बनने जैसे दुष्प्रभाव होने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के इरादे से दायर की गई है। इस पर कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करें। इसका क्या उपयोग है? कृपया यह भी समझें कि अगर आप टीका नहीं लेते हैं तो इसका क्या दुष्प्रभाव होगा।

### कोर्ट से केंद्र ने कहा- चारधाम परियोजना 75 प्रतिशत पूर्ण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि सामरिक रूप से अहम उत्तराखंड की चारधाम परियोजना के तहत आवंटित ठेके का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत चीन तक यातायात के लिए सड़क बनाई जा रही है। सामरिक रूप से अहम 900 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को साल पर चालू रहने वाली सड़कों से जोड़ना है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित निगरानी समिति ने उच्चतम न्यायालय को दो रिपोर्ट दाखिल की हैं।

### आबकारी मामला: अभिषेक की जमानत मंजूर की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने अंतरिम जमानत के पहले के आदेश को नियमित जमानत में तब्दील किया। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध नहीं किया।

# कांग्रेस चला रही भू हड़प आंदोलन

## राहुल खरगे के जमीन आवंटन अनुरोध को वापस लेने पर भाजपा ने घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे राहुल ने सिद्धारमैया की पत्नी के भूखंड लौटाने के बाद ये कदम उठाया
- भाजपा ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया

भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और पोल खुलने के बाद उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस पर ऐसे समय हमला किया जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने बहु-कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के लिए बेंगलुरु में पांच एकड़ जमीन आवंटन के अनुरोध को वापस ले लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल का यह कदम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही पर लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू आवंटन गलत था।

त्रिवेदी ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि उनकी मोहब्बत की दुकान अब अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान में कैसे तब्दील हो गई?

### भूमि हड़पने का कार्य कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर

त्रिवेदी ने खरगे और सिद्धारमैया के परिवार द्वारा जमीन लौटाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनकी स्वीकारोक्ति है। सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर हो रहा था। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि सिर्फ जमीन लौटाने से काम नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर जिन्होंने जमीन वापस की, क्या उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए? त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी और विनोबा भावे के भूदान से जुड़ी पार्टी अब सोनिया और राहुल गांधी की प्रेरणा से भू हड़प आंदोलन चला रही है। जमीन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और कमलनाथ तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार समेत अन्य के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

## उप्र के सीएम ने भी अपने मुकदमों को वापस लिया था : परमेश्वर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने 2022 में हुबली में हुए दंगे के आरोपियों पर से मुकदमे वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुद पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया था। उत्तरी कर्नाटक के हुबली में 16 अप्रैल 2022 को दंगे के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी की आरोपी भीड़ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ भाजपा फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रही है। इस बारे में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने यह टिप्पणी की।



सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर को अंजुमन-ए-इस्लाम द्वारा दी गई अर्जी के बाद मंत्रिमंडल ने 43 मामलों को वापस लिया, जिनमें हुबली का मामला भी है। परमेश्वर ने कहा कि मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अदालत को जानकारी दी गई है। अगर अदालत इसे स्वीकार कर लेती है तो मामले वापस हो जाएंगे। हम सतर्कता से प्रक्रिया का पालन करेंगे। हम मामले केवल इसलिए वापस नहीं लेंगे क्योंकि किसी ने ऐसा करने के लिये कहा है।

# मेक इन इंडिया अब बनकर रह गया फेक इन इंडिया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार का किया घेराव, बोली- इसके उद्देश्य साबित हुए जुमले

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया की शुरुआत के समय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसके जो उद्देश्य बताए थे वे जुमले साबित हुए हैं और मेक इन इंडिया अब फेक इन इंडिया बन गया है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दशक में हमारे देश का आर्थिक नीति निर्माण स्थिर, पूर्वानुमान एवं समझदारी से भरा नहीं रहा है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेक इन इंडिया की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री ने चार उद्देश्य तय किए गए थे। उनकी स्थिति क्या है, इसे लेकर पड़ताल- पहला जुमलाः भारतीय उद्योग की विकास दर बढ़ाकर 12-14% प्रति वर्ष करना। हकीकत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर औसतन 5.2% है। दूसरा जुमला : 2022 तक औद्योगिक क्षेत्र में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करना। हकीकत : श्रमिकों की संख्या 2017 में 5.13 करोड़ थी, जो गिरकर 3.56 करोड़ हो गई। तीसरा ्र : 2022 तक और 2025 तक निर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को जीडीपी के 25% ले जाएंगे। हकीकत में विनिर्माण का हिस्सा 2011-12 में 18.1 प्रतिशत था। यह गिरकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

# आईएएस और मंत्री से जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी ने मारा छापा

रांची, एजेंसी

### जल जीवन मिशन घोटाला

- योजना में अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले में रांची में कई स्थानों पर हुई कार्रवाई

ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले की जांच में सोमवार को रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि रांची में 20 से अधिक जगहों पर तलाशी ली जा रही है तथा चाईबासा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी कुछ स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने कहा कि ईडी पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्टाफ में शामिल आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, उनके भाई, कुछ सरकारी अधिकारियों, ठेकेदारों और व्यापारियों के परिसरों की भी तलाशी ली। रंजन भूमि, सड़क और भवन विभाग के सचिव हैं तथा ईडी उनसे पहले भी धनशोधन के अलग मामले में पूछताछ कर चुका है, जिसमें उसने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा चुनाव आने से ये जारी रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी भाजपा के सक्रिय सदस्य झारखंड का दौरा कर रहे हैं।

# अनशन जारी, दो और डॉक्टरों की हालत बिगड़ी

### आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को 10वें दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच दो और चिकित्सकों की तबीयत बिगड़ गयी और उनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुलस्थ आचार्य को पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि पुलस्थ



मांगों को लेकर रैली निकालते डॉक्टरों के साथ लोग।

क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती हैं। हमने इलाज के लिए चिकित्सा बोर्ड का गठन किया है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की एक और चिकित्सक तान्या पंजा की भी दोपहर को तबीयत बिगड़ गयी है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। वहीं प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने सोमवार को धर्मतला के पास डोरिना चौराहे से यह मार्च निकाला जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए।

## वक्फ पर संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक का सोमवार को बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि समिति नियम-कानून के अनुसार काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई और इमरान मसूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के मोहिबुल्लाह और आप के संजय सिंह जैसे विपक्षी सांसद बैठक से बाहर निकल गए और इसकी कार्यवाही को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। सावंत ने कहा कि विधेयक पर गौर कर रही संयुक्त समिति नियमों के मुताबिक काम नहीं कर रही है। अन्य सांसदों ने आरोप लगाया कि समिति के समक्ष उपस्थित व्यक्ति को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ सदस्यों पर आरोप लगाने की अनुमति दी गई।

## मोदी पर टिप्पणी : थरूर पर मानहानि की कार्यवाही को लेकर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक सोमवार को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। यह मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के विरुद्ध दायर मानहानि याचिका से जुड़ा है।



न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को थरूर की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। पीठ ने निर्देश दिया कि मानहानि की कार्यवाही पर रोक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

# बीएनएस में आईपीसी की धारा 377 के समान प्रावधान बाहर करने के खिलाफ याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में, वह निर्देश नहीं दे सकता

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का स्थान लिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में आता है और वह इस मामले में कोई निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता को सरकार से संपर्क की अनुमति देते हुए कहा कि हम संसद को कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। आईपीसी की धारा 377 के तहत दो वयस्कों के बीच गैर-सहमति से अप्राकृतिक यौन संबंध, नाबालिगों के साथ यौन क्रियाएं और पशुगमन को दंडित किया जाता है।

## तेलंगाना के मंदिर में मूर्ति को तोड़ने से तनाव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद जिले के मोंडा मार्केट में मुथ्यालम्मा मंदिर में शरारती तत्वों के मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने के बाद जिले में तनाव व्याप्त है। घटना की जानकारी के बाद लोग ने गुस्सा और रोष व्यक्त किया। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बल तैनात किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए मंदिर का दौरा किया। किशन रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों से घटना का ब्योरा भी मांगा।

# मुंबई में प्रवेश करने वाले हल्के मोटर वाहनों पर नहीं लगेगा टोल शुल्क

मुंबई, एजेंसी

- महाराष्ट्र सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में प्रवेश के लिए सभी पांच टोल बूथ पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने की सोमवार को घोषणा की और यह फैसला आज मध्यरात्रि से लागू हो जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल के मुंबई में सोमवार सुबह हुई बैठक में टोल शुल्क समाप्त करने की अनुमति देने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि टोल बूथ पर यातायात जाम से टोल शुल्क समाप्त करने की मांग थी। एक अधिकारी ने बताया कि यह कदम आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले लिया गया है। टोल शुल्क समाप्त करने से दिवाली से पहले मुंबई आने और जाने वालों को राहत मिलेगा।यात्री पांच बूथ दहीसर, एलबीएस रोड-मुलुंड, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे-मुलुंड, एरोली क्रीक ब्रिज और वाशी पर टोल दिए बिना यात्रा कर सकेंगे।

# स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब बूस्टर 96 किमी. ऊपर जाकर लौटा



**टैक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब रहा। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96 किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया, जिसे मैकेजिला ने पकड़ा। मैकेजिला दो मेटल आर्म हैं जो चॉपस्टिक्स की तरह दिखाई देती हैं। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप ने जब पृथ्वी के वातावरण में एंट्री की तब उसकी रफ्तार 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी और तापमान 1,430 सेल्सियस डिग्री तक पहुंच गया था। स्टारशिप को 13 अक्टूबर को शाम 05:55 बजे टैक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली स्टारशिप कहा जाता है। स्टारशिप में 6 रैप्टर इंजन लगे हैं, जबकि सुपर हैवी में 33 रैप्टर इंजन हैं।

1 घंटे 5 मिनट 34 सेकेंड का मिशन

12:00:02 लिफ्टऑफ

01:05:34 लैंडिंग

### सफल रहा था चौथा टेस्ट

स्टारशिप का चौथा टेस्ट 6 जून 2024 को हुआ था, जो सफल रहा था। 1.05 घंटे के इस मिशन को बोका चिका से शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया था। इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाया गया, फिर पृथ्वी पर वापस लाकर पानी पर लैंड कराया गया। टेस्ट का मेन गोल यह देखना था कि स्टारशिप पृथ्वी के वातावरण में एंट्री के दौरान सर्वाइव कर पाता है या नहीं। टेस्ट के बाद कंपनी के मालिक इलॉन मस्क ने कहा था कई टाइलों के नुकसान और एक डैमेज्ड फ्लैप के बावजूद स्टारशिप ने समुद्र में सॉफ्ट लैंडिंग की।

# आज अमेरिका की यात्रा पर जाएगी भारतीय जांच समिति

वाशिंगटन, एजेंसी

- पन्नू मामले पर गहराई से जांच करेगी भारतीय जांच समिति जुटाएंगे और जानकारी

अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को कहा कि एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए गठित भारतीय जांच समिति मंगलवार को यहां आएगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है जांच समिति अपनी तफ्तीश के तहत मामले पर बातचीत के लिए 15 अक्टूबर को वाशिंगटन की यात्रा करेगी। इस दौरान, प्राप्त सूचनाओं पर बातचीत की जाएगी और यहां के अधिकारियों से ताजा जानकारी प्राप्त की जाएगी।

भारत ने कुछ संगठित अपराधियों की गतिविधियों की जांच करने के लिए समिति की स्थापना की थी और यह उस व्यक्ति की सक्रियता से जांच कर रही है, जिसकी पहचान पिछले साल न्याय विभाग के अभियोग में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के रूप में की गई थी, जिस पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रचने का निर्देश देने का आरोप था। विदेश विभाग ने कहा इसके अतिरिक्त, भारत ने अमेरिका को सूचित किया है कि वे पूर्व सरकारी कर्मचारी के अन्य संबंधों की जांच के लिए अपने प्रयास जारी रख रहे हैं और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

# इसरो अध्यक्ष को वर्ल्ड स्पेस अवार्ड



चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए आईएएफ विश्व अंतरिक्ष ने इसरो प्रमुख एस.सोमनाथ को मिला सम्मान।

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि उसके अध्यक्ष एस सोमनाथ को चंद्रयान-तीन की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंटरनेशन एरोनॉटिकल फेडरेशन (आईएएफ) के प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्पेस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसरो का मुख्यालय यहां बेंगलुरु में है।

इसरो ने एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा यह सम्मान अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के योगदान को रेखांकित करता है। आईएएफ के अनुसार, इसरो का चंद्रयान-तीन मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है जो उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण से मानवता को मिलने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है। आईएएफ ने एक बयान में कहा चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अज्ञात पहलुओं को तेजी से सामने लाते हुए यह मिशन नवाचार के प्रति वैश्विक प्रमाण का प्रतीक है।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आतंकियों से झड़प, तीन पुलिसकर्मी मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने वाले आतंकवादियों के साथ भीषण झड़प में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में पुलिस लाइन पर हमला किया जिसके कारण भीषण झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि झड़प में तीन पुलिसकर्मीयों की मौत हो गयी और तीन आतंकवादी मारे गए। हमलावरों ने पुलिस मुख्यालय में घुसने का प्रयास किया।

### चीन ने ताइवान के आसपास किया सैन्य अभ्यास

**ताइपे।** चीन ने सोमवार को ताइवान और उसके बाहरी द्वीपों के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया, जिसमें युद्धक विमानों के साथ एक विमानवाहक पोत भी तैनात किया गया। उसका यह कदम ताइवान जलडमरूमध्य में तनावपूर्ण स्थिति को दर्शाता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीजिंग की उन मांगों को मानने से इनकार करने की प्रतिक्रिया है कि ताइवान खुद को कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करे।

### अफगानिस्तान में पेट्रोल पंप पर धमाका, 17 घायल

**महमूद-ए-राकी।** पूर्वी अफगानिस्तान के कपिसा प्रांत में सोमवार को पेट्रोल पंप पर गैस सिलेंडर फटने से 17 लोग घायल हो गये। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल फतह फैज ने यह जानकारी दी। फैज ने बताया कि दुर्घटना तगाब जिले में स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 08:20 बजे हुई। हादसे में 17 लोग घायल हुये हैं। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

### श्रीलंका में बाढ़ से 1,34 लाख लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश से कई हिस्सों में बाढ़ आ गई, तथा सोमवार को कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार, सप्ताहांत में हुई भारी बारिश ने देश के कई हिस्सों में तबाही मचा दी है और यहां घर, खेत तथा सड़कें जलमग्न हो गई हैं। बाढ़ में तीन लोग डूब गए हैं, जबकि एक लाख 34 हजार लोग इससे प्रभावित हुए हैं।

# इजराइली हमलों से दहला मध्य पूर्व

## हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार इजराइली सैनिक मारे गए, गाजा में 20 लोगों की मौत

दीर अल-बला, एजेंसी

- मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हुआ हमला, सात अन्य गंभीर रूप से घायल
- इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा- हमले में घायल हुए 61 लोग

मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार सैनिक मारे गए और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना ने बताया कि दो सप्ताह पहले इजराइल द्वारा लेबनान पर शुरू किए जमीनी हमलों के बाद से यह आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे घातक हमला है।

लेबनान के हिजबुल्ला ने बिनयामीना शहर के पास हुए हमले को बेरूत पर गुरुवार को किए इजराइली हमलों का बदला बताया, जिसमें 22 लोग मारे गए थे। बाद में उसने कहा कि उसने इजराइल की गोलानी ब्रिगेड को निशाना बनाया और ड्रोन हमलों के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणालियों पर दर्जनों मिसाइलें दागीं। इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा कि हमले में 61 लोग घायल हुए हैं।

गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्ला और इजराइल के बीच लगभग हर दिन लड़ाई होती रही है। दो स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार रात गाजा में हुए इजराइली हवाई हमलों में एक स्कूल के बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गए। युद्ध के कारण विस्थापित कई फलस्तीनियों ने नुसरत के उस स्कूल में शरण ले रखी थी। इस बीच, सोमवार को अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के बाहर दीर अल-बला में विस्फोट हुआ। अस्पताल ने बताया कि विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। तंबुओं में आग लग गई और मध्य गाजा समुदाय के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।


गाजा पट्टी के दीर अल बलाह में अल अक्सा शहीद अस्पताल के प्रांगण में एक तम्बू क्षेत्र पर इजरायली हमले के बाद नुकसान को देखते फिलिस्तीनी। ● एजेंसी

### आईएसए प्रमुख ने युद्धविराम और गाजा पर बातचीत के लिए किया मिस्र का दौरा

**गाजा।** इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के प्रमुख रोनेन बार ने काहिरा का दौरा किया जहां उन्होंने मिस्र की खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ युद्धविराम पर बातचीत फिर से शुरू करने और गाजा पट्टी से बंधकों की रिहाई के तरीकों पर चर्चा की। वाल्ला पोर्टल ने एक स्रोत का हवाले से यह रिपोर्ट दी। दोनों देशों के खुफिया प्रमुखों ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेता याह्या सिनवार के साथ संपर्क फिर से शुरू करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

### उत्तर लेबनान में हवाई हमला, 18 की मौत

**दीर अल-बला।** लेबनान के रेड क्रॉस ने कहा है कि उत्तर लेबनान में हुए एक इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। यह हमला सोमवार को ऐतो गांव में एक छोटे से अपार्टमेंट पर किया गया, और यह इस महीने की शुरुआत में इजराइल द्वारा लेबनान पर आक्रमण शुरू करने के बाद से उत्तरी क्षेत्र में किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक था। हिजबुल्ला समूह की मौजूदगी मुख्य रूप से लेबनान के दक्षिण में और दक्षिणी उपनगर बेरूत में है।

### ब्रिटेन ने ईरानी सैन्य अधिकारियों और अंतरिक्ष एजेंसी पर लगाए प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन ने पश्चिमी एशिया को अस्थिर करने के प्रयासों में कथित संलिप्तता के लिए ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और संगठनों पर सोमवार को नये प्रतिबंधों की घोषणा की। फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) ने बताया कि एक अक्टूबर को इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले के जवाब में ये नए प्रतिबंध लगाए गये हैं और इन प्रतिबंधों के जरिये उन वरिष्ठ शख्सियतों को निशाना बनाया गया है, जिन्होंने इस्लामिक रिब्लबिक ऑफ ईरान आर्मी, ईरान एअर फोर्स और आईआरजीसी इंटेलिजेंस ऑर्गोनाइजेशन में होते हुए ये सब किया। फरजानेगन प्रोप्लशन सिस्टम डिजाइन ब्यूरो (एफपीएसडीबी) पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

### यूरोपीय संघ ने लेबनान में शांति सैनिकों पर हमलों की निंदा की

**बेरुत।** यूरोपीय संघ ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों पर हमले की निंदा करते हुए इजराइल के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि संयुक्त राष्ट्र वहां हिज्बुल्ला के खिलाफ उसके सैन्य अभियान को रोकने के लिए है। इजराइल के हिज्बुल्ला चरमपंथी समूह के खिलाफ जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद शांति सैनिक के स्थानों पर हुए हमलों संयुक्त राष्ट्र के पांच सैनिक घायल हुए हैं। इसका जिम्मेदार इजराइली बलों को ठहराया जा रहा है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने कहा कि शांति सैनिकों का काम बहुत अहम है और संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों पर हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। करीब साल भर हुई छोटी-छोटी झड़पों के बाद इजराइल ने हिज्बुल्ला के खिलाफ अपना अभियान तेज़ कर दिया है जबकि वह गाजा में हमास के खिलाफ भी जंग कर रहा है।

# ब्रिटेन में भारतीय पेशेवरों की संख्या सबसे अधिक : रिपोर्ट

लंदन, एजेंसी

- सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अर्थहीन

ब्रिटेन में पेशेवर कामगारों की सर्वाधिक संख्या वाला जातीय समूह भारतीय है और सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से सभी जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अब देश में अर्थहीन हो गया है। एक नए थिंक-टैंक के विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला गया।

पॉलिसी एक्सचेंज द्वारा प्रकाशित आधुनिक ब्रिटेन का एक रूपचित्र जातीयता और धर्म देश में विभिन्न जातीय समूहों की जनसांख्यिकीय, शैक्षिक, स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति की गहन पड़ताल को दर्शाता है। रिपोर्ट में सरकार के नेतृत्व वाली एक नई राष्ट्रीय एकीकरण रणनीति का आह्वान किया गया है, जिसमें ब्रिटेन में बच्चों को समावेशी तरीके से अपनी राष्ट्रीय विरासत पर गर्व करना सिखाया जाए जो देश के इतिहास और परंपराओं को प्रतिबिंबित करें। रिपोर्ट में कहा गया है, पेशेवर श्रमिकों की उच्चतम संख्या वाला जातीय समूह भारतीय था। ब्रिटिश भारतीयों के पास घर के स्वामित्व की दर भी सबसे अधिक है, जिनमें से 71 प्रतिशत ऐसी संपत्ति में रहते थे जिन पर उनका या तो सीधा स्वामित्व था या बंधक/ऋण या साझा स्वामित्व के तहत स्वामित्व था। इसमें कहा गया है वाक्यांश जातीय अल्पसंख्यक में निहित विविधता अब व्यापक है- प्रत्येक अल्पसंख्यक समूह के भीतर और विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों के बीच। सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एक अखंड समूह के रूप में मानना अब अर्थहीन हो गया है। दक्षिण एशियाई जैसी श्रेणियां न केवल ब्रिटेन के भारतीयों, पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों के बीच उल्लेखनीय आर्थिक और सामाजिक असमानताओं को छिपाने का काम करती हैं।

### प्रत्येक समूह से लिए गए 200 नमूने

रिपोर्ट में 2021 की ब्रिटिश जनगणना के आंकड़े और सभी जातीयता के 2,000 लोगों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि नमूने के अलावा, 1,400 जातीय अल्पसंख्यक उत्तरदाताओं के बूस्टर नमूनों का उपयोग किया गया था। अश्वेत अफ्रीकी, अश्वेत कैरेबियन, भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, चीनी और मिश्रित नस्ल वाले जातीय समूहों से प्रत्येक समूह से 200 नमूने लिये गये थे। विश्लेषण के प्रमुख निष्कर्षों में यह भी शामिल है कि लगभग चार में से तीन लोग (सर्वेक्षण में शामिल 72 प्रतिशत लोग) मानते हैं कि बच्चों को ब्रिटिश इतिहास पर गर्व करना सिखाया जाना चाहिए।

# नाटो ने शुरू किया उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास

ब्रुसेल्स, एजेंसी

- 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान लेंगे भाग

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सोमवार को उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास स्टीडफास्ट नून शुरू कर रहा है, जिसमें 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान भाग लेंगे। नाटो महासचिव मार्क रट ने कहा कि अभ्यास मुख्य रूप से ब्रिटेन, उत्तरी सागर, साथ ही बेल्जियम और नीदरलैंड में होंगे।

उन्होंने कहा कि इन अभ्यासों से विरोधियों को पता चल जाएगा कि नाटो किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार है। नाटो ने पहले कहा था कि अभ्यास की योजना एक साल से अधिक समय पहले तैयार की गयी थी और अभ्यास में किसी भी लड़ाकू हथियार का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। युद्धाभ्यास दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें आठ एयरबेस शामिल होंगे। विशेष रूप से परमाणु हथियार, बमवर्षक, एस्कॉर्ट फाइटर और ईंधन भरने वाले विमान ले जाने में सक्षम विभिन्न विमान, साथ ही टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान अभ्यास में भाग लेंगे। नाटो प्रेस सेवा ने कहा कि गठबंधन लगातार परमाणु निरोधक बलों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है। विशेष रूप से, 2024 में, नए डच लड़ाकू विमानों एफ35ए को परमाणु निरोधक मिशनों में उपयोग के लिए उपयुक्त माना गया।

# ट्रंप के रैली स्थल के पास एक हथियारबंद गिरफ्तार

- 13 आरोपी के पास से गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट हुए बरामद

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के साउदर्न कैलिफोर्निया में डोनाल्ड ट्रंप की रैली स्थल के निकट जांच चौकी पर नेवादा निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके वाहन से हथियार एवं गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट बरामद किए गए।

रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियांको ने बताया कि लास वेगास निवासी 49 वर्षीय संदिग्ध गैर पंजीकृत एसयूवी को चला रहा था, जिस पर अमान्य लाइसेंस प्लेट लगी थी। लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित कोचेला में रैली के लिए तैनात अधिकारियों ने उसे रोका था। बियांको ने कहा कि वाहन चालक ने दावा किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया क्योंकि उसके पास कोई वैध प्रमाणपत्र नहीं थे। पुलिस ने देखा कि वाहन का अंदरूनी हिस्सा अस्त-व्यस्त था और तलाशी में हथियार एवं गोला-बारूद के साथ विभिन्न नामों वाले कई पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस मिले।

# आज पाकिस्तान जाएंगे जयशंकर

लाहौर (पाकिस्तान), एजेंसी

- दोनों देशों के समकक्ष नेताओं के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से किया इनकार
- एससीओ की बैठक में होंगे शामिल, पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान जाएंगे। कई वर्षों से दोनों देशों में तनाव के बीच भारत की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्री पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित स्वागत भोज में भी शामिल होंगे।

दोनों पक्षों ने एससीओ शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से इनकार किया है। नौ साल बाद यह पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा करेंगे, जबकि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में अब भी बर्फ जमी हुई है। ऐसी सूचना है कि जयशंकर पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे। पाकिस्तान एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है जो 15 और 16 अक्टूबर को होगी।

### पाकिस्तान मेजबानी को तैयार, सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान एससीओ की बैठक की मेजबानी के लिए तैयार है और इसी के मद्देनजर सोमवार को इस्लामाबाद में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस विशाल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विदेशी गणमान्य अतिथि पाकिस्तान पहुंचने लगे हैं। समूचे देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा प्रदर्शन जारी रखने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका की पृष्ठभूमि में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

# अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है नेशनल म्यूजियम : राष्ट्रपति मुर्मू

- राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरियाई राष्ट्रपति तब्बौन से की वार्ता सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

अल्जीयर्स (अल्जीरिया), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत रविवार को यहां पहुंचीं, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली अल्जीरिया यात्रा है।

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया भारत-अल्जीरिया के संबंधों को गति प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा गया दोनों नेताओं ने भारत-अल्जीरिया संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने पर राजी हुए। अल्जीरिया में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार 2022-23 के दौरान भारत से अल्जीरिया को निर्यात 61.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर था जो 2023-24 में बढ़कर 84.816 करोड़ डॉलर हो गया। 2022-23 के दौरान भारत का आयात 1.5 अरब डॉलर था और 2023-24 के दौरान 88.554 करोड़ डॉलर हो गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने आज दिन में यहां मकम एचाहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और आजादी की लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने मोउदजाहिद में नेशनल म्यूजियम का भी दौरा किया जो आजादी के लिए अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है।


मोउदजाहिद के राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करतीं राष्ट्रपति मुर्मू। ● एजेंसी

# रक्षा संबंधों को मजबूत करने को जापान की यात्रा पर सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जापान और भारत के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्वी एशियाई देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। सेना प्रमुख 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा के दौरान हिरोशिमा भी जाएंगे, जहां वह हिरोशिमा पीस पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

वह पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग की मजबूत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और इसके बाद तोक्यो में भारतीय दूतावास में दोनों देशों के बीच संबंधों पर एक चर्चा में भाग लेंगे। वह मंगलवार को इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से भी बातचीत करेंगे।

**खगोल विज्ञान** 150 वर्ष से छाया तूफान दोलन की तरह हिलता डुलता है

# स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान

अमृत विचार, नैनीताल

बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट (चक्रवाती तूफान) स्थिर नही है, बल्कि दोलन की तरह हिलता डुलता है। यह तूफान 150 वर्ष से निरंतर बना हुआ है। पहली बार इस तूफान के स्वभाव का पता चला है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए यह रहस्य उजागर हुआ है।

बृहस्पति यानी गुरु हमारे सौरपरिवार का सबसे बड़ा ग्रह है, जो ग्रहों को नियंत्रित कर सौरमंडल के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बृहस्पति पर एक भयानक चक्रवाती तूफान 150 वर्षों से छाया हुआ है। इस तूफान का आकार इतना बड़ा है कि वह पृथ्वी को निगल सकता है। इस ग्रह का विशाल आकर व इसके दर्जनों उपग्रह हमेशा से खगोलविदों की जिज्ञासा का केंद्र रहे हैं। जिस कारण समय समय पर इस ग्रह की जांच परख होते रही है। मगर अब जो खुलासा हुआ है, वह आश्चर्यजनक है। ग्रेट रेड स्पॉट के नाम से पहचान रखने वाले तूफान की हबल दूरबीन ने पहली बार नजदीकी से ऐसी तस्वीरें ली हैं, जो बताती हैं कि यह तूफान पृथ्वी के तूफानों की तरह नही है, बल्कि हिलने डुलने वाला दोलन की तरह चलने वाला तूफान है। यह पहली बार है जब वैज्ञानिकों ने इस चक्रवात को दोलन करते हुए देखा है।

इसकी जेट जैसी धाराएँ इसे अपनी जगह पर बनाए रखती हैं लेकिन तूफ़ान एक तनाव गेंद की तरह दब जाता है। नासा ने 9 अक्टूबर को इसकी हकीकत उजागर की है। खगोलविदों ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक 90 दिनों तक लगातार इसका अध्ययन किया। समय के अंतराल में हबल ने इसकी तस्वीरें कैमरे में कैद की। तस्वीरों के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रेट रेड स्पॉट अनोखा जटिल तूफान है। पीयर-रिव्यूड द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में यह खोज प्रकाशित प्रकाशित हुई है।


हबल द्वारा बृहस्पति ग्रह की विभिन्न स्थितियों में ली गई तस्वीर।

### वातावरण की जानकारी जुटाता है हबल

**नैनीताल :** नासा के आउटर प्लैनेट एटमॉस्फियर लिगेसी प्रोग्राम (ओपीएएल) हबल के जरिए हर वर्ष सौरमंडल के ग्रहों के वातावरण की जानकारी जुटाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। बृहस्पति के तूफान की अंदरूनी स्थिति का पता लगाने के लिए हबल को लंबे समय तक लगाया गया। ग्रहों के वातावरण को समझना बेहद जरूरी है। जिसे दुनिया की स्पेस एजेंसिया महत्वपूर्ण मानती हैं और समय समय पर अनुसन्धान करते रहती है।